जोधपुर, शनिवार, 13 सितम्बर, 2025 :: मूल्य 2 रु. :: पृष्ठ संख्या 8 :: आर.एन.आई.नं. RAJHIN/2004/14675 :: वर्ष 21 :: अंक 350

# हुकमनामा समाचार

जोधपुर, जयपुर एवं अजमेर से प्रकाशित राज्य स्तरीय दैनिक

# नेपाल की पहली महिला पीएम बनीं सुशीला कार्की



**काठमांडू।** सुशीला कार्की नेपाल की पहली महिला अंतरिम पीएम बन गई हैं। उन्हें राष्ट्रपति रामचंद्र पौडेल ने शुक्रवार रात राष्ट्रपति भवन शीतल निवास में शपथ दिलाई। फिलहाल किसी और को मंत्री नहीं बनाया गया है।

राष्ट्रपति ने ऐलान किया है कि अगले छह महीनों के भीतर संसद का नया चुनाव कराया जाएगा। वहीं, Gen-Z नेताओं ने इस सरकार में शामिल होने से इनकार कर दिया। उनका कहना है कि वे सरकार में शामिल नहीं होंगे, लेकिन सरकार के कामकाज की निगरानी करेंगे। सुशीला कार्की नेपाल की पहली महिला चीफ जस्टिस भी रह चुकीं हैं। उन्होंने बनारस हिंदू यूनिवर्सिटी से पॉलिटिकल साइंस में पोस्ट ग्रेजुएशन किया है। नए संविधान के लागू होने के बाद सभी सरकारें अनुच्छेद 76 के तहत बनाई जाती थीं। लेकिन सुशीला कार्की को अनुच्छेद 61 के अनुसार प्रधानमंत्री नियुक्त किया गया। अनुच्छेद 61 में सीधे प्रधानमंत्री के पद या शक्तियों का कोई जिक्र नहीं है। इसमें मुख्य रूप से राष्ट्रपति का काम और जिम्मेदारियां बताई गई हैं। राष्ट्रपति अनुच्छेद 61 के मुताबिक संविधान की रक्षा का काम करते हैं। इसलिए, राष्ट्रपति ने उसी अनुच्छेद के अनुसार पीएम की नियुक्ति की है।

**नेपाल में भारतीय राजदूत ने सुशीला कार्की को बधाई दी** नेपाल में भारतीय राजदूत नवीन श्रीवास्तव ने शपथ ग्रहण समारोह में सुशीला कार्की से मुलाकात कर उन्हें बधाई दी।

**शपथ ग्रहण में उपराष्ट्रपति और चीफ जस्टिस भी मौजूद थे** लंबी रस्साकशी के बाद राष्टपति राम चंद्र पौडेल ने पूर्व मुख्य न्यायाधीश सुशीला कार्की को अंतरिम प्रधानमंत्री नियुक्त किया है। शपथ ग्रहण समारोह में उपराष्ट्रपति राम सहाय प्रसाद यादव, चीफ जस्टिस, नेपाल सरकार के कई बड़े अधिकारी और डिप्लोमैट मौजूद थे।

## राष्ट्रपति का ऐलान- 6 महीने में होंगे चुनाव



## नेपाल में कोई जज दूसरी बार पीएम बना

सुशीला कार्की पहली ऐसी शख्स नहीं हैं जो न्यायधीश बनने के बाद अंतरिम पीएम बनी हैं। पहली बार ऐसा 2013 को हुआ था, जब मुख्य न्यायाधीश खिलराज रेग्मी के नेतृत्व में चुनावी सरकार बनाई गई थी। पहली संविधान सभा के विघटन के बाद देश में राजनीतिक गतिरोध (रुकावट) पैदा हो गया था। इसे हल करने के लिए सभी राजनीतिक दलों ने समझौता किया और रेग्मी को सरकार बनाने का जिम्मा दिया। उनकी सरकार ने चुनाव कराए और इसके बाद दूसरी संविधान सभा का गठन हुआ।

## संक्षिप्त खबरें

### मणिपुर में लंबे समय से हिंसा हो रही,अच्छी बात है अब मोदी जा रहे-राहुल

**जूनागढ़।** कांग्रेस सांसद और लोकसभा में विपक्ष के नेता राहुल गांधी ने पीएम नरेंद्र मोदी की मणिपुर यात्रा पर सवाल उठाया। उन्होंने शुक्रवार को कहा कि मणिपुर में लंबे समय से हिंसा हो रही है। अच्छा है कि प्रधानमंत्री वहां जा रहे हैं। गुजरात के जूनागढ़ में मीडिया से बात करते हुए राहुल ने कहा कि मणिपुर का मुद्दा लंबे समय से चल रहा है। लेकिन अब देश का बड़ा मुद्दा वोट चोरी है। हरियाणा और महाराष्ट्र में जनादेश छीना गया। लोग अब हर जगह पीएम को 'वोट चोर' कहने लगे हैं। कांग्रेस नेता ने आरोप लगाया कि चुनावों में धांधली कर सरकारें बनाई जा रही हैं और जनता का विश्वास टूट रहा है। दरअसल, मई 2023 से शुरू हुई मणिपुर हिंसा के बाद से प्रधानमंत्री शनिवार को पहली बार वहां जा रहे हैं। मोदी यहां करीब 7300 करोड़ रुपए की योजनाओं का शिलान्यास और 1200 करोड़ रुपए की परियोजनाओं का उद्घाटन करेंगे। राहुल गांधी ने शुक्रवार को जूनागढ़ में संगठन सृजन के तहत जिला अध्यक्षों के प्रशिक्षण शिविर को संबोधित किया। इस दौरान उन्होंने जिला अध्यक्षों के साथ संवाद कर, संगठन से जुड़े मुद्दों पर चर्चा की।

### कांग्रेस का एआई-वीडियो, दिखाया-पीएम के सपने में उनकी मां आईं

**पटना।** बिहार में वोटर अधिकार यात्रा के दौरान पीएम नरेंद्र मोदी को मां की गाली देने पर मचे बवाल के बाद बिहार कांग्रेस ने अपने एक्स हैंडल पर एक एआई जनरेटेड वीडियो पोस्ट किया है। इस वीडियो के बाद बिहार में सियासी पारा चढ़ गया है। 36 सेकेंड के एआई जनरेटेड वीडियो में पीएम मोदी से मिलते शख्स और उनकी दिवंगत मां हीराबेन से मिलती जुलती महिला को दिखाया गया है। वीडियो के कैप्शन में लिखा है- साहब के सपनों में आई मां। देखिए रोचक संवाद। गुरुवार रात शेयर हुए इस वीडियो में दिखाया गया है, प्रधानमंत्री के सपने में उनकी मां आकर कह रही है कि राजनीति के लिए कितना गिरोगे? भाजपा ने इस वीडियो को प्रधानमंत्री और उनकी मां के खिलाफ आपत्तिजनक बताते हुए कांग्रेस पर हमला किया है। बीजेपी का आरोप है कि कांग्रेस ने राजनीतिक बहस का स्तर गिरा कर सारी हदें पार कर दी हैं। केंद्रीय मंत्री गिरिराज सिंह ने कहा, राहुल गांधी अब इतना नीचे गिर गए हैं।

## पेनल्टी कॉर्नर




## पटेला री पोल

घूसखोरों की पकडा धकड़ी , मतलब चल रहा है खेल
सरकार के ईमानदार शासन का, दावा समझो अब फेल
आमजन ने भ्रष्टाचार को, स्वीकार कर लिया हैं अब मन
फाइल कागज नहीं सरकते, पर खिसके देखकर धन

..मुखिया जी

## खाने-पीने का सामान महंगा होने का असर

# अगस्त में रिटेल महंगाई बढ़कर 2.07 प्रतिशत पर पहुंची



**नई दिल्ली।** अगस्त में रिटेल महंगाई दर जुलाई के 1.61 प्रतिशत से थोड़ा बढ़कर 2.7 प्रतिशत पर पहुंच गई है। इसकी वजह खाने-पीने की कुछ वस्तुओं की कीमतों में हल्की बढ़ोतरी है। रिटेल महंगाई के आधिकारिक आंकड़े सरकार ने आज (12 सितंबर) जारी किए हैं। रिजर्व बैंक का लक्ष्य महंगाई को 4प्रतिशत ±2 प्रतिशत की सीमा में रखने का है।

**अगस्त में खाने-पीने के सामानों की कीमत बढ़ी** महंगाई के बास्केट में लगभग 50 प्रतिशत योगदान खाने-पीने की चीजों का होता है। इसकी महीने-दर-महीने की महंगाई माइनस 1.76 प्रतिशत से बढ़कर माइनस 0.69 हो गई है। अगस्त महीने में ग्रामीण महंगाई दर 1.18 प्रतिशत से बढ़कर 1.69 प्रतिशत हो गई है। वहीं शहरी महंगाई 2.10 प्रतिशत से बढ़कर 2.47 प्रतिशत पर पहुंच गई है।

4 से 6 अगस्त तक हुई आरबीआई मॉनीटरी पॉलिसी कमेटी की मीटिंग में भी वित्त वर्ष 2025-26 के लिए महंगाई का अनुमान 3.7प्रतिशत से घटाकर 3.1 प्रतिशत कर दिया था। महंगाई का बढ़ना और घटना प्रोडक्ट की डिमांड और सप्लाई पर निर्भर करता है। अगर लोगों के पास पैसे ज्यादा होंगे तो वे ज्यादा चीजें खरीदेंगे। ज्यादा चीजें खरीदने से चीजों की डिमांड बढ़ेगी और डिमांड के मुताबिक सप्लाई नहीं होने पर इन चीजों की कीमत बढ़ेगी। इस तरह बाजार महंगाई की चपेट में आ जाता है। सीधे शब्दों में कहें तो बाजार में पैसों का अत्यधिक बहाव या चीजों की शॉर्टेज महंगाई का कारण बनता है। वहीं अगर डिमांड कम होगी और सप्लाई ज्यादा तो महंगाई कम होगी।

# सीपी राधाकृष्णन ने ली 15वें उपराष्ट्रपति पद की शपथ

## सितंबर 2030 तक होगा कार्यकाल





**नई दिल्ली।** नवनिर्वाचित उपराष्टपति चंद्रपुरम पोन्नुसामी राधाकृष्णन ने 15वें उपराष्टपति पद की शपथ ली। राष्टपति भवन में राष्टपति द्रौपदी मुर्मू ने राधाकृष्णन को शपथ दिलाई। राधाकृष्णन का कार्यकाल 11 सितंबर 2030 तक होगा। इस दौरान पीएम मोदी, गृह मंत्री अमित शाह, रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह समेत कई राज्यों के मुख्यमंत्री शामिल हुए।पूर्व उपराष्टपति हामिद अंसारी और वेंकैया नायडू भी समारोह में पहुंचे। इस्तीफा देने के 53 दिन बाद पूर्व उपराष्टपति जगदीप धनखड़ भी किसी सार्वजनिक कार्यक्रम में नजर आए। धनखड़ ने 21 जुलाई को हेल्थ इश्यू के कारण इस्तीफा दिया था। एनडीए उम्मीदवार राधाकृष्णन को 9 सितंबर को भारत का 15वां उपराष्टपति चुना गया। उन्हें विपक्षी उम्मीदवार बी सुदर्शन रेड्डी के मुकाबले 452 वोट मिले। राधाकृष्णन ने रेड्डी को 152 वोटों के अंतर से हराया है। अपनी नई जिम्मेदारी की तैयारी में राधाकृष्णन ने गुरुवार को महाराष्ट्र के राज्यपाल पद से औपचारिक रूप से इस्तीफा दे दिया। राष्टपति भवन की ओर से जारी आधिकारिक बयान में इसकी पुष्टि की गई है। उनके इस्तीफे के बाद राष्टपति मुर्मू ने गुजरात के राज्यपाल आचार्य देवव्रत को महाराष्ट के राज्यपाल का अतिरिक्त प्रभार सौंपा है। राज्यसभा के महासचिव और निर्वाचन अधिकारी पीसी मोदी के मुताबिक 781 में से 767 सांसदों ने वोट डाले, वोटिंग 98.2 प्रतिशत हुई। इनमें से 752 मत वैलिड और 15 इनवैलिड थे। एनडीए को 427 सांसदों का समर्थन प्राप्त था, लेकिन वाईएसआरसीपी के 11 सांसदों ने भी राधाकृष्णन का समर्थन किया।

13 सांसदों ने चुनाव में मतदान से परहेज किया। इनमें बीजू जनता दल के सात सांसद, भारत राष्ट समिति के चार, शिरोमणि अकाली दल का एक सांसद और एक निर्दलीय सांसद शामिल हैं।

# सिक्किम में लैंडस्लाइड, 4 की मौत

## आगरा में 40 गांव डूबे

**नई दिल्ली।** वेस्ट सिक्किम के यांगथांग के अपर रिंबी इलाके में शुक्रवार रात लैंडस्लाइड हुई। इसमें 4 लोगों की मौत हुई है। 3 लोग लापता हैं। यूपी के आगरा में यमुना में बाढ़ है। यहां 25 कॉलोनियां और 40 गांव में 2-5 फीट तक बाढ़ का पानी भरा है। ताजमहल के पीछे बना पार्क पूरी तरह से डूब गया। 5 हजार से ज्यादा लोग रिलीफ कैंप में हैं। हिमाचल प्रदेश में 20 जून से अब तक बारिश-बाढ़ के कारण 380 लोगों की मौत हो चुकी है, 40 लापता हैं।



# स्पाइसजेट फ्लाइट का टायर टेकऑफ के दौरान रनवे पर गिरा

## सभी 75 यात्री सुरक्षित

**मुंबई ।** गुजरात के कांडला से मुंबई आ रही स्पाइसजेट की फ्लाइट में बड़ा हादसा टल गया। शुक्रवार को कांडला एयरपोर्ट पर टेकऑफ के दौरान बॉम्बार्डियर क्यू 400 प्लेन का एक टायर रनवे पर गिर गया। इसके बावजूद पायलट ने सूझबूझ दिखाते हुए उड़ान जारी रखी। मुंबई एयरपोर्ट पर विमान की लैंडिंग से पहले फुल इमरजेंसी घोषित कर दी गई। हालांकि विमान ने सुरक्षित लैंडिंग की और खुद टर्मिनल तक पहुंचा। सभी 75 यात्रियों को सुरक्षित उतार लिया गया। एयरलाइन ने घटना की पुष्टि की है। घटना की जांच शुरू कर दी गई है और तकनीकी कारणों का पता लगाया जा रहा है।



# पूरे देश को साफ हवा का हक

## दिल्ली-एनसीआर ही क्यों, देशभर में पटाखे बैन होने चाहिए-सुप्रीम कोर्ट

**नई दिल्ली।** सुप्रीम कोर्ट ने शुक्रवार को दिल्ली में पटाखों को बैन करने के आदेश को चुनौती देने वाली याचिका पर सुनवाई की। चीफ जस्टिस बीआर गवई ने कहा कि अगर दिल्ली-एनसीआर के शहरों को साफ हवा का हक है तो दूसरे शहरों के लोगों को क्यों नहीं? प्रदूषण नियंत्रण को लेकर सीजेआई गवई और जस्टिस के विनोद चंद्रन की बेंच ने सुनवाई करते हुए कहा कि अगर पटाखों पर प्रतिबंध लगाना है तो पूरे देश में बैन करना चाहिए। साफ हवा का अधिकार सिर्फ दिल्ली-एनसीआर तक सीमित नहीं रह सकता, बल्कि पूरे देश के नागरिकों को मिलना चाहिए। उन्होंने कहा कि पर्यावरण संबंधी जो भी नीति हो वह पूरे भारत में होनी चाहिए। हम सिर्फ दिल्ली के लिए इसलिए नीति नहीं बना सकते, क्योंकि यहां देश का एलीट क्लास हैं। अगली सुनवाई 22 सितंबर को होगी। दरअसल, सुप्रीम कोर्ट के 3 अप्रैल 2025 के उस आदेश को चुनौती दी गई है, जिसमें दिल्ली-एनसीआर में पटाखों की बिक्री, स्टोरेज, परिवहन और निर्माण पर पूर्ण प्रतिबंध के आदेश को संशोधित करने की मांग की गई है। बेंच ने कमीशन फॉर एयर क्वालिटी मैनेजमेंट को इस मामले में नोटिस जारी किया और दो हफ्ते में जवाब दाखिल करने को कहा। न्यायमित्र सीनियर एडवोकेट अपराजिता सिंह ने कहा कि कुलीन वर्ग अपना ध्यान रखता है।



## स्वर्णिम अतीत के पुनर्जागरण का महाअभियान

# प्रधानमंत्री मोदी ने ज्ञान भारतम पोर्टल का शुभारंभ किया

**नई दिल्ली।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने ज्ञान भारतम पोर्टल का शुभारंभ किया, जो एक समर्पित डिजिटल प्लेटफॉर्म है जिसका उद्देश्य पांडुलिपियों के डिजिटलीकरण, संरक्षण और सार्वजनिक पहुंच में तेजी लाना है। नरेंद्र मोदी ने कहा कि मैंने कुछ दिन पहले ज्ञान भारतम मिशन की घोषणा की थी और आज हम ज्ञान भारतम अंतर्राष्ट्रीय सम्मेलन का आयोजन कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि यह कोई सरकारी या अकादमिक आयोजन नहीं है, बल्कि यह भारतीय संस्कृति, साहित्य और चेतना का उद्घोष है। मैं ज्ञान भारतम मिशन के शुभारंभ के लिए देश के सभी नागरिकों को बधाई देता हूं।



मोदी ने कहा कि आज विज्ञान भवन, भारत के स्वर्णिम अतीत के पुनर्जागरण का साक्षी बन रहा है। कुछ ही दिन पहले मैंने ज्ञान भारतम् मिशन की घोषणा की थी, और इतने कम समय में आज हम ज्ञान भारतम् इंटरनेशनल कॉन्फ्रेंस का आयोजन कर रहे हैं। इससे जुड़ा पोर्टल भी लॉन्च किया गया है। उन्होंने कहा कि ये एक सरकारी या एकेडेमिक इवेंट नहीं है। ज्ञान भारतम् मिशन, भारत की संस्कृति, साहित्य और चेतना का उद्घोष बनने जा रहा है। प्रधानमंत्री ने कहा कि हजारों पीढ़ियों का चिंतन मनन, भारत के महान आचार्यों और विद्वानों का बोध और शोध, हमारी ज्ञान परंपराएं, हमारे वैज्ञानिक धरोहरें— ज्ञान भारतम् मिशन के जरिए हम उन्हें डिजिटाइज्ड करने जा रहे हैं।

उन्होंने कहा कि आज भारत के पास दुनिया का सबसे बड़ा हस्तलिपि संग्रह है। करीब 1 करोड़ हस्तलिपि हमारे पास हैं। इतिहास के क्रूर थपेड़ों में लाखों हस्तलिपि जल गईं, लुप्त हो गईं, लेकिन जो बची हैं, वे इसका साक्षी हैं कि ज्ञान और विज्ञान पठन पाठन के लिए हमारे पूर्वजों की निष्ठा कितनी गहरी और व्यापक थी।

# ऑपरेशन सिंदूर सेना के लिए रियलिटी चेक बना, हमें अपनी ताकत बढ़ाने की जरूरत-रक्षा सचिव

**पुणे।** रक्षा सचिव राजेश कुमार सिंह ने शुक्रवार को कहा कि ऑपरेशन सिंदूर सशस्त्र बलों के लिए एक रियलिटी चेक साबित हुआ है। इससे पता चला कि हमें भविष्य के लिए कई क्षेत्रों में अपनी ताकत को और मजबूत करने की जरूरत है। सिंह पुणे में हुए सदर्न कमांड डिफेंस टेक सेमिनार में बोल रहे थे। इस दौरान उन्होंने बताया कि ऑपरेशन सिंदूर से पता चला कि हमारे पास इलेक्ट्रॉनिक वारफेयर, एंटी ड्रोन सिस्टम, लो-लेवल रडार और बिना तक्क वाले मिलिट्री-ग्रेड ड्रोन्स की कमी है। उन्होंने कहा, गौरतलब है कि ऑपरेशन सिंदूर 7 मई को पहलगाम आतंकी हमले के बाद शुरू किया गया था, जिसमें 26 नागरिक मारे गए थे। इसका मकसद एलओसी पर और उसके पार मौजूद आतंकी बुनियादी ढांचे को सटीक और रणनीतिक तरीके से खत्म करना था।

**सिंह ने मल्टी-लेयर्ड एयर डिफेंस सिस्टम की तारीफ की** सिंह ने मल्टी-लेयर्ड एयर डिफेंस सिस्टम की भी तारीफ की। उनके कहा कि ऑपरेशन के दौरान यह सिस्टम दुश्मन के ड्रोन और मिसाइल हमलों को रोकने में बेहद प्रभावी रहा और बड़े नुकसान से देश को बचा लिया।

**9 सितंबर- सेना प्रमुख बोले-जमीन पर कब्जा भारत में जीत का पैमाना** आर्मी चीफ जनरल उपेंद्र द्विवेदी ने 9 सितंबर को कहा कि युद्ध के दौरान जमीन पर कब्जा ही भारत में जीत की असली 'करेंसी' या पैमाना है। इस वजह से थल सेना की भूमिका हमेशा सबसे अहम रहेगी।

CMYK

## बालोतरा में कृषि फसलों का जायजा, संभाग स्तरीय रैपिड रोविंग सर्वे टीम ने किया दौरा

**बालोतरा, (हुक्मनामा समाचार)।** जोधपुर कृषि विस्तार खण्ड की संभाग स्तरीय रैपिड रोविंग सर्वे टीम ने बालोतरा और आसपास के क्षेत्रों का दौरा किया। टीम ने यहाँ की प्रमुख फसलों की स्थिति का जायजा लिया और किसानों को फसलों को रोगों से बचाने के लिए महत्वपूर्ण सलाह दी।

सर्वे टीम में उप निदेशक कृषि बंशीधर रैगर, सहायक प्रोफेसर डॉ. अशोक कुमार मीणा, सहायक निदेशक कृषि धारासिंह भाटी, कृषि अधिकारी ओमप्रकाश तर्ड, सहायक कृषि अधिकारी मदन लूणा और कृषि पर्यवेक्षक सुनील विश्नोई शामिल थे। टीम ने जागसा, बुड़ीवाड़ा, पादरू, सिणधरी, और गुड़ामालानी जैसे क्षेत्रों का व्यापक सर्वे किया।

टीम ने पाया कि इस क्षेत्र में ग्वार, बाजरा, मूंग, तिल, अरंडी, मोठ और अनार की फसलें अच्छी स्थिति में हैं। हालांकि, मूंग और मोठ की फसलों में हरा तेला और सफेद मक्खी का प्रकोप देखा गया। इस समस्या के समाधान के लिए उप निदेशक बंशीधर रैगर ने किसानों को थायोमिथोक्जाम 25 प्रतिशत डब्ल्यूजी का आधा ग्राम प्रति लीटर पानी के साथ घोल बनाकर छिड़काव करने की सलाह दी। इसके अलावा मूंग की फसल में पीलापन (येलोमोजेक वायरस) की समस्या भी सामने आई, जो रस चूसने वाले कीड़ों के कारण फैलती है। इस वायरस से बचाव के लिए, उन्होंने इमीडाक्लोरोप्रिड 17.8 प्रतिशत एसएल को 100 लीटर पानी में 33-34 एमएल मिलाकर छिड़काव करने का सुझाव दिया। सर्वे टीम ने यह भी बताया कि अन्य फसलों में फिलहाल कोई गंभीर कीट या रोग का प्रभाव नहीं पाया गया है, जिससे किसानों को राहत मिली है। टीम का यह दौरा किसानों के लिए काफी लाभदायक रहा और उन्हें अपनी फसलों की सुरक्षा के लिए सही जानकारी मिल पाई।

## भारतीय मज़दूर संघ के कार्यकर्ता अभ्यास वर्ग के लिए रवाना



**फलौदी (हुक्मनामा समाचार)।** भारतीय मज़दूर संघ का प्रदेश स्तरीय महिला अभ्यास वर्ग में जिला फलोदी की की कार्यकर्ता भारतीय मजदूर संघ जिला उपाध्यक्षा प्रेमलता जीनगर, आंगनवाड़ी जिला संगठन मंत्री पिंकी पुरोहित आंगनवाड़ी प्रदेश कार्यसमिति सदस्य भवरी देवी की नेतृत्व में रवाना हुवे। भारतीय मजदूर संघ के जिलाध्यक्ष रमेश नायक की अध्यक्षता में वरिष्ठ भामाशाह व भाजपा के नेता मेघराज कल्ला, विश्व हिंदू परिषद के जिलाध्यक्ष जय प्रकाश गुचिया द्वारा बस को संगठन का ध्वज लहराकर कर रवाना किया कार्यक्रम के दौरान अशोक व्यास, विश्व हिंदू परिषद के जिलामंत्री प्रेमरतन दवे जोधपुर डिस्कॉम श्रमिक संघ प्रदेश कार्य समिति सदस्य नेताराम माली डिस्कॉम श्रमिक संघ जिला फलोदी अध्यक्ष फिरोज खान समाज सेवी भूपत सिंह अवाय डिस्कॉम श्रमिक संघ के फलोदी ग्रामीण शाखा के अध्यक्ष हनुमान खिलेरी मुकेश ढाका वासुदेव मेघवाल भगवान सिंह देवीलाल आदि मौजूद थे भारतीय मजदूर संघ फलोदी के जिलामंत्री करनसिंह राजपुरोहित ने बताया कि प्रदेश स्तरीय महिला अभ्यास वर्ग 13 और 14 सितंबर को खाटू श्याम में आयोजित हो रहा हे जिसमें पूरे राजस्थान से 300 से अधिक महिला कार्यकर्ता भाग लेगी फलोदी से 20 कार्यकर्ता बस द्वारा खाटू श्याम हेतु रवाना हुए ।

## मंत्री गजेंद्र सिंह खींवसर की माताजी को श्रद्धांजलि



**देचू (हुक्मनामा समाचार)।** चिकित्सा मंत्री गजेंद्र सिंह खींवसर के खींवसर फोर्ट स्थित निवास पर उनकी माताजी को श्रद्धांजलि अर्पित की गई। उपस्थित जनों ने चित्र पर पुष्प अर्पित कर श्रद्धासुमन अर्पित किए और मंत्री खींवसर को ढांढस बंधाया। इस अवसर पर पत्रकार संतोष भारती, अर्जुन सिंह राजपुरोहित, पूंजराज सिंह बाला, आसूराम सुथार, रूपाराम मकवाना, राजेंद्र सिंह हापासर, मोहन सिंह सगरां, देवीसिंह सगरां, कानसिंह सगरां सहित बड़ी संख्या में जनप्रतिनिधि व ग्रामीण मौजूद रहे।

## 5 माह की सर्विस के बाद भी शिक्षक ने नही छोड़ी सामाजिक विकलांगता के कारण मिलने वाली पालनहार योजना के तहत पेंशन और बच्चो की छात्रवती

**गडरा रोड (हुक्मनामा समाचार)।** बाड़मेर जिले कै सीमावर्ती क्षेत्र रामसर के एक विद्यालय में लगे एक शिक्षक का बड़ा कारनामा आया सामने। राजस्थान की प्रदेश सरकार एक तरफ खाद्य सुरक्षा के तहत लोगो को गिव अप योजना चला कर खाद्य सामग्री बंद कर रही है तथा खाद्य सामग्री के बाजार भाव से पैसे वसूल रही है दूसरी ओर सरकारी नौकरी करने वाले सीमावर्ती क्षेत्र का एक शिक्षक नोकरी से पहले फर्जी विकलांग प्रमाण पत्र बनाकर खुद से मजदूरी नहीं होने के लाचार अवस्था में परिवार को पालने के लिए सामाजिक न्याय विभाग द्वारा चलाई गई जो मजदूरी करने में अशक्ष्म हों उसे पालनहार योजना के तहत परिवार को पालने के लिए प्रत्येक माह परिवार में बच्चों की पढ़ाई एवं संव्य ओर अपनी पत्नी परिवार को पालने के लिए सामाजिक न्याय अधिकारिता विभाग द्वारा पालनहार योजना के तहत 8 से ?10 हज़ार रुपए प्रत्येक माह जो कमाने में अ सक्षम मजदूरी करने योग्य नहीं होने पर उन्हें सहायता के तौर पर दी जाती है इस योजना का फायदा लेने के लिए एक नवयुवक जवान व्यक्ति ने दिव्या दृष्टि का फर्जी प्रमाण पत्र लेकर वर्ष 2021 से 2025 में उक्त व्यक्ति ने दिव्या दृष्टि विकलांगता के तौर पर जनवरी 2025 में नियुक्ति मिल गई नियुक्ति के बाद वर्तमान तक वहीं शिक्षक आज भी सामाजिक न्याय अधिकारिता विभाग के पास मजदूरी करने में अ सक्षम है तथा पालनहार योजना के तहत वर्तमान में भी पेंशन व राशि अध्यापक एवं अध्यापक की पत्नी के अकाउंट में आती है इतना ही नहीं पूर्व में फर्जी दिव्यांग बनकर सरकारी राशि का दुरुपयोग तो किया यह वर्तमान में रामसर ब्लॉक के संग्रानी उच्च प्राथमिक विद्यालय के एक दिव्या दृष्टि से फर्जी प्रमाण पत्र लाकर नौकरी भी पा ली है और नोकरी पाने वाले अध्यापक का एक और कारनामा सामने आया है राज्य सरकार में झूठे दस्तावेज पेश कर नौकरी तो पाई है परंतु इससे पहले भी पालनहार योजना का भी विदेश में सऊदी अरब में मजदुरी कार्य करते समय लाभ उठाया गया है ।

### सुमेरपुर शिवगंज के मध्य सात दिन बाद पुलिया पर यातायात आवागमन हुआ शुरु

# कैबिनेट मंत्री एवं राज्य मंत्री ने क्षतिग्रस्त जवाई नदी पुलिया का किया निरीक्षण



**सुमेरपुर, (हुक्मनामा समाचार)।** अतिवृष्टि के कारण गत करीब छह दिन से क्षतिग्रस्त पुलिया का शुक्रवार को स्थानीय विधायक व केबिनेट मंत्री जोराराम कुमावत एवं राज्य मंत्री ओटाराम देवासी करीब 7 दिन बाद मौके पर पहुंचकर निरीक्षण किया। साथ ही अधिकारियों को बुलाकर सुरक्षा जांच के बाद दोपहिया व तिपहिया वाहनों का आवागमन तुरंत शुरू कराया गया। उन्होंने बताया कि पुलिया से भारी वाहनों की आवाजाही अभी कुछ दिन बाद शुरू हो पाएगी।

इस दौरान राज्यमंत्री ओटाराम देवासी,जालोर के सांसद लुंबाराम चौधरी,सिरोही भाजपा जिलाध्यक्ष रक्षा भंडारी,पूर्व विधायक तारा भंडारी,मंडल अध्यक्ष ताराराम कुमावत,मंडल अध्यक्ष पोसालिया प्रताप परमार,महामंत्री बड़गांव हिम्मत दाना, सुमेरपुर के मंडल अध्यक्ष रविकांत रावल,शिवगंज मंडल अध्यक्ष कुंदनमल राठी, पूर्व मंडल अध्यक्ष महेंद्र माली, रमेश बोहरा, सुमेरपुर नगरपालिका उपाध्यक्ष चतुर्भुज शर्मा, पाली भाजपा जिला उपाध्यक्ष पूनम सिंह परमार, सुमेरपुर एसडीएम कालूराम कुम्हार, शिवगंज एसडीएम नीरज मिश्रा, नगरपालिका पूर्व चैयरमैन राजेंद्र सोलंकी सहित पीडब्ल्यूडी के अधिकारी मौके पर मौजूद रहे।

सुमेरपुर-शिवगंज को जोड़ने वाली पुलिया जवाई बांध पर 6 सितंबर को जवाई बांध के गेट खोलने के बाद पानी के बहाव से पुलिया क्षतिग्रस्त हो गया था। प्रशासन ने सुरक्षा को देखते हुए पुलिया से आवागमन बंद कर दिया था। इसके चलते आमजन को भारी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा था। लोगों को मजबूरन हाईवे होकर लंबा और जोखिम भरा सफर तय करना पड़ रहा था।

**25.66 करोड़ से बनेगा नया पुल , शिलान्यास जल्द :** सुमेरपुर शिवगंज क्षेत्रवासियों के लिए बड़ी खशखबरी सामने आई है। कैबिनेट मंत्री जोराराम कुमावत ने बताया कि शिवगंज-सुमेरपुर को जोड़ने वाले इस पुल का पुनर्निर्माण किया जाएगा इसके लिए मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने वर्ष-2024-25 के बजट में पुल निर्माण के लिए 20 करोड़ रुपए की घोषणा की थी। इसके बाद पीडब्ल्यूडी ने संशोधित प्रस्ताव बनाया जिसके बाद 25.66 करोड़ रुपए की प्रशासनिक व वित्तीय स्वीकृति जारी हो चुकी है। सार्वजनिक निर्माण विभाग की ओर से बारिश का सीजन खत्म होने के बाद पुल के निर्माण कार्य का शिलान्यास कर शुरू कराया जाएगा।

## बावड़ी कलां में 14 से होगी जिला स्तरीय सतरंज प्रतियोगिता

**फलौदी।** जिले के बावड़ी कलां गाँव में राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय, बावड़ी कलां में पहली बार जिला स्तरीय खेल प्रतियोगिताओं का आयोजन होने जा रहा है। विद्यालय परिसर में दिनांक 14 सितम्बर 2025 (रविवार) से फलोदी जिला स्तरीय शतरंज प्रतियोगिता (अंडरङ्क17 एवं अंडरङ्क19 वर्ग ङ्क छात्र एवं छात्राएँ) तथा फलोदी जिला स्तरीय टेबल टेनिस प्रतियोगिता (अंडर-17 एवं अंडर-19 वर्ग - केवल छात्र) प्रारंभ होगी।

इस प्रतियोगिता में फलोदी क्षेत्र के विभिन्न विद्यालयों के खिलाड़ी भाग लेंगे। ग्रामवासियों से अपील की गई है कि वे अधिक से अधिक संख्या में उपस्थित होकर खिलाड़ियों का उत्साहवर्धन करें।

विद्यालय के प्रधानाचार्य मनमोहन पुरोहित ने जानकारी दी कि प्रतियोगिताओं के सफल संचालन हेतु शारीरिक शिक्षकों की ड्यूटी निर्धारित की जा चुकी है। विद्यालय की शारीरिक शिक्षिका कविता सहित पूरा स्टाफ आयोजन की तैयारियों में सक्रिय है।

## एसबीआई जनरल ने दिया सुरक्षा और भरोसे का संदेश



**फलोदी (हुक्मनामा समाचार)।** एसबीआई जनरल की टैगलाइन 卐सुरक्षा और भरोसा दोनों卐 को साकार करते हुए शाखा एसीबी फलौदी ( आरओबी जैसलमेर) ने एक सराहनीय कार्य किया है। माडपुरा निवासी ग्राहक स्व. जयप्रकाश का दुर्घटना बीमा (क्क्कु) ?500/- किया गया था। दुर्भाग्यवश, हाल ही में एक आकस्मिक दुर्घटना में उनका निधन हो गया।

इस बीमा की नॉमिनी मालाराम को शाखा प्रबंधक आशीष गुप्ता द्वारा दिनांक 12 सितम्बर 2025 को ?10 लाख का दावा भुगतान सौंपा गया। यह कदम न केवल एसबीआई जनरल की पारदर्शी और भरोसेमंद सेवाओं को दर्शाता है बल्कि ग्राहकों के प्रति संवेदनशीलता और जिम्मेदारी का भी प्रतीक है।

इस अवसर पर शाखा प्रबंधक आशीष गुप्ता सहित सुनील कुमार माली, राकेश मीना, अभिषेक, प्रकाश परिहार, भगवानाराम बिश्नोई, नीरज शर्मा, नीरज परिहार (क्क्षरू), अशोक कुमार माली एवं अन्य स्टाफ सदस्य तथा ग्राहक मौजूद रहे।

यह दावा भुगतान एसबीआई जनरल के उस उद्देश्य को मजबूत करता है जिसके अंतर्गत हर ग्राहक को समय पर राहत और आर्थिक सुरक्षा प्रदान की जाती है। शाखा प्रबंधन ने कहा कि बैंक हमेशा अपने ग्राहकों के साथ खड़ा है और उन्हें सुरक्षित भविष्य देने के लिए प्रतिबद्ध है।

## शेखावत बने खेलो इंडिया यूनिवर्सिटी गेम्स के योगा कंपीटिशन डायरेक्टर

**घंटियाली (हुक्मनामा समाचार)।** राजस्थान में पहली बार आयोजित होने जा रहे खेलो इंडिया यूनिवर्सिटी गेम्स में योगा (योगासन) खेल के कंपीटिशन डायरेक्टर (प्रतियोगिता निदेशक) के रूप में गजराज सिंह शेखावत को मनोनीत किया गया है। यह जानकारी आर वाई एस ए सोसाइटी योगासन राजस्थान के महासचिव संदीप कासनिया ने दी। गजराज सिंह शेखावत योगासन राजस्थान के उपाध्यक्ष हैं और उन्होंने जोधपुर में राज्य स्तरीय योगासन प्रतियोगिता, अस्मिता सिटी लीग, अस्मिता खेलो इंडिया वेस्ट जोन और सीनियर नेशनल प्रतियोगिता का सफल आयोजन करवाया है। उनकी इन प्रतियोगिताओं की भव्य सफलताओं को देखते हुए वर्ल्ड योगासन और योगासन भारत योगाचार्य डॉ. यह दायित्व उन्हें वर्ल्ड योगासन और योगासन भारत योगाचार्य डॉ. जयदीप आर्य द्वारा दिया गया है। इस उपलब्धि पर संदीप कासनिया ने कहा कि खेलो इंडिया यूनिवर्सिटी गेम्स जैसी प्रतिष्ठित प्रतियोगिता का राजस्थान में होना सभी के लिए अत्यंत गर्व का विषय है।

# मेघवाल युवा कांग्रेस विधानसभा क्षेत्र अध्यक्ष मनोनीत, किया स्वागत

### कार्यकारिणी का भी किया गठन, युवाओं को मिला मौका



**भोपालगढ़ (हुक्मनामा समाचार)।** युवा कांग्रेस की भोपालगढ़ विधानसभा क्षेत्र स्तरीय कार्यकारिणी का गठन करते हुए पूर्व छात्रसंघ अध्यक्ष मनोहर मेघवाल को यूथ कांग्रेस भोपालगढ़ विधानसभा इकाई का अध्यक्ष मनोनीत किया गया है। यूथ कांग्रेस जोधपुर देहात जिला महासचिव महेंद्रप्रताप एमपी देवड़ा ने बताया कि यूथ कांग्रेस जिलाध्यक्ष पुखराज दिवराया ने भोपालगढ़ विधानसभा क्षेत्र इकाई का मनोनयन किया है। जिसमें मनोहर मेघवाल को अध्यक्ष, राजेश पाड़ीवाल रजलानी, सुरेंद्र पारासरिया बारनी खुर्द, असल खान आसोप, अशोक देवड़ा धोरू, कलाराम देवासी रामनगर, पूर्व छात्रसंघ अध्यक्ष रामसिंह गहलोत भोपालगढ़, रामरख जाखड़ अरटिया कलां, बीरमराम मेघवाल गोविंदपुरा, सुभाष ताडा पालड़ी राणावतां, पूर्व छात्रसंघ अध्यक्ष लीला चौधरी व डूंगरराम रलिया को उपाध्यक्ष, रामकंवरी मेघवाल, नरेश थिरोदा बारनी खुर्द, रामप्रकाश सोऊ हीरादेसर, रामप्रकाश गुर्जर बुरछां, अर्जुन काला बनाड़, खुर्शीद खान आसोप, लालसा देवासी जाजीवाल, बबलू चंवेल दाड़मी, मोनिका मेघवाल, सुनील देवासी पालड़ी सिद्धा, कुशल सोऊ हीरादेसर, मनोहर जाखड़ खवासपुरा एवं मनीष गारासनी को महासचिव बनाया गया है।

इसी प्रकार दिलीप घारु हीरादेसर, राकेश खंडापा मंडली चारणां, कैलाश गुर्जर पालड़ी राणावतां, प्रहलाद मेघवाल रजलानी, राकेश देवड़ा देवातड़ा, प्रेमाराम चंवेल दाड़मी, देवाशीष धारा बासनी हरीसिंह, पारस लालाप बुरछां, रामप्रकाश मुंडेल सुवाणा, मूलाराम गुर्जर गादेरी, लक्ष्मण मेघवाल जाजीवाल कलां, नरपत गुजरावास, अनवर मेहर, अलादीन शेखनगर, महेंद्र मेहरा, रामजोत भाटी व नवीन मेघवाल हिंगोली को सचिव बनाया गया है।

वहीं एसपीएम कॉलेज के पूर्व छात्रसंघ अध्यक्ष मनोहर मेघवाल के यूथ कांग्रेस विधानसभा इकाई अध्यक्ष बनने पर डीसीसी जिला उपाध्यक्ष राजेश जाखड़ व यूथ कांग्रेस जिला महासचिव एमपी देवड़ा के नेतृत्व में कार्यकर्ताओं ने साफा और मालाएं पहनाकर स्वागत किया। वहीं मेघवाल समाज भवन में समाज के पदाधिकारियों व कार्यकर्ताओं ने भी नवमनोनीत अध्यक्ष मेघवाल का स्वागत किया।

## कॉन्स्टेबल भर्ती : उत्कृष्ट खिलाड़ियों के लिए आवेदन 15 सितंबर से

**जयपुर (हुक्मनामा समाचार)।** राजस्थान पुलिस में कॉन्स्टेबल (उत्कृष्ट खिलाड़ी कोटा) भर्ती 2025 के लिए आवेदन प्रक्रिया में बदलाव किया गया है। अब उत्कृष्ट खिलाड़ी 12 सितंबर की जगह 15 सितंबर, 2025 से ऑनलाइन आवेदन कर सकेंगे। इसी बदलाव को देखते हुए आवेदन की अंतिम तिथि को भी 1 अक्टूबर से बढ़ाकर 4 अक्टूबर, 2025 कर दिया गया है। अतिरिक्त महानिदेशक पुलिस भर्ती एवं पदोन्नति बोर्ड श्री बिपिन कुमार पाण्डेय ने बताया कि कुल 167 पदों पर भर्ती के लिए जारी विज्ञप्ति में संशोधन किया गया है। यह निर्णय खिलाड़ियों को आवेदन के लिए पर्याप्त समय देने के लिए लिया गया है। इच्छुक उम्मीदवार इस भर्ती से संबंधित विस्तृत जानकारी के लिए पुलिस विभाग की आधिकारिक वेबसाइट पर विज्ञप्ति क्रमांक 4457 दिनांक 04 सितम्बर, 2025 और 4595 दिनांक 10 सितम्बर, 2025 देख सकते हैं।

## बोराणा प्रदेश सह-संयोजक नियुक्त

**भोपालगढ़ (हुक्मनामा समाचार)।** राजस्थान गाड़िया लौहार युवा विकास संस्थान के प्रदेश अध्यक्ष रामगोपाल सोलंकी ने संगठन को मजबूत बनाने की दिशा में कार्यकारिणी का विस्तार किया। उन्होंने मंडली चारणा निवासी पवन बोराणा को आईटी विभाग में प्रदेश सह-संयोजक पद की जिम्मेदारी सौंपी। सोलंकी ने कहा कि डिजिटल युग में संगठन की गतिविधियों और योजनाओं को अधिक से अधिक युवाओं तक पहुंचाना बेहद आवश्यक है। पवन बोराणा के जुड़ने से संस्था की आईटी गतिविधियों को नई ऊर्जा और दिशा मिलेगी। नियुक्ति पर प्रदेश संरक्षक शिशुपाल चौहान , प्रदेश अध्यक्ष रामगोपाल सोलंकी, प्रदेश संगठन महामंत्री पुष्कर राठौड़ प्रदेश महामंत्री बीजाराम सोलंकी व युवाओं ने उन्हें शुभकामनाएं दी।

## जिला महासमिति अधिवेशन एवं जिला कार्यकारिणी चुनाव कल



**फलोदी (हुक्मनामा समाचार)।** राजस्थान शिक्षक संघ (राष्ट्रीय) की प्रदेश कार्यकारिणी द्वारा जारी विज्ञप्ति अनुसार जिला फलोदी की जिला कार्यकारिणी के चुनाव कल 14 सितम्बर को राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय फलोदी में लोकतांत्रिक पद्धति से सम्पन्न होंगे। इस चुनाव हेतु संभाग संगठन महिला मंत्री भावना आसदेव (जोधपुर) को चुनाव अधिकारी नियुक्त किया गया है, वहीं संभाग संगठन मंत्री मुकेश लखारा (बाड़मेर) चुनाव पर्यवेक्षक की भूमिका निभाएंगे।

इस संगठन की यह विशेषता है कि यहाँ मनोनयन नहीं, बल्कि लोकतांत्रिक प्रणाली अपनाई जाती है। योग्य और संगठन व शिक्षक हित में काम करने वाले कार्यकर्ताओं को आवश्यकतानुसार वोट देकर जिताया जाता है। यदि किसी नाम पर सर्वसम्मति बनती है तो चुनाव निर्विरोध संपन्न हो सकते हैं। इस बार के चुनाव में पूर्व कार्यकारिणी सदस्य, उपशाखा अध्यक्ष, मंत्री, महिला मंत्री सहित सभी शाखाओं से चयनित जिला महासमिति सदस्य मिलाकर कुल 250 सदस्य भागीदारी करेंगे। चुनाव प्रक्रिया सुबह 9 बजे से प्रारंभ होगी। इसकी जानकारी देते हुए अरुण कुमार व्यास, प्रदेश सचिव, राजस्थान शिक्षक संघ (राष्ट्रीय) ने कहा कि यह अधिवेशन शिक्षक समाज की ताकत और लोकतांत्रिक परंपरा का प्रतीक होगा।

### कलक्टर ने म्याजलार में की रात्रि चौपाल

## ग्रामीणों की सुनीं समस्याएं



**जैसलमेर, (हुक्मनामा समाचार)।** जिला कलक्टर प्रताप सिंह ने गुरुवार रात्रि को ग्राम पंचायत म्याजलार में रात्रि चौपाल आयोजित कर ग्रामीणों की समस्याएं सुनीं। उन्होंने चौपाल में आए ग्रामीणों से सीधा संवाद किया एवं उनकी शिकायतों, आवश्यकताओं व सुझावों को धैर्यपूर्वक सुनते हुए, संबंधित विभागीय अधिकारियों को मौके पर ही नियमानुसार उचित समाधान के निर्देश दिए। जिला कलक्टर सिंह ने कहा कि राज्य सरकार आमजन की शिकायतों के त्वरित निस्तारण एवं जरूरतमंदों तक जनकल्याणकारी योजनाओं का लाभ पहुंचाने के लिए कृतसंकल्पित है। उन्होंने ग्रामीणों से अपील की कि वे अपनी समस्याएं रात्रि चौपालों में बेझिझक रखें, ताकि प्रशासन उनकी गंभीरता को समझते हुए नियमानुसार उचित व शीघ्र समाधान सुनिश्चित कर सके। साथ ही उन्होंने कहा कि जिला प्रशासन द्वारा प्रशासनिक व्यवस्थाओं को अंतिम छोर तक पहुंचाने एवं जनता से सीधा संवाद स्थापित करने के लिए रात्रि चौपालों एवं जनसुनवाई का आयोजन किया जा रहा है।

**अधिशाषी अभियन्ता, राजस्थान राज्य कृषि विपणन बोर्ड, खण्ड, सुमेरपुर (पाली)**

**ई-निविदा सूचना संख्या-11/2025-26 NIB No. : AGM2526A0148**

विभिन्न निर्माण कार्यो की UBN No:- AGM2526WSOB00550 to AGM2526WSOB00553 ऑनलाईन निविदा ई-प्रोक्योरमेन्ट **(www.eproc.rajasthan.gov.in)** के माध्यम से बोर्ड एवं अन्य राजकीय विभागो में उपयुक्त श्रेणी में पंजीकृत संवेदको से आमंत्रित की जाती है। निविदा से सम्बन्धित विस्तृत विवरण बोर्ड की वेबसाईट **www.agriculture.rajasthan.gov.in/rsamb** व **www.sppp.rajasthan.gov.in** पर भी देखा जा सकता है।

राज.संवाद/सी/25/9901 — अ.अ. - सुमेरपुर

**कार्यालय नगरपालिका मण्डल, केकड़ी (अजमेर) - राजस्थान**
Email ID – npkekri2011@gmail.com (O) : 01467-220002, 220019 web site : www.urban.rajasthan.gov.in/ulbkekri

क्रमांक : नपाके/विकास/2025-26/2423 — दिनांक : 10.09.2025

**-: ई निविदा (54/2025-26)(NIB NUMBER - DLB2526A5684) :-**

एतद्द्वारा यह है कि राजकीय विभाग में नियमानुसार उपयुक्त श्रेणी में पंजीकृत संवेदकों से निर्धारित प्रपत्र में अधोलिखित 04 कार्यों के लिए ई प्रोक्योरमेन्ट प्रक्रिया हेतु ऑनलाईन निविदाएं आमंत्रित की जाती हैं। निविदा सम्बन्धित अधिक जानकारी वेबसाईट www.sppp.rajasthan.gov.in एवं www.eproc.rajasthan.gov.in पर उपलब्ध है एवं किसी भी कार्य दिवस को कार्यालय में आकर देखी जा सकती है। निविदा के कुल कार्य - 04 (चार)

**UBN NO. – 1. DLB2526WSOB17360, 2. DLB2526WLOB17364, 3. DLB2526WLOB17366 4. DLB2526WLOB17368**

राज.संवाद/सी/25/9823 — अध्यक्ष — अधिशाषी अधिकारी

**कार्यालय जोधपुर विकास प्राधिकरण, जोधपुर**

क्रमांक :- राजकाज 17684382 — दिनांक :- 10/09/2025

**ई-बिड सूचना संख्या:- जोन विद्युत-प्रथम/11/2025-26**

जोधपुर विकास प्राधिकरण, जोधपुर की ओर से विद्युत के कार्यो हेतु संवेदकों से निर्धारित प्रपत्र में ई-प्रोक्युरमेन्ट प्रक्रिया से विद्युत कार्यों हेतु ऑन लाईन बिड आमंत्रित की जाती है। इन कार्यों की अनुमानित लागत, बिड बेचे जाने तथा प्राप्त करने की दिनांक, बिड शर्तें आदि का सम्पूर्ण विवरण वेबसाईट **www.eproc.rajasthan.gov.in, www.jodhpurjda.org, www.sppp.raj.nic.in** पर देखा जा सकता है।

**NIB CODE :- JOD2526A0142**
**UBN No. :- JOD2526WSOB00287**

राज.संवाद/सी/25/9848 — अधिशाषी अभियंता (विद्युत-I)

# अवैध खनन और नियम विरुद्ध परिवहन रोकने के लिए करें सख्त कार्यवाही : पटेल

## संसदीय कार्य मंत्री की अध्यक्षता में समीक्षा बैठक आयोजित



**हुक्मनामा समाचार**

**जोधपुर।** संसदीय कार्य, विधि एवं विधिक कार्य मंत्री जोगाराम पटेल की अध्यक्षता में लूणी नदी के लीज एरिया एवं नदी क्षेत्र के आस-पास से अवैध रूप से निकलने वाले डम्परों के ओवरलोड एवं अत्यधिक तेज गति के कारण हो रही दुर्घटनाओं और सड़क तंत्र की बर्बादी रोकने के संबंध में समीक्षा बैठक शुक्रवार को मारवाड़ इन्टरनेशनल सेन्टर में आयोजित हुई।

संसदीय कार्य मंत्री ने कहा लूणी क्षेत्र में अवैध खनन और नियम विरुद्ध परिवहन रोकने के लिए विभागीय समन्वय से अभियान चलाकर सख्त कार्यवाही करें। उन्होंने खनन विभाग के अधिकारियों को अवैध बजरी खनन को रोकने के लिए लीज क्षेत्र के सीमांकन, पीलर निर्माण, जियो टैगिंग और ड्रोन के माध्यम से निरंतर निगरानी एवं जांच करने के निर्देश दिए। उन्होंने ई - रवन्ना में अधिक समय, एक ही रवन्ना का अधिक बार उपयोग, फर्जी रवन्ना की नियमित जांच करने के निर्देश दिए। टेल ने परिवहन विभाग के अधिकारियों को खनन क्षेत्र में ओवर लोड परिवहन, बिना नंबर के वाहन पर आवश्यक कार्यवाही करने, व्यावसायिक वाहनों पर गति नियंत्रण गवर्नर की अनुपालना सुनिश्चित करने और फ्लाइंग टीम को माइनिंग रूट पर नियुक्त करने के निर्देश दिए। पटेल ने सार्वजनिक निर्माण विभाग के अधिकारियों को खनन क्षेत्र में ओवर लोडिग वाहनों के कारण क्षतिग्रस्त सड़कों की रिपोर्ट बनाने, आबादी वाले क्षेत्रों में स्पीड ब्रेकर लगाने और खनन क्षेत्र में उच्च यात्री भार के अनुरूप सड़क निर्माण के प्रस्ताव बनाने के निर्देश दिए। उन्होंने पुलिस के अधिकारियों को डम्परों की सड़क पर पार्किंग रोकने,बिना नंबर के वाहनों एवं ओवर स्पीड वाहनों की आबादी क्षेत्रों में आवाजाही से होने वाली दुर्घटनाओं को रोकने के लिए आवश्यक कार्यवाही करने के निर्देश दिए।

**ये रहे उपस्थित :** बैठक में जिला कलक्टर गौरव अग्रवाल, पुलिस आयुक्त ओमप्रकाश, जोधपुर विकास प्राधिकरण के आयुक्त उत्साह चौधरी, पुलिस उपायुक्त (पश्चिम) विनीत कुमार बंसल, प्रादेशिक परिवहन अधिकारी जेपी बैरवा,उपखंड अधिकारी (उत्तर) प्रीतम कुमार,उपखंड अधिकारी (दक्षिण) पंकज कुमार जैन, खनि अभियंता भगवान सिंह, अधीक्षण अभियंता (सार्वजनिक निर्माण विभाग) विनीत गुप्ता सहित विभागीय अधिकारी उपस्थित रहे।

## राज्यमंत्री हीरालाल नागर 16 को आएंगे जोधपुर

**जोधपुर ( हुक्मनामा समाचार )।** उर्जा विभाग के राज्यमंत्री (स्वतंत्र प्रभार) हीरालाल नागर मंगलवार को जोधपुर आएंगे। राज्य मंत्री नागर 16 सितंबर को सुबह 10.25 बजे जोधपुर एयरपोर्ट पहुंचेंगे तथा 10.45 बजे चिकित्सा मंत्री की माताजी के देहांत पर शोक संवेदना प्रकट करने हेतू खींवसर के लिए प्रस्थान करेंगे।

## तृतीय राष्ट्रीय लोक अदालत आज, आठ बैंच गठित

**जोधपुर ( हुक्मनामा समाचार )।** जोधपुर में इस साल की तृतीय राष्ट्रीय लोक अदालत का आयोजन शनिवार को जोधपुर महानगर न्यायक्षेत्र में किया जाएगा। जिला विधिक सेवा प्राधिकरण जोधपुर महानगर के सचिव राकेश रामावत ने बताया कि चिह्नित प्रकरणों के निस्तारण के लिए कुल 8 बेंचों का गठन किया गया है। इनमें से 6 बैंच लंबित प्रकरणों की सुनवाई के लिए गठित की गई हैं। सचिव ने सभी नागरिकों से अपील की है कि जिनके भी प्रकरण इन विषयों से संबंधित हैं। वे शनिवार को प्रात: 10 बजे से सांय 4 बजे तक राष्ट्रीय लोक अदालत में उपस्थित होकर आपसी समझाइश व लोक अदालत की भावना से अपने विवादों का निस्तारण करवा सकते हैं। इससे न केवल समय और खर्च की बचत होगी, बल्कि न्यायालयों में लंबित मामलों का बोझ भी कम होगा।

### समाचार-सार

## राजस्थान विधानसभा अध्यक्ष आज आएंगे जोधपुर



**जोधपुर ( हुक्मनामा समाचार )।** राजस्थान विधानसभा के अध्यक्ष वासुदेव देवनानी शनिवार को जोधपुर आएंगे। देवनानी शनिवार को सांय 6.30 बजे खींवसर से जोधपुर आएंगे तथा रात्रि विश्राम सर्किट हाउस में करेंगे। वे रविवार को सुबह सात बजे जोधपुर से सांचौर, जालोर (वाया बालोतरा) के लिए प्रस्थान करेंगे।

## डॉ. आसेरी बने आयुर्वेद विवि के कार्यवाहक कुलगुरु



**जोधपुर ( हुक्मनामा समाचार )।** मारवाड़ मेडिकल यूनिवर्सिटी के कुलगुरु डॉ. एमके आसेरी ने आज डॉ. सर्वपल्ली राधाकृष्णन आयुर्वेद विश्वविद्यालय के कुलगुरु का अतिरिक्त कार्यभार का पदभार ग्रहण किया। डॉक्टर सर्वपल्ली राधाकृष्णन आयुर्वेद विश्वविद्यालय के कुलगुरु प्रो. पीके प्रजापति ने एक दिन पहले अपना त्याग पत्र राज्यपाल को सौंपा था। आज डॉ. आसेरी ने प्रो. प्रजापति के कार्यकाल समाप्त होने पर उनका चार्ज लिया है।

## बाड़मेर-दिल्ली कैंट एक तरफा स्पेशल रेलसेवा का संचालन

**जोधपुर ( हुक्मनामा समाचार )।** रेलवे द्वारा अतिरिक्त यातायात को देखते हुए यात्रियों की सुविधा हेतु बाड़मेर-दिल्ली कैंट एक तरफा स्पेशल रेलसेवा का संचालन किया जा रहा है। मंडल रेल प्रबंधक अनुराग त्रिपाठी के अनुसार गाड़ी संख्या 04817 बाड़मेर-दिल्ली कैंट एक तरफा स्पेशल रेलसेवा 13 सितंबर को (01 ट्रिप) बाड़मेर से 12.30 बजे रवाना होकर अगले दिन 03.50 बजे दिल्ली कैंट पहुंचेगी। यह रेलसेवा मार्ग में बायतु, बालोतरा, समदडी, दुदाड़ा, लूनी, जोधपुर, गोटन, मेडता रोड, डेगाना, मकराना, कुचामन सिटी, नावां सिटी, फुलेरा, रेनवाल, रींगस, श्रीमाधोपुर, कावंट, नीमकाथाना, डाबला, नारनौल, अटेली, रेवाडी, पटौडी रोड व गुडगांव स्टेशनों पर ठहराव करेगी।

## खेजड़ली मेले में महिला के गले से कंठी चोरी

**जोधपुर ( हुक्मनामा समाचार )।** शहर के निकटवर्ती लूणी तहसील क्षेत्र में खेजड़ली गांव में गत दो सितंबर को भरे गए मेले में एक महिला के गले से कंठी चोरी हो गई। अपने स्तर पर तलाश के बाद कंठी चोर का पता नहीं लगने पर अब लूणी थाने में केस दर्ज करवाया गया है। पुलिस ने बताया कि गुढ़ा विश्नोइयान निवासी बाबूलाल पुत्र भागीरथ विश्नोई ने रिपोर्ट दी। इसमें बताया कि गत दो सितंबर को उसकी माताजी खेजड़ली मेले में गई थी। तब भीड़ के बीच किसी शख्स ने गले से कंठी चुरा ली। लूणी पुलिस ने अब जांच आरंभ की है।

## कांस्टेबल भर्ती परीक्षा 2025 आज से, दस हजार पदों के लिए दो दिन होगी

**जोधपुर ( हुक्मनामा समाचार )।** राजस्थान पुलिस की ओर से कांस्टेबल भर्ती परीक्षा 2025 शनिवार से होगी। परीक्षा दो दिन तक चलेगी। परीक्षा में नकल रोकने के लिए कड़े सुरक्षा बंदोबस्त किए गए है। जोधपुर में यह परीक्षा 66 केंद्रों पर आयोजित होगी। जोधपुर के 66 सेंटर पर 23 हजार 500 अभ्यर्थी परीक्षा देंगे। इसके साथ ही अन्य जिलों में भी परीक्षा केंद्र बनाए गए है। डीसीपी (मुख्यालय व यातायात) शहीन सी के अनुसार जोधपुर में 13 सितंबर को 23 सेंटर पर 9 हजार 500 अभ्यर्थी दोपहर तीन से शाम पांच बजे तक एक सेशन में परीक्षा देंगे। अगले दिन 14 सितंबर को दोनों सेशन में परीक्षाएं आयोजित की जाएगी। यह सुबह 10 से दोपहर 12 व दोपहर 3 से शाम 5 बजे तक होगी। इन दोनों सेशन में शहर के 43 सेंटर पर 14 हजार परीक्षार्थी भाग लेंगे। पुलिस कमिश्नर ओमप्रकाश के निर्देश पर शहर के 66 परीक्षा सेंटर के हर रूम से लेकर प्रवेश करने व बाहर निकलने वाले गेट तक नजर रखने के लिए सीसीटीवी कैमरे लगाए गए है। इस बार कुल 10 हजार पदों पर भर्ती निकाली गई है, जिसमें कांस्टेबल (जीडी, ड्राइवर, बैंड) और पुलिस दूरसंचार विभाग के पद शामिल हैं। परीक्षा पूरी तरह ओएमआर आधारित होगी, जिसमें 150 वस्तुनिष्ठ प्रश्न पूछे जाएंगे और समय सीमा दो घंटे की होगी। उम्मीदवारों को परीक्षा केंद्र पर निर्धारित समय से कम से कम 90 मिनट पहले पहुंचना होगा। प्रवेश केवल एडमिट कार्ड और वैध सरकारी पहचान पत्र दिखाने पर ही मिलेगा। योग्यता के मानदंड के तहत सामान्य, ईवीएस, बीस और ईबीसी वर्ग के अभ्यर्थियों को न्यूनतम 40 प्रतिशत अंक हासिल करना अनिवार्य है, जबकि एससी/एसटी वर्ग के लिए यह सीमा 36 प्रतिशत रखी गई है।




## 12.60 लाख की ठगी, आधा दर्जन लोगों के खिलाफ धोखाधड़ी का आरोप

**हुक्मनामा समाचार**

**जोधपुर।** शहर के बालसमंद एरिया में रहने वाले एक छात्र को कुछ लोगों ने केसिनो में जुआ-सट्टा में रुपए लगवाने के बाद 12 लाख 60 हजार की ठगी कर ली। पीड़ित छात्र प्रतियोगी परीक्षा की तैयारी के साथ कमीशन का कार्य भी करता है। अब मंडोर थाने में नामजद लोगों के खिलाफ केस दर्ज करवाया गया है।

पुलिस के अनुसार बालसमंद निवासी पूनमचंद पुत्र खानूराम देवासी ने रिपोर्ट दी। वह बीए फाइनल की पढ़ाई करने के साथ प्रतियोगी परीक्षा की तैयारी कर रहा है। वह जयपुर से कोचिंग कर रहा था। तब प्रॉपर्टी डीलर आदि का कमीशन बेस करने लगा था। साल भर पहले उसका सम्पर्क रूडकली निवासी इकबाल खां पुत्र समीर खां से हुआ था। जिसने केसिनो गेम में लाखों रुपए कमाने का प्रलोभन दिया। उसने पार्टनर बनाने की बात की थी। बाद में उसका संपर्क माता का थान निवासी कालू और सूरसागर के मोहित से करवाया। अक्षय कुमार से पहचान भी इकबाल के मार्फत हुई। इसके अलावा भट्टी की बावड़ी निवासी श्रीकुमार उर्फ जीतू सोनी, मोहित के भाई अरविंद जोकि इसी कार्य में लगा हुआ था, उनसे मुलाकात करवाई गई। बाद में इकबाल को पहली बार में तीन लाख रुपए अपनी रिश्तेदार के मार्फत ऑनलाइन जमा करवाए गए। फिर नामजद कालू आदि के मार्फत पचास हजार से दो लाख तक जमा करवाए गए। पीड़ित छात्र ने अपने कमीशन के पैसे भी इन लोगों के खाते में जमा करवाए। रिपोर्ट में बताया कि जुआ-सट्टा केसीनो आदि के माध्यम से ऑनलाइन व रोकड़ रुपए इकबाल खां, कालू, मोहित, अक्षय कुमार, श्रीकुमार उर्फ जीतू सोनी, अरविन्द आदि ने ले लिए, लेकिन मुनाफा आदि नहीं दिया। इन लोगों ने उससे 12.60 लाख की ठगी कर ली। आरोप है कि पीड़ित को इन लोगों ने धमकी भी दी थी। जिससे वह कुछ दिन तक अपने घर से भी लापता रहा था।

## युवती की आपत्तिजनक फोटो वायरल, केस दर्ज

**जोधपुर ( हुक्मनामा समाचार )।** एक युवती की सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म इंस्टाग्राम पर आपत्तिजनक फोटो वायरल करने का मामला सामने आया है। इसको लेकर पीड़िता ने थाने में एफआईआर करवाई है।

प्रतापनगर थाना क्षेत्र में रहने वाली एक युवती ने रिपोर्ट देकर बताया कि उसकी इंस्टाग्राम पर आपत्तिजनक फोटो अपलोड की गई है। ये फोटो अनुष्का शर्मा नाम की इंस्टाग्राम आईडी के जरिए वायरल की है और उसकी छवि खराब करने की कोशिश की है। इस हरकत से उसकी पूरे समाज में बदनामी हुई है और वह मानसिक तनाव से जूझ रही है। पीड़िता में पुलिस से आरोपी के खिलाफ कार्रवाई की मांग की है। पुलिस ने मामले में धारा 77 बीएनएस और 67 आईटी एक्ट के तहत केस दर्ज किया है। मामले की जांच प्रतापनगर थानाधिकारी भवानी सिंह कर रहे हैं। उन्होंने बताया कि पुलिस अभी मामले की जांच कर रही है। जिस इंस्टाग्राम आईडी से फोटो शेयर की गई, वो फेक है या सही है। इसकी जांच की जा रही है।

## लेटरल एंट्री व्यवस्था के विरोध, डॉक्टर्स का धरना जारी




**हुक्मनामा समाचार**

**जोधपुर।** राजस्थान मेडिकल कॉलेज टीचर्स एसोसिएशन (आरएमसीटीए) द्वारा लेटरल एंट्री व्यवस्था के विरोध में डॉ. एसएन मेडिकल कॉलेज में दिया जा रहा अनिश्चितकालीन धरना शुक्रवार को चौथे दिन भी जारी रहा। आज भी चिकित्सक शिक्षकों ने बांह पर काली पट्टी बांधकर कार्य किया।

आरएमसीटीए के अध्यक्ष डॉ. रामनिवास विश्नोई ने बताया कि राज्य सरकार की प्रस्तावित लेटरल एन्ट्री के विरोध में चिकित्सक शिक्षक एकजुट है। गुरुवार से चिकित्सक शिक्षक बांह पर काली पट्टी बांधकर कार्य कर रहे है। सचिव डॉ. विजय वर्मा ने बताया कि राज्य सरकार द्वारा आरएमसीटीए की मांगे न मानने पर आंदोलन को तेज किया जाएगा। आरएमसीटीए की लेटरल एंट्री को समाप्त करने, भर्ती केवल असिस्टेंट प्रोफेसर स्तर पर करने, भर्ती प्रक्रिया की एकमात्र एजेंसी आरपीएससी को बनाए रखने, एनएमसी मानदंडों के अनुसार समय पर डीएसीपी लागू करने तथा पीजी डिग्रीधारी डेमॉन्स्ट्रेटर्स को असिस्टेंट प्रोफेसर पद पर पदोन्नति देने सहित प्रमुख मांगें है।

## बीमा योजना के लिए जिला कार्यालय बनेंगे सहायता केन्द्र

**जोधपुर ( हुक्मनामा समाचार )।** जरूरतमंद, असहाय एवं अल्प आय वर्ग के हित में राजस्थान सरकार द्वारा संचालित मुख्यमंत्री आयुष्मान आरोग्य योजना एवं राजस्थान सरकार स्वास्थ्य योजना में बीमित व पंजीकृत परिवारों को दुर्घटनाओं की स्थिति में आर्थिक संबल प्रदान करने के उद्देश्य से मुख्यमंत्री आयुष्मान दुर्घटना बीमा योजना लागू की गई है।

इस योजना के अंतर्गत रेल, वायु व सडक् दुर्घटनाएं, ऊंचाई से गिरना अथवा ऊंचाई से वस्तु गिरना, भवन गिरने, थ्रेशर/कुट्टी/आरा/ग्राइंडर जैसी मशीनों से दुर्घटनाएं, बिजली के झटके, डूबना, जलना तथा रासायनिक द्रव्यों से क्षति आदि आठ प्रकार की दुर्घटनाओं को शामिल किया गया है। इन परिस्थितियों में मृत्यु अथवा स्थाई अपंगता होने पर अधिकतम दस लाख प्रति परिवार प्रति वर्ष सहायता राशि प्रदान की जाएगी। लाभार्थी स्वयं अथवा ई-मित्र के माध्यम से एमएडीबीवाई पोर्टल पर ऑनलाइन दावा प्रस्तुत कर सकते हैं।

विभाग ने पाया है कि जानकारी के अभाव में कई पीड़ित परिवार सीधे दावा प्रस्तुत करने की बजाय मध्यस्थ व्यक्तियों के माध्यम से आवेदन कर रहे हैं, जिसके बदले में उनसे खाली चैक या राशि ली जाने जैसी शिकायतें मिली हैं। ऐसे मामलों की पृथक जांच की जा रही है। किसी भी प्रकार की जानकारी अथवा समस्या के समाधान हेतु लाभार्थी राज्य बीमा एवं प्रावधायी निधि विभाग, जिला कार्यालय, जोधपुर (कचहरी परिसर, तहसील कार्यालय के सामने स्थित समर्पित सहायता केन्द्र) से संपर्क कर सकते हैं। साथ ही जिला हेल्पलाइन 0291-2556436, 9351267373 अथवा सेंट्रल हेल्पलाइन 18001806268 पर भी जानकारी प्राप्त की जा सकती है।

## चलती कार पर ईंट लगने से युवती के सिर में घुसा कांच का टुकड़ा

### गंभीर घायल, अस्पताल में भर्ती

**हुक्मनामा समाचार**

**जोधपुर।** एयरपोर्ट थाना क्षेत्र में चलती कार पर आकर गिरी सीमेंट की ईंट लगने से एक युवती गंभीर घायल हो गई। कांच का टुकड़ा लगने से वह जख्मी हो गई। कार में युवती के अलावा चालक ही था। उसके पिता की तरफ से अज्ञात शख्स के खिलाफ ईंट फेंकने का आरोप लगाते हुए रिपोर्ट दी गई है। युवती के बयान फिलहाल नहीं हो पाए है। पुलिस मौका तस्दीक कर कार्रवाई में जुटी है। एयरपोर्ट थानाधिकारी रामकृष्ण ताडा ने बताया कि पृथ्वीराज नगर झालामंड निवासी रघुनाथ पुत्र बूटाराम गर्ग ने रिपोर्ट दी है। इनके अनुसार उनकी पुत्री तान्या गर्ग कार चालक के साथ में नायरा पेट्रोल पंप रोड से जा रही थी। तब चालक सीट के पास वाली जगह पर अचानक से एक सीमेंट की ईंट आकर कार के कांच से टकराई और कांच फूट गया। कांच लगने पर तान्या घायल हो गई। सिर में चोट लगने पर उसे अस्पताल में भर्ती करवाया गया है। उसके बयान नहीं हो पाए। थानाधिकारी ताडा ने बताया कि ईंट कैसे आकर लगी फिलहाल जांच की जा रही है। उसके बयान से स्थिति स्पष्ट हो सकेगी। कार में चालक और तान्या ही सवार थे।

## अधिवक्ताओं ने किया न्यायिक कार्यों का बहिष्कार

### बीकानेर में हाईकोर्ट की सर्किट बेंच की स्थापना संबंधी केंद्रीय कानून मंत्री के बयान का जताया विरोध





**हुक्मनामा समाचार**

**जोधपुर।** राजस्थान हाईकोर्ट और अधीनस्थ न्यायालयों के वकीलों ने केंद्रीय कानून मंत्री अर्जुनराम मेघवाल के बीकानेर में हाईकोर्ट की सर्किट बेंच की स्थापना संबंधी बयान के विरोध में आज न्यायिक कार्यों का स्वैच्छिक बहिष्कार किया। यह हड़ताल राजस्थान हाईकोर्ट एडवोकेट्स एसोसिएशन और राजस्थान हाईकोर्ट लायर्स एसोसिएशन के संयुक्त आह्वान पर की गई।

एडवोकेट्स एसोसिएशन के अध्यक्ष रतनाराम ठोलिया ने कहा कि सरकार ने करीब पांच दशक पहले जो भूल की थी, उसी तरह की दुबारा कोशिश को अधिवक्ता कामयाब नहीं होने देंगे। ऐसी किसी भी मंशा के खिलाफ तमाम अधिवक्ता एकजुट हैं और न्यायिक राजधानी की प्रतिष्ठा को कायम रखने के लिए हर स्तर पर आंदोलन के लिए तैयार है। वकीलों के कार्य बहिष्कार के कारण शुक्रवार को अदालतों में न्यायिक कामकाज प्रभावित हुआ। एडवोकेट्स एसोसिएशन के महासचिव शिवलाल बरवड़ और लॉयर्स एसोसिएशन के महासचिव मनीष टाक ने बताया कि सभी अधिवक्ताओं ने आज राजस्थान उच्च न्यायालय की जोधपुर मुख्यपीठ और समस्त अधिनस्थ न्यायालयों में व्यक्तिगत और वर्चुअल से उपस्थिति नहीं दी। न्यायिक कार्यों का स्वैच्छिक रूप से बहिष्कार किया गया। इसके अतिरिक्त, महीने का दूसरा शनिवार होने के कारण कल सभी अदालतों में अवकाश रहेगा। अब अदालतों में सामान्य कामकाज सोमवार को ही शुरू होने की संभावना है।

एडवोकेट्स एसोसिएशन के अध्यक्ष ठोलिया ने चेतावनी दी कि यदि सरकार राजस्थान उच्च न्यायालय को खंडित करने का प्रयास करती है तो पश्चिमी राजस्थान के गौरव की रक्षा और न्यायिक राजधानी के हितों की रक्षा के लिए कठोर कदम उठाने पड़ेंगे। समय रहते सरकार अपनी मंशा वापस नहीं लेती है, तो अधिवक्ताओं को कठोर आंदोलन के लिए मजबूर होना पड़ेगा और न्यायिक कार्यों का अनिश्चितकाल के लिए बहिष्कार भी करना पड़ सकता है।

स्वामी एवं प्रकाशक प्रदीप लोढ़ा के लिए 902, तीसरी ई-रोड, सरदारपुरा, जोधपुर से प्रकाशित तथा मुद्रक मनीष कुमार, माणक ऑफसेट प्रिन्टर्स, एमजीएच रोड, जोधपुर द्वारा मुद्रित। सम्पादक प्रदीप लोढा, फोन : 2540244, 2622321, फैक्स : 2541066,
**सिटी कार्यालय :** मालियों की गली, उदयमंदिर थाने के पास, जोधपुर। -**जयपुर कार्यालय :** जी-1, एफ ब्लॉक, गणपति एनक्लेव, अजमेर रोड जयपुर। फोन नं.-01412220403-05, समाचार सम्पादक (मानद): सैयद मुनव्वर अली, मो. 9929454286

## सम्पादकीय...

### कायाकल्प करने वाला अभियान



राज्य सरकार द्वारा 15 सितंबर से 15 अक्टूबर तक राज्य के शहरी क्षेत्र में चलाए जाने वाले शहरी सेवा शिविर के जरिए राज्य सरकार अपनी योजनाओं का जन-जन तक लाभ पहुंचाने के साथ आमजन की समस्याओं का निवारण और शहरी क्षेत्र का कायाकल्प करने की तैयारी में लगी है यदि मुख्यमंत्री की मंशा के अनुरूप यह कार्यक्रम चला तो राजस्थान को आने वाले समय में इसका बहुत सामाजिक, सांस्कृतिक और आर्थिक लाभ होगा। मुख्यमंत्री अपनी मंशा के अनुरूप कह चुके हैं कि प्रदेश के हर शहर और कस्बे में इसका व्यापक असर दिखना चाहिए, तथा इनको स्वच्छ और सुरक्षित बनाने के साथ ही शिविरों में जन समस्याओं का निस्तारण भी प्राथमिकता के साथ किया जाना है। अभियान के दौरान शहरों में व्यापक स्तर पर सफाई व्यवस्था सुनिश्चित की जाएगी, नालियों, सीवर लाइन, फेरों कवर और मेंन हाल की मरम्मत की जाएगी एवं प्रमुख चौराहे, पार्कों, सामुदायिक केदो और सार्वजनिक स्थलों को सौंदर्य कारण होगा इसी तरह सड़कों की मरम्मत होगी सीसी और डामर सड़क पर पेच का कार्य किया जाएगा, स्ट्रीट लाइटों को सुधारने के साथ ही अंधेरी और सुनसान सड़कों पर नई लाइट लगाई जाएगी ताकि नागरिकों की सुरक्षा सुनिश्चित हो सके अभियान में राज्य सरकार के स्वास्थ्य शासन, सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता, जन स्वास्थ्य अभियांत्रिकी, ऊर्जा, सार्वजनिक निर्माण ,राजस्व, महिला एवं बाल विकास तथा चिकित्सा एवं स्वास्थ्य विभाग की संयुक्त भागीदारी रहेगी जिससे नागरिकों की समस्याओं का त्वरित निस्तारण सुनिश्चित किया जाए। अभियान के तहत लगने वाले शिविरों में जन्म मृत्यु एवं विवाह पंजीयन, फायर एनओसी, ट्रेड लाइसेंस ,साइनेज लाइसेंस सीवर कनेक्शन, ओ एफसी एवं मोबाइल टावर एन ओ सी, ई डब्लू एस प्रमाण पत्र अनुमोदित योजना के पट्टे , उप विभाजित पुनर्गठन, उपयोग परिवर्तन नामांतरण भवन निर्माण स्वीकृति लीज होल्ड से फ्री होल्ड पट्टे जारी करना तथा यूडी टैक्स जमा करवाने की सुगम व्यवस्था की जाएगी।

*वैभव लोढ़ा...*

### इतिहास में आज

1948 – उप प्रधानमंत्री वल्लभ भाई पटेल ने सेना को हैदराबाद में घुस कर कार्रवाई करने और उसे भारतीय संघ के साथ एकीकृत करने का आदेश दिया।
2000 – भारत के विश्वनाथन आनन्द ने शेनयांन में पहला फ़िडे शतरंज विश्व कप जीता।
2006 – इब्सा का पहला शिखर सम्मेलन ब्राजील की राजधानी ब्रासीलिया में शुरू।
2009 – चन्द्रमा पर बर्फ़ खोजने का इसरो–नासा का अभियान असफल हुआ।

*-धर्म चंद मेहता*

### क्रॉस फायर

- नेपाल में अंतरिम प्रधानमंत्री के लिए प्रदर्शनकारियो में झड़प।
  - झगड़ा कुर्सी का।
- प्रधानमंत्री मोदी बोले भारत मॉरीशस पार्टनर नहीं परिवार।
  - पार्टनरशिप तो बराबर में होती है।
- केंद्र बोला राष्ट्रपति राज्यपाल पर डेडलाइन लागू करना गलत।
  - पर संविधान से कोई ऊपर नहीं।
- सीआरपीएफ ने कहा राहुल गांधी सुरक्षा प्रोटोकॉल नहीं मानते।
  - मांनेंगे तो सरकार के बैंड कैसे बजेंगे।
- सीआरपीएफ की राहुल को लेकर जारी रिपोर्ट पर कांग्रेस बोली विपक्ष के नेता को डराने की छिपी हुई कोशिश।
  - राजनीति में सब जायज।
- वाणिज्य मंत्री पीयूष गोयल बोले भारत अमेरिका व्यापार समझौते का पहला चरण नवंबर तक फाइनल।
  - ख्याल सोचने में क्या बुरा है।
- राज्य में 15 सितंबर से 15 अक्टूबर तक आयोजित होगा शहरी सेवा शिविर।
  - जनता को राहत मिलेगी।
- प्रतिपक्ष के नेता टीकाराम जूली ने कहा संवैधानिक अधिकारों का उल्लंघन कतई बर्दाश्त नहीं।
  - हनन करेंगे भी तो क्या कर लोगे।

*.............अंजू लोढ़ा*

### आज का राशिफल

**शनिवार 13 सितम्बर, 2025**



**मेष राशि:** आज के दिन आपका स्वभाव थोड़ा चिड़चिड़ा रह सकता है। आज परिवार की किसी बुजुर्ग व्यक्ति से धनलाभ के योग आपकी राशि में दिखाई दे रहे हैं। आज वाणी में मधुरता बनाए रखें।



**वृषभ राशि:** आज दिनभर आपका मन चंचल बना रहेगा। एक जगह आपका मन नहीं रुकेगा। मन को एकाग्र करने के लिए मधुर संगीत सुनें। आज भाग्य आपके साथ है।



**मिथुन राशि:** आज दिन सामान्य रहेगा लेकिन आज छोटे छोटे कार्यों के लिए बड़ी बड़ी मेहनत आपको करनी पड़ सकती है। आज दैनिक कार्यों में व्यवधान भी आ सकते हैं। इसलिए अपने कार्यों पर ध्यान दें।



**कर्क राशि:** कर्क राशि वालों के लिए आज का दिन सामान्य है लेकिन आज आपको धैर्य बनाकर रखना होगा। अपने मन को काबू में रखना होगा। आज आपका मन ऐसे कार्यों की ओर दौडने की कोशिश करेगा।



**सिंह राशि:** आज भाग्य आपके साथ है। धन लाभ के योग दिखाई दे रहे हैं लेकिन आज आपको अपने स्वास्थ्य के प्रति थोड़ा सचेत रहने की आवश्यकता है। खाने पीने की वस्तुओं मैं सावधानी बरतनी जरूरी है।



**कन्या राशि:** आज का दिन धन लाभ वाला है। आज रुका हुआ धन आपके पास लौटेगा। अगर आप व्यापारी है तो सामान्य लाभ आपको होगा अगर आप बिजनेस करते हैं।



**तुला राशि:** आज आर्थिक लाभ के योग आपकी राशि में दिखाई दे रहे हैं। आज आय के स्त्रोत बनेंगे और ऐसे मौके आपको मिलेंगे जो भविष्य तक आपको धन लाभ देते रहेंगे।



**वृश्चिक राशि:** आप पिछले कुछ दिनों से जिन चिंताओं में घिरे हुए थे आज उनमें कमी आएगी। आज अपने लिए वस्त्र आप खरीदेंगे। खर्च की अधिकता आपकी राशि में आज दिखाई दे रही है।



**धनु राशि:** आज का दिन सामान्य से थोड़ा कम बेहतर है। अगर आप नौकरी करते हैं तो आज सीनियर से विवाद हो सकता है। अपने कार्यों को अच्छी तरह से पूर्ण करें। सहकर्मियों पर किसी भी कार्य को छोडना आज उचित नहीं है।



**मकर राशि:** आज परिवार में किसी बुजुर्ग का स्वास्थ्य अचानक बिगड़ सकता है। विशेषकर माता के स्वास्थ्य के प्रति आपको सचेत रहने की आवश्यकता है। आज छोटी-छोटी बातों पर गुस्सा आपको आ सकता है।



**कुम्भ राशि:** आज आपकी जिम्मेदारी बढ़ेगी। परिवार में किसी व्यक्ति से अपका विवाद हो सकता है। छोटी-छोटी बातों पर बहस करना आपके लिए आज उचित नहीं है। पिता का भरपूर सहयोग आज आपको मिलने वाला है।



**मीन राशि:** आज दैनिक कार्यों में बाधाएं आ सकती हैं। रोजमर्रा के कार्यों के लिए आज आपको सामान्य से अधिक मेहनत करनी पड़ सकती है। आज जीवन साथी से भी मतभेद होने की आशंका भी आपकी राशि में दिखाई दे रही है।



राजेन्द्र गुप्ता
ज्योतिषी और हस्तरेखाविद, मो. 9611312076

**नोट**- अगर आप अपना भविष्य जानना चाहते हैं तो दिए गए मोबाइल नंबर पर कॉल करके या इसी व्हाट्स एप नम्बर पर मैसेज भेजकर पहले शर्तें जान लेवें, इसी के बाद अपनी बर्थ डिटेल और हैंडप्रिंट्स भेजें।

### न्यूज़ चैनलों पर नफरती बयान

# प्रिंट मीडिया की साख आज भी कायम



बाल मुकुन्द ओझा

हमारा पड़ोसी देश नेपाल सोशल मीडिया से उत्पन्न हिंसक क्रांति की आग से सुलग रहा है। नेपाल में चल रहे विरोध प्रदर्शनों और हिंसा को लेकर भारत का सियासी पारा भी हाई है। वहीं हमारे यहां के बयानवीर नेता भारत में भी अपने बयानों के जरिये आग लगाने का कुत्सित प्रयास कर रहे है। रही सही कसर टीवी चैनलों की बहस पूरी कर रहे है। विभिन्न न्यूज़ चैनलों पर बहस के दौरान कांग्रेस सहित इंडिया ब्लॉक के नेता भारत में भी ऐसी घटनाओं के घटित होने पर अपनी आग उगलने लगे है। संजय राउत और उदित राज जैसे नेता कहां पीछे रहने वाले है। सोशल मीडिया को कुछ लोगों ने अपना हथियार बनाकर नेपाल के हालात की भारत से तुलना करने लगे हैं। सोशल मीडिया पर कह दिया कि लोग चर्चा कर रहे हैं जिस तरह से नेपाल, श्रीलंका और बांग्लादेश में सत्ता को जनता ने उखाड़ फेंका है, क्या भारत में ऐसा नहीं हो सकता। देश के नामी गिरामी न्यूज़ चैनलों पर अभद्रता, गाली गलौज और मारपीट की घटनाएं अब आम हो गई है। न्यूज चैनल्स की डिबेट्स की भाषाई मर्यादाएं और गरिमा तार तार हो रही है। ऐसा लगता है डिबेट्स में झूठ और नफरत का खुला खेल खेला जा रहा है। डिबेट्स और चैनलों का ये गिरता स्तर लोकतंत्र के लिए खतरनाक है। प्रमुख पार्टियों के प्रवक्ता जिस प्रकार की भाषा का प्रयोग कर रहे है वह निश्चय ही निंदनीय और शर्मनाक है। देश में कुकुरमुत्तों की तरह न्यूज़ चैनलों की बाढ़ सी आ गई है। इन चैनलों पर प्रतिदिन देश में घटित मुख्य घटनाओं और नेताओं की बयानबाजी पर टीका टिप्पणियों को देखा और सुना जा सकता है। राजनीतिक पार्टियों के चयनित प्रवक्ता और कथित विशेषज्ञ इन सियासी बहसों में अपनी अपनी पार्टियों का पक्ष रखते है। न्यूज़ चैनलों पर इन दिनों जिस प्रकार के आरोप प्रत्यारोप और नफरती बोल सुने जा रहे है उससे लोकतंत्र की धज्जियाँ उड़ते देखा जा सकता है। बड़े बड़े और धमाकेदार शीर्षकों वाली इन बहसों को सुनकर किसी मारधाड़ वाली फिल्मों की यादें जाग्रत हो उठती है। एंकर भी इनके आगे असहाय नज़र आते है। कई बार छीना झपटी, गाली गलौज और मारपीट की नौबत आ जाती है। सच तो यह है जब से टीवी न्यूज चैनलों ने हमारी जिंदगी में दखल दिया है तब से हम एक दूसरे के दोस्त कम दुश्मन अधिक बन रहे है। समाज में भाईचारे के स्थान पर घृणा का वातावरण ज्यादा व्याप्त हो रहा है। बहुत से लोगों ने मारधाड़ वाली और डरावनी बहसों को न केवल देखना बंद कर दिया है अपितु टीवी देखने से ही तौबा कर लिया है। लोगों ने एक बार फिर इलेक्ट्रॉनिक के स्थान पर प्रिंट मीडिया की ओर लौटना शुरू कर दिया है। आज भी अखबार की साख और विश्वसनीयता अधिक प्रामाणिक समझी जा रही है। डिजिटल और इलेक्ट्रॉनिक मीडिया की अपेक्षा आज भी प्रिंट मीडिया पर लोगों की विश्वसनीयता बरकरार है। आज भी लोग सुबह सवेरे टीवी न्यूज़ नहीं अपितु अखबार पढ़ना पसंद करते है। प्रबुद्ध वर्ग का कहना है प्रिंट मीडिया आज भी अपनी जिम्मेदारी का बखूबी निर्वहन कर रहा है। इस समय देश के न्यूज चैनलों और सोशल मीडिया पर नफरत और घृणा के बादल मंडरा रहे है। देश में हर तीसरे महीने कहीं न कहीं चुनावी नगाड़े बजने शुरू हो जाते है। इस साल बिहार में चुनाव होने वाले है। चुनावों के आते ही न्यूज़ चैनलों की बांछें खिल जाती है। चुनावों पर गर्मागरम बहस शुरू हो जाती है। राजनीतिक दलों के नुमाइंदे अपने अपने पक्ष में दावे प्रतिदावे शुरू करने लग जाते है। इसी के साथ ऐसे ऐसे आरोप और नफरत पैदा करने वाली दलीले दी जाने लगती है कि कई बार देखने वालों का सिर शर्म से झुक जाता है। यही नहीं देश में दुर्भाग्य से कहीं कोई घटना दुर्घटना घट जाती है तो न्यूज़ चैनलों पर बढ़चढ़कर ऐसी ऐसी बातों की झड़ी लग जाती है जिन पर विश्वास करना नामुमकिन हो जाता है। इसीलिए लोग इलेक्ट्रॉनिक के स्थान पर प्रिंट मीडिया की विश्वसनीयता को अधिक प्रमाणिक मानते है। इसी कारण लोगों ने टीवी चैनलों पर होने वाली नफरती बहस को देखनी न केवल बंद कर दी अपितु बहुत से लोगों ने टीवी देखने से ही तौबा कर ली। गंगा जमुनी तहजीब से निकले भारतीय घृणा के इस तूफान में बह रहे हैं। विशेषकर नरेंद्र मोदी के प्रधान मंत्री बनने के बाद घृणा और नफरत के तूफानी बादल गहराने लगे है। हमारे नेताओं के भाषणों, वक्तव्यों और फेसबुक, इंस्टाग्राम, व्हाट्सएप और ट्विटर जैसे सोशल मीडिया प्लेटफार्म पर सुचिता के स्थान पर नफरत, झूठ, अपशब्द, तथ्यों में तोड़-मरोड़ और असंसदीय भाषा का प्रयोग धड़ल्ले से होता देखा जा सकता हैं। हमारे नेता अब आए दिन सामाजिक संस्कारों और मूल्यों को शर्मसार करते रहते हैं। स्वस्थ आलोचना से लोकतंत्र सशक्त, परंतु नफरत भरे बोल से कमजोर होता है, यह सर्व विदित है। आलोचना का जवाब दिया जा सकता है, मगर नफरत के आरोपों का नहीं। आज पक्ष और विपक्ष में मतभेद और मनभेद की गहरी खाई है। यह अंधी खाई हमारी लोकतान्त्रिक परम्पराओं को नष्ट भ्रष्ट करने को आतुर है। देश में व्याप्त नफरत के इस माहौल को खत्म कर लोकतंत्र की ज्वाला को पुर्नस्थापित करने की महती जरूरत है और यह तभी संभव है जब हम खुद अनुशासित होंगे और मर्यादा की लक्ष्मण रेखा का उल्लंघन नहीं करेंगे।

# जीवित्पुत्रिका व्रत–संतान की लंबी उम्र का पर्व

- महेन्द्र तिवारी

हिंदू संस्कृति में मातृत्व का स्थान सर्वोच्च माना गया है। संतान की रक्षा, स्वास्थ्य और दीर्घायु के लिए किए जाने वाले अनेक व्रतों और उत्सवों में जीवित्पुत्रिका व्रत (जितिया व्रत) का विशेष महत्व है। यह पर्व मातृत्व की अटूट आस्था और संतान के प्रति समर्पण का प्रतीक है। विशेषकर बिहार, झारखंड, उत्तर प्रदेश और नेपाल के कुछ हिस्सों में यह व्रत बड़े श्रद्धा भाव और परंपरागत रीति-रिवाजों के साथ मनाया जाता है। व्रत की तिथि और अवधि जीवित्पुत्रिका व्रत हर साल आश्विन मास के कृष्ण पक्ष की अष्टमी तिथि को मनाया जाता है। इसके ठीक एक दिन पहले सप्तमी को नहाय-खाय की परंपरा होती है। वर्ष 2025 में नहाय-खाय 13 सितंबर को और जीवित्पुत्रिका व्रत 14 सितंबर को रखा जाएगा। अष्टमी तिथि का समापन 15 सितंबर की देर रात होगा, इसलिए पारण (व्रत खोलना) 15 सितंबर को सूर्योदय के बाद किया जाएगा। इस प्रकार व्रत की शुरुआत सप्तमी से होती है और नवमी को पूर्ण होती है। कई बार तिथि के अनुसार यह व्रत 36 घंटे तक भी चल सकता है। **नहाय-खाय की परंपरा** नहाय-खाय के दिन व्रती महिलाएं स्नान-ध्यान कर शुद्धता और संकल्प के साथ जीमूतवाहन देव की पूजा करती हैं। इसके बाद वे सात्विक भोजन करती हैं, जो अगले दिन के कठोर निर्जला उपवास की तैयारी मानी जाती है। इस अवसर पर विशेष रूप से मडुआ की रोटी, नोनी की साग, दही और चूड़ा (पोहा) खाने की परंपरा है। यह भोजन ऊर्जा देने वाला और पचने में हल्का होता है।

**जितिया व्रत का पालन** अष्टमी तिथि के दिन विवाहित महिलाएं निर्जला व्रत रखती हैं, अर्थात पूरे दिन और रात बिना भोजन और पानी के उपवास करती हैं। सूर्योदय से पहले वे केवल सात्विक आहार और जल ग्रहण कर सकती हैं। दिनभर वे जीमूतवाहन की पूजा करती हैं और संतान के कल्याण के लिए कथा सुनती या पढ़ती हैं। शाम को महिलाएं पीपल के पेड़ के नीचे एकत्र होकर कथा का पाठ करती हैं। पीपल के वृक्ष को ब्रह्मा, विष्णु और महेश का वास स्थल माना जाता है, अतः उसकी पूजा से सभी कष्ट दूर होने की मान्यता है। **जीमूतवाहन की कथा और महत्व** जितिया व्रत का आधार जीमूतवाहन की प्रेरणादायक कथा है। जीमूतवाहन गंधर्व राजकुमार थे, जिन्होंने एक नागिन के पुत्र को गरुड़ के आक्रमण से बचाने के लिए अपना जीवन बलिदान कर दिया। उनके इस त्याग और निस्वार्थ प्रेम ने उन्हें संतान-सुरक्षा के प्रतीक के रूप में स्थापित कर दिया। यही कारण है कि जितिया व्रत में उनकी पूजा कर माताएं अपनी संतान की रक्षा और दीर्घायु की कामना करती हैं।

**व्रत कथा का पाठ और दान** व्रत का पूरा फल प्राप्त करने के लिए कथा का पाठ करना अथवा सुनना आवश्यक माना गया है। कथा सुनने से मन और विचार शुद्ध होते हैं तथा मातृत्व की शक्ति और प्रेम का महत्व स्मरण होता है। नवमी तिथि को व्रत खोलते समय व्रती महिलाएं गरीबों, ब्राह्मणों और जरूरतमंदों को भोजन, वस्त्र और दान प्रदान करती हैं। यह दान-पुण्य पितरों के आशीर्वाद और शुभ फल दिलाने वाला माना जाता है। जितिया का धागा इस पर्व का एक प्रमुख प्रतीक जितिया का धागा है। यह धागा मां और संतान के बीच के अटूट रिश्ते और सुरक्षा का प्रतीक माना जाता है। व्रत के दौरान मां और बच्चे दोनों इस धागे को पहनते हैं। व्रत पूर्ण होने के बाद इस धागे को लापरवाही से फेंकना अशुभ माना जाता है। इसे या तो जल में विसर्जित, तुलसी या पीपल पर चढ़ाना, या पूजा स्थल पर सुरक्षित रखना चाहिए। यह माना जाता है कि ऐसा करने से मां का आशीर्वाद हमेशा संतान के साथ बना रहता है। **धार्मिक और सामाजिक महत्व** जीवित्पुत्रिका व्रत केवल धार्मिक आस्था से जुड़ा अनुष्ठान नहीं है, बल्कि यह मां और संतान के रिश्ते की गहराई, परिवार की एकता, और सामुदायिक जुड़ाव को भी प्रकट करता है। ग्रामीण क्षेत्रों में महिलाएं सामूहिक रूप से यह व्रत करती हैं, जिससे सामाजिक एकजुटता और परंपरागत मूल्य सुदृढ़ होते हैं। यह पर्व मातृत्व के त्याग, धैर्य और शक्ति की याद दिलाता है। **निष्कर्ष** जीवित्पुत्रिका व्रत मातृत्व के प्रेम, समर्पण और त्याग का अनोखा पर्व है। यह सिर्फ एक धार्मिक अनुष्ठान नहीं, बल्कि पीढ़ियों से चली आ रही सांस्कृतिक विरासत है, जो माताओं के संकल्प और संतान के प्रति अटूट प्रेम को जीवंत करती है। संतान की सुरक्षा और दीर्घायु के लिए किया जाने वाला यह व्रत, समाज में पारिवारिक मूल्यों, आस्था और सामूहिकता की भावना को भी मजबूत बनाता है। इसलिए जितिया व्रत को मातृत्व के उत्सव के रूप में देखना और इसकी परंपराओं का सम्मान करना हमारे सांस्कृतिक जीवन को और समृद्ध बनाता है।

## गर्व से कहो–हिंदी हैं हम

*डॉ.हरीश सुवासिया*

वर्तमान विश्व में भारत की पहचान हिंदी जुबान से है। हिंदी भाषा स्वतंत्रता से पहले, स्वतंत्रता के दौरान और स्वतंत्रता के बाद से लोकप्रिय भाषा बनी हुई है। हिंदी नाम फारसी के शब्द हिंद से आया है जिसका अर्थ है सिंधु नदी की भूमि। हिंदी भाषा इंडो-यूरोपियन परिवार के इंडो-आर्यन भाषाओं के सदस्यों में एक है किंतु इस भाषा में कोई भी लेख मौजूद नहीं है। हिंदी के कई शब्द ऐसे हैं, जो संस्कृत भाषा से प्रेरित हैं। हिंदी भाषा मूलतः ध्वन्यात्मक लिपि में लिखी गयी है। इस भाषा के शब्दों को हम उसी तरह स्पष्ट करते हैं जिस तरह से इन्हें लिखा गया है। ऐसे कई शब्द हैं जिन्हें पढ़कर लगता है कि ये अंग्रेजी के शब्द हैं लेकिन वस्तुतः ये शब्द हिंदी भाषा के हैं, जैसे- जंगल, लूट, बंगला, योग, कर्म, अवतार, गुरु आदि। हिंदी भाषा में सभी संज्ञाओं में लिंग हैं। यह या तो स्त्रीलिंग हैं या पुल्लिंग हैं। इसमें विशेषण और क्रियाएँ लिंग के आधार पर अलग-अलग होती हैं। हिंदी उन सात भाषाओं में से एक है जिसका इस्तेमाल वेब एड्रेस बनाने के लिए भी किया जाता है। दुनिया में हर ध्वनि को हिंदी भाषा में लिखा जा सकता है। हिंदी भाषा का प्रयोग केवल भारत में ही नहीं बल्कि विश्व के अन्य देशों- पाकिस्तान, फिजी, नेपाल, श्रीलंका, सिंगापुर, न्यूजीलैंड, यूनाइटेड अरब अमीरात, ऑस्ट्रेलिया आदि में भी किया जाता है। वैश्विक भाषा बनने की पहली शर्त यह है कि अधिक से अधिक लोग उस भाषा में संवाद करें,उसमें दूसरी भाषाओं के शब्दों को आत्मसात करने की क्षमता हो, उसका साहित्य समृद्ध हो इत्यादि। इन सभी कसौटियों पर हिंदी भाषा खरी उतरती है। आज विश्व के अनेक देशों के करोड़ों लोग हिंदी लिखते एवं बोलते हैं। चीन की भाषा मंदारिन दुनिया में सबसे अधिक बोली जाती है। इसे बोलने वालों की संख्या लगभग 1.3 अरब है। इस क्रम में दूसरे स्थान पर स्पेनिश, तीसरे स्थान पर हिंदी है। विश्व में हिंदी बोलने वालों की संख्या लगभग साठ करोड़ से अधिक है। वर्तमान में लगभग तीन दर्जन से अधिक देशों में हिंदी भाषा का बोलचाल की भाषा के रूप में प्रयोग करते है। हिंदी भाषा पूरी दुनिया में तीसरी व्यापक रूप से बोली जाने वाली भाषा है दूसरे देश जहाँ पर व्यापक रूप से हिंदी बोली जाती है उनमें पाकिस्तान, नेपाल, मॉरीशस, फिजी, गुयाना, सूरीनाम आदि शामिल हैं। दुनिया भर के लोग हिंदी गीतों और हिंदी फिल्मों को पसंद करते हैं! यह उन लोगों का हिंदी भाषा के प्रति स्नेह और अपनापन है।इधर भूमंडलीकरण और बजारवाद की वजह से हिंदी की लोकप्रियता दिनोंदिन बढ़ रही है। आज दुनिया एक गाँव बन गयी है। विश्व के लिए भारत का बाजार बहुत ही बड़ा है और इसके विस्तार की अपार संभावना है। भारत की बहुसंख्यक आबादी हिंदी भाषी है। इसलिये, भारतीय बाजार में घुसने का रास्ता हिंदी भाषा के सहारे से गुजरता है। बहुराष्ट्रीय उत्पादों का विज्ञापन हो या प्रचार प्रसार की भाषा हो, जब तक वह हिंदी में नहीं होगी, किसी उत्पाद को भारत में बेचना मुश्किल है। बड़ा बाजार होने के कारण ही अंग्रेजी व दूसरी विदेशी भाषाई फिल्मों को हिंदी में डब किया जा रहा है। इतना ही नहीं दक्षिण भारत एवं पंजाबी फिल्मों को भी हिंदी में डब किया जा रहा है। जाहिर है, हिंदी के विस्तार में भारतीय बाजार बड़ी भूमिका निभा रहा है ! यह सब हिंदी को व्यापक और विशाल भाषा बनाते है! इधर एक कटु सत्य यह है कि हिंदी भाषा दुनिया की चौथी व्यापक बोली जाने वाली भाषा बन गई लेकिन इसके अपने देश के लोग इसके महत्व को भूलते जा रहे हैं। अब तो जहाँ देखो वहाँ लोग अंग्रेजी को ही अधिक महत्व दे रहे हैं। स्कूल, कॉलेज, कॉर्पोरेट, कार्यालयों आदि हर जगह अंग्रेजी को हिंदी से ज़्यादा प्राथमिकता दी जा रही है। यही कारण है कि हिंदी अंग्रेजी से पिछड़ती जा रही है। हमें सरकारी और वैयक्तिक स्तर पर माता-पिता और शिक्षको को अपने बच्चों को अंग्रेजी के बजाय हिंदी सीखने पर प्रेरित करना हैं क्योंकि अब हिंदी भाषा का वैश्विक दायरा बढा है वह ज्ञान और रोजगार पाने में बेहतर मददगार बन रही है। हिंदी हमारे देश की सबसे प्रमुख भाषाओं और सबसे ज़्यादा बोली जाने वाली भाषाओं में से एक है। देश में हिंदी भाषा को हर कोई आसानी से समझ सकता है और बोल सकता है। कई लोगों के मन में यह प्रश्न उठता है कि भारत की राष्ट्र भाषा कौन सी है? तो आपको जानकारी के लिए बता दें कि हिंदी भारत की राष्ट्र भाषा नहीं हैं बल्कि हिंदी भारत की 'राजभाषा' है, जिसे 14 सितंबर, सन् 1949 को भारतीय संविधान से संवैधानिक दर्जा प्राप्त हुआ था। संविधान सभा ने देवनागरी लिपी में लिखी हिंदी को भारत की भाषा के तौर पर अपना लिया और 14 सितंबर, सन् 1949 के दिन हिंदी को राजभाषा का दर्जा मिल गया। हमारे देश के सबसे पहले प्रधानमंत्री पंडित जवाहरलाल नेहरू ने कहा- इस दिन के महत्व को देखते हुए हर साल 14 सितंबर का दिन हिंदी दिवस के रूप में मनाया जाएगा। अगर देखा जाये तो हिंदी भाषा का इतिहास 12वीं शताब्दी का है जिसका उदय आज से लगभग 300 साल पहले हुआ था। हिंदी भाषा पूरे विश्व में सबसे पुरानी, प्राचीन और प्रभावशाली भाषाओं में से एक है। हमें हमारी मातृभाषा हिंदी को बोलने में सदैव गौरवान्वित महसूस करना चाहिए।

## महागठबंधनो की बढ़ती महिला



कांतिलाल मांडोत

भारतीय लोकतंत्र 1977 के बाद से ही एक पार्टी के प्रभुत्व और कई पार्टियों के महा गठजोड़ के बीच झूलता आ रहा है।पहले कांग्रेस का दबदबा हुआ करता था तो मई 2014 के बाद से भारतीय जनता पार्टी इस हैसियत में पहुंच गई । वैसे, राज्यों में तो गठबंधन का दौर काफी पहले 1967 में ही आ गया था, जब कांग्रेस 16 विधानसभा चुनावों में से आठ में हार गई थी।उत्तर के इन सात राज्यों और दक्षिण के तमिलनाडु में गठबंधन सरकारों और वैचारिक रूप से व्यापक गठबंधनों का प्रयोग हुआ था। ये तमाम गठबंधन भले नाजुक, अस्थायी और परेशानी वाले रहे हों, अगर इनमें मतदाताओं का व्यापक प्रतिनिधित्व हुआ करता था। फिर 1977 में इंदिरा गांधी की निरंकुश इमरजेंसी और जेपी आंदोलन की परिणति जनता पार्टी के रूप में एक महागठबंधन में हुई, जिसमें वैचारिक रूप से विपरीत ध्रुव की पार्टियां शामिल थीं-जनसंघ से लेकर वाम मोर्चे तक. जयप्रकाश नारायण कांग्रेस विरोधी विपक्ष के मसीहा बन गए।1977 के इसी प्रयोग के आधार पर विश्वनाथ प्रताप सिंह ने 1989 में राजीव गांधी को सरकार के खिलाफ गठबंधन बनाने का कामचलाऊ प्रयोग किया जिसमें बीजेपी और वाम मोर्चे को सहयोगी के रूप में शामिल किया गया। आगे चलकर 1996 में दिल्ली में दो और अल्पमत संयुक्त मोर्चा सरकारों के प्रयोग हुए-एक एच.डी. देवेगौड़ा के नेतृत्व में और दूसरा इंदर कुमार गुजराल के नेतृत्व में।

उस समय तक क्षेत्रीय पार्टियों और राज्यों के क्षत्रपों की महत्वाकांक्षाओं का उभार इतना हो चुका था कि चुनावी नजरिए से राष्ट्रीय पार्टियों के लिए उन्हें नजरअंदाज करना लगभग नामुमकिन हो गया। लिहाजा, दो प्रमुख राष्ट्रीय गठबंधनों की नींव पड़ी, जो भारतीय राजनीति की नई हकीकत बन गए। कांग्रेस के नेतृत्व वाला संयुक्त प्रगतिशील गठबंधन (यूपीए) और बोजेपी के नेतृत्व वाला राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन (एनडीए) पिछले दो दशकों से क्षेत्रीय दलों ने इन्हीं में से किसी एक के साथ अपनी निष्ठाओं और अपने चुनावी भविष्य को बांध रखा है।हालांकि पिछले दौर में इस तरह के गठबंधन नाजुक रहे और कोई भी सरकार में कार्यकाल पूरा करने में कामयाब नहीं हो पाया। लेकिन 1998 के बाद से केंद्र में सत्ता में आए गठबंधन टिकाऊ रहे और सभी ने पांच साल का कार्यकाल पूरा किया। 2014 के आम चुनावों में मोदी के नेतृत्व में बीजेपी को बहुमत मिला लेकिन उसने फिर भी एनडीए की छतरी तले ही बने रहना पसंद किया और जिन राज्यों में वह सत्ता में नहीं थी।वहां भी उसने एनडीए के नाम से ही चुनाव लड़ा। यह भाजपा की साफ नीतियों का ही परिणाम है कि जनसंघ से निकले रास्ट्रीय फलक के नेता विश्वास संपादन करने में ही अपनी योग्यता समझते है।इनकी कथनी और करनी समान होती है। हालांकि कांग्रेस को जब यह लगने लगा कि बीजेपी का रथ रोकना असंभव सा है। बिहार में चतुर लालू प्रसाद यादव के बेटे तेजस्वी और राहुल गांधी ने मिलकर बिहार में वोटनीति को लेकर और भाजपा पर वोट चोरी का आरोप लगाकर शहर शहर वोट अधिकार यात्रा निकाली।उसके पूर्व इंडिया गठबंधन का पूरा सहयोग माना जा रहा था।लेकिन इंडिया गठबंधन के कई दल वोट चोरी के इस आरोप में शामिल नही हुए।उसकी बड़ी वजह थी कि वे साख खराब नही करना चाहते है। अब सवाल है कि 2025 में कौन जीतेगा ? एनडीए ताकतवर बना रहेगा या फिर बिहार की तर्ज पर किसी महागठबंधन से मात खा जाएगा ? यकीनन, इस वर्ष बिहार में विधानसभा चुनाव होने है। नरेंद्र मोदी लोकप्रिय बने हुए हैं और ये गरीबों के हक की लड़ाईलड़ते है।देश को फायदे में तब्दील कर लिया है। दूसरे, कांग्रेस के राहुल गांधी से मिलने वाली चुनौती भले ही पिछले कई साल में कमजोर पड़ी हो लेकिन वे अब भी मोदी को टारगेट करना नही छोड़ते है।

वे सबसे प्रमुख प्रतिद्वंद्वी बने हुए हैं। तीसरे, अन्य% की श्रेणी में बताए जाने वालों की चुनौती बढ़ी है। क्या ये सभी मिलकर राष्ट्रीय स्तर पर जेपी की शैली का एक महागठबंधन बनाकर 2025 में बीजेपी के सामने तगड़ी चुनौती पेश कर सकते हैं? बिहार में नीतीश और लालू का महागठबंधन व्यापक गठजोड़ विचारो के नए स्वरूप की बेहतरीन मिसाल पेश नही कर सका। दोनो नेता जेपी के शिष्य रहे है।जो महागठबंधन की राजनीति के जनक माने जाते हैं।अब सवाल यहीं है कि क्या राष्ट्रीय स्तर पर इस तरह के किसी गठबंधित में कांग्रेस को पार्टी के तौर पर स्वीकार किया जा सकता है जो लंबे समय तक मुख्य देश में अकेली सबसे बड़ी पार्टी रही है। कांग्रेस बिहार में 2015 के महागठबंधन का भी हिस्सा थी।

# दुकानदारों को नई राशन दुकानें रोकने का अधिकार नहीं

## हाईकोर्ट से सरकारी उचित मूल्य दुकानदारों को झटका, कहा- नहीं दे सकते सरकारी नीति को चुनौती

हुक्मनामा समाचार

**जोधपुर।** राजस्थान हाईकोर्ट ने फेयर प्राइस शॉप (एफपीएस) संचालकों की एक मांग को खारिज करते हुए स्पष्ट कर दिया है कि मौजूदा एफपीएस लाइसेंसधारक अपने क्षेत्र में नई दुकानें खुलने से रोकने का दावा नहीं कर सकते। हाईकोर्ट के जस्टिस सुनील बेनीवाल ने शुक्रवार को 17 रिट याचिकाओं पर एक साथ रिपोर्टेबल जजमेंट सुनाते हुए कहा कि यह राज्य सरकार की नीतिगत शक्ति है कि वह किसी क्षेत्र में कितनी राशन दुकानें खोले।



मुख्य याचिकाकर्ता नागौर निवासी मोहम्मद सलीम ने अपनी रिट याचिका में बताया था कि उसे साल 2000 में वार्ड नंबर 27 दादा मोहल्ला नागौर शहर में एक राशन दुकान आवंटित की गई थी। सीमाओं के पुनर्निर्धारण के बाद इसे वार्ड नंबर 28 और बाद में वार्ड नंबर 34 का नाम दिया गया था। वर्तमान में सलीम राष्ट्रीय खाद्य सुरक्षा अधिनियम 2013 के तहत लगभग 500 राशन कार्ड धारकों को सेवा दे रहा है।

समस्या तब शुरू हुई जब राज्य सरकार ने 25 जून को एक विज्ञापन जारी कर स्थानीय विधायक और मंत्री की सिफारिश पर नई राशन दुकानों की स्थापना का प्रस्ताव रखा। इसमें वार्ड नंबर 34, दादा मोहल्ला, गिनानी तालाब, नागौर शहर में एक नई दुकान शामिल थी, जो ठीक उसी स्थान पर थी, जहां सलीम पहले से दुकान चला रहा था।

सलीम सहित कुल 17 याचिकाकर्ताओं ने कोर्ट में दलील दी थी कि राज्य सरकार के दिशा-निर्देशों के अनुसार, जहां मौजूदा एफपीएस में 500 या उससे कम राशन कार्ड धारक हों, वहां नई दुकान नहीं खोली जा सकती। उन्होंने सरकारी परिपत्रों का हवाला दिया था।

**राज्य सरकार का नया सर्कुलर** : राज्य सरकार ने अपने बचाव में 10 मई 2025 का एक नया सर्कुलर पेश किया। इसमें कहा गया है कि 500 राशन कार्ड की शर्त को बनाए रखा जाएगा, लेकिन भौगोलिक परिस्थितियों और जनहित को देखते हुए जिला कलेक्टर के स्तर पर इसमें शिथिलता दी जा सकती है। कोर्ट ने याचिकाकर्ताओं के इस आरोप को खारिज कर दिया कि नई एफपीएस दुकानें राजनीतिक प्रभाव से खोली जा रही हैं। कोर्ट ने कहा कि स्थानीय विधायक और मंत्री, जनप्रतिनिधि होने के नाते, जनता की मांग के आधार पर एफपीएस खोलने की सिफारिश कर सकते हैं।

## मलानी एक्सप्रेस के टर्मिनल स्टेशन में परिवर्तन

हुक्मनामा समाचार

**जोधपुर।** उत्तर रेलवे द्वारा बाड़मेर-दिल्ली-बाड़मेर मलानी एक्सप्रेस के टर्मिनल स्टेशन में परिवर्तन किया जा रहा है। यह रेलसेवा दिल्ली के स्थान पर बाड़मेर-दिल्ली सराय-बाड़मेर के मध्य संचालित होगी। मंडल रेल प्रबंधक अनुराग त्रिपाठी के अनुसार गाड़ी संख्या 20487 बाड़मेर-दिल्ली सराय मलानी एक्सप्रेस जो 13 नवंबर से बाड़मेर से प्रस्थान करेगी वह रेलसेवा दिल्ली सराय स्टेशन पर 12.30 बजे आगमन करेगी। इसी प्रकार गाड़ी संख्या 20488, दिल्ली सराय-बाड़मेर मलानी एक्सप्रेस 14 नवंबर से दिल्ली के स्थान पर दिल्ली सराय से 15.50 बजे प्रस्थान कर अपने निर्धारित समय से बाड़मेर पहुंचेगी।

## अलग-अलग तरह के बनाए स्वादिष्ट व्यंजन, जैन तम्बोला आज



**जोधपुर (हुक्मनामा समाचार)।** जैन युवा संघ सोसायटी का ग्रांड तम्बोला शनिवार को सरदार दून स्कूल में खेला जाएगा। इससे पहले आज मास्टर शेफ प्रतियोगिता आयोजित की गई।

तम्बोला संयोजक शैलेन्द्र भंडारी व प्रवीण धारीवाल ने बताया कि इस आकर्षण के साथ तम्बोला गेम होगा जिसमें विदेश के लिए कपल टिकट सहित फ्रीज, टीवी व अन्य आकर्षक पुरस्कार दिए जाएंगे। खेलकूद मंत्री अनिल सिंघवी ने बताया कि आज मास्टर शेफ प्रतियोगिता मे 38 प्रतिभागियों ने भाग लिया। संघ सचिव क्षितिज भंडारी ने बताया कि टूर्नामेंट मे क्लोज़िंग सेरेमनी मे सुप्रसिद्ध पार्श्व गायक वरुण जैन अपने गानों से समा बांधेंगे।

## सतर्कता जागरूकता सेमिनार का आयोजन




हुक्मनामा समाचार

**जोधपुर।** उत्तर पश्चिम रेलवे के उप मुख्य सतर्कता अधिकारी (यातायात) राकेश कुमार ने रेलकर्मचारियों का आह्वान किया कि वे सुरक्षित रेल संचालन हेतु सदैव सतर्क रहते हुए सत्यनिष्ठा और ईमानदारी के साथ हमारी साझा जिम्मेदारी को निभाएं।

मंडल रेल प्रबंधक अनुराग त्रिपाठी के निर्देशन एवं वरिष्ठ मंडल वाणिज्य प्रबंधक विकास खेड़ा के नेतृत्व में मंडल सभागार में इस सेमिनार का आयोजन किया गया। इसकी अध्यक्षता उप मुख्य सतर्कता अधिकारी (यातायात) राकेश कुमार ने की। कार्यक्रम में राकेश कुमार ने प्रेजेंटेशन के माध्यम से सतर्कता संबंधी बिंदुओं पर विस्तृत जानकारी साझा की। उन्होंने कहा कि देश को सतर्क, समृद्ध और समर्थ बनाने के लिए आवश्यक है कि सेवारत कार्मिक कार्यक्षेत्र में होने वाली गलतियों को सुधारते हुए निष्ठा, पारदर्शिता और जिम्मेदारी के साथ कार्य करें ताकि रेलवे की छवि आमजन में सर्वोत्तम बनी रहे। केंद्रीय सतर्कता आयोग के आह्वान पर चलाए जा रहे सतर्कता जागरूकता अभियान के अंतर्गत इस संगोष्ठी का आयोजन किया गया। अंत में उपस्थित रेलकर्मियों ने अपने विचार साझा किए, जिन पर आवश्यक मार्गदर्शन प्रदान किए गए। संगोष्ठी में उप मुख्य सतर्कता अधिकारी (यातायात) राकेश कुमार, वरिष्ठ मंडल वाणिज्य प्रबंधक विकास खेड़ा, विजिलेंस इंस्पेक्टर, वाणिज्य एवं परिचालन विभाग के निरीक्षक सहित बड़ी संख्या में रेलकर्मी मौजूद रहे।

# फिर पानी से होकर गुजरी अंतिम यात्रा

## दो किमी से ज्यादा दूरी तक जलभराव से होकर निकले ग्रामीण



हुक्मनामा समाचार

**जोधपुर।** जिले की चेराई ग्राम पंचायत में हाल ही में हुई भारी बारिश के बाद अभी तक हालात सामान्य नहीं हो पाए हैं। गत 31 अगस्त की रात हुई मूसलाधार बारिश के चलते चेराई महादेव नगर से होते हुए पानी सामेरी भाखरी तक फैल चुका है, जो करीब 10 किलोमीटर क्षेत्र में फैला हुआ है।

इस जलभराव के चलते सुमेरी भाखरी से रावलई नाडी जाने वाला मुख्य मार्ग पूरी तरह से जलमग्न और क्षतिग्रस्त हो चुका है। ऐसे ही हालात में महज छह दिन में दूसरी बार एक बुजुर्ग महिला सुगनीदेवी (72) की अंतिम यात्रा ढाई से तीन फीट पानी से होकर निकली। तकरीबन दो किमी से ज्यादा दूरी तक जलभराव से होकर गुजरना यहां के ग्रामीणों की मजबूरी बन गई है। पिछले रविवार को भी भाटियों की ढाणी निवासी 82 वर्षीय जोगसिंह भाटी की शव यात्रा इसी तरह पानी से होते हुए ही निकालनी पड़ी थी।

उल्लेखनीय है कि गत 31 अगस्त से 7 सितंबर तक हुई भारी बारिश के बाद से हालात अब तक सामान्य नहीं हो पाए हैं। छह दिन पूर्व और आज भी यहीं से गुजरी शव यात्रा का वीडियो वायरल होने के बाद भी प्रशासन की नाकामी पर गंभीर सवाल खड़े हो रहे हैं। स्थानीय ग्रामीण बुलदान सिंह भाटी, ओमाराम, दुर्गाराम, लक्ष्मण सारण, दलपत सिंह, परबत सिंह, हुकमाराम और देवाराम ने आरोप लगाया कि कई बार शिकायत और गुहार के बावजूद प्रशासन मौके पर नहीं आया है। उन्होंने चेतावनी दी है कि यदि जल्द ही पानी की निकासी और मार्ग की मरम्मत नहीं हुई, तो युवा वर्ग के नेतृत्व में आंदोलन और धरना-प्रदर्शन किया जाएगा।

**गर्भवती महिलाएं भी जा रही पानी से :** स्थानीय निवासी गोपालसिंह ने बताया कि ढाणियों में बुजुर्ग और गर्भवती महिलाएं रहती हैं, जिन्हें आपातकालीन स्थिति में भी पानी से होकर गुजरना पड़ता है। ग्रामीण मूलाराम का कहना है कि पिछले साल भी बारिश के समय तीन महीने तक खेतों में पानी भरा रहा था और इस बार भी संभावना है कि दो से तीन महीने तक पानी जमा रहेगा, जिससे गंदगी और बीमारियों का खतरा बना हुआ है।

## समाजसेवी सूर्यवीर सिंह का जन्मोत्सव आज



हुक्मनामा समाचार

**जोधपुर।** समाजसेवी सूर्यवीर सिंह का जन्मोत्सव शनिवार को अजीत भवन में प्रातः 12 बजे से 3 बजे के बीच में मनाया जाएगा। यशपाल सिंह शेखावत एवं सुरताराम देवासी ने बताया कि सूर्यवीर सिंह हमेशा आमजन की सेवा और मदद के लिए तत्पर रहते हैं। आप अपने प्रयासों से लूणी विधानसभा के गर्मी के महीनो में आम जन व गरीब की ढाणी ढाणी तक अपने स्वयं के संसाधनों से जन-जन तक पानी पहुंचाने का भागीरथी प्रयास पिछले कई वर्षों से कर रहे हैं। ऐसे में लोगों में उनके जन्मोत्सव को लेकर भारी उत्साह देखा जा रहा है।

## धर्म में दृढ़ रहने से होती है जिनशासन की प्रभावना : सुमति मुनि

**जोधपुर (हुक्मनामा समाचार)।** सुमति मुनि ने कहा कि धर्म में दृढ़ रहने से जिनशासन की प्रभावना होती है। पूरी सृष्टि में हर समय अनंत गुणवान विराजमान है, हमको इनके गुणानुवाद व प्रशंसा करने का सुअवसर मिला है। सृष्टि में एक धर्म कार्य ही ऐसा है जो हमारे सिवाय कोई दूसरा नहीं कर सकता है।

सुमति मुनि शुक्रवार को चौरड़िया भवन में श्रावक श्राविकाओं को संबोधित कर रही थी। अपने प्रवचन में उन्होंने कहा कि संसार के कार्य कभी रुकते नहीं है। आप नहीं करेंगे तो भी दूसरा इस कार्य को कर लेगा। एक साधक ने बहुत बड़ा कारोबार फैलाया। व्यापार के कारण बाहर जाना पड़ता था। वे अपने साथ आयंबिल का विगय रहित भोजन सबके साथ बैठकर करते थे एवं धर्मकार्य को पूर्ण समय देते थे। धर्म में दृढ रहने से जिनशासन की प्रभावना होती है। गुणों की प्रशंसा एवं अनुमोदना से प्रत्येक रिश्तों में मधुरता आयेगी। जयमल जैन श्रावक संघ के अध्यक्ष देवराज बोहरा ने बताया कि आज मंजू गोगड़ ने 26 की तपस्या के पचक्खाण लिए।

## तीर्थ यात्रा के लिए विशेष गाड़ी कल होगी रवाना

### जोधपुर, पाली एवं जवाई बांध से कुल 676 यात्री होंगे शामिल

हुक्मनामा समाचार

**जोधपुर।** राजस्थान सरकार के देवस्थान विभाग की वरिष्ठ नागरिक तीर्थ यात्रा योजना 2025 अन्तर्गत विशेष रेलगाड़ी 14 सितम्बर को जवाई बांध रेलवे स्टेशन से दोपहर 12.30 बजे हरिद्वार, ऋषिकेश, अयोध्या, वाराणसी एवं सारनाथ के लिए रवाना होगी। यह विशेष यात्रा गाड़ी पाली (मारवाड़) एवं भगत की कोठी रेलवे स्टेशन होते हुए प्रस्थान करेगी। योजना की इस यात्रा गाड़ी में जवाई बांध से 226, पाली से 100 तथा भगत की कोठी से 350 यात्री शामिल होंगे। इस प्रकार कुल 676 वरिष्ठ नागरिक इस धार्मिक यात्रा में भाग लेंगे। सभी यात्रियों को निर्धारित समयानुसार संबंधित रेलवे स्टेशनों पर पहुंचने के लिए सूचित किया गया है। जवाई बांध रेलवे स्टेशन पर यात्रियों को सुबह सात बजे रिपोर्टिंग करनी होगी, जिसके पश्चात दोपहर 12.30 बजे ट्रेन प्रस्थान करेगी। पाली रेलवे स्टेशन पर रिपोर्टिंग का समय सुबह नौ बजे तथा प्रस्थान का समय दोपहर 2.30 बजे निर्धारित किया गया है। भगत की कोठी रेलवे स्टेशन पर यात्रियों को सुबह दस बजे रिपोर्टिंग करनी होगी, जहां से ट्रेन सांय चार बजे रवाना होगी। यात्रा के दौरान वरिष्ठ नागरिकों की देखरेख हेतु एक ट्रेन प्रभारी नियुक्त किया गया है। प्रत्येक कोच में दो सरकारी कर्मचारी अनुरक्षक के रूप में तैनात रहेंगे। साथ ही चिकित्सा सुविधा हेतु एक चिकित्सक एवं दो नर्सिंगकर्मी भी यात्रा के दौरान उपस्थित रहेंगे, जो यात्रियों के स्वास्थ्य एवं सुरक्षा का ध्यान रखेंगे।

## आत्महत्या की रोकथाम के व्यावहारिक उपाय बताए

**जोधपुर (हुक्मनामा समाचार)।** उत्तर पश्चिम रेलवे जोधपुर मंडल के डीजल शेड में विश्व आत्महत्या रोकथाम दिवस का आयोजन किया गया। यह कार्यक्रम मुख्य चिकित्सा अधीक्षक डॉ. एसआर बुनकर के मार्गदर्शन में कॉन्फ्रेंस हॉल में संपन्न हुआ। इस अवसर पर विशेषज्ञ चिकित्सकों एवं मनोवैज्ञानिकों ने आत्महत्या रोकथाम, मानसिक स्वास्थ्य एवं तनाव प्रबंधन से जुड़े महत्वपूर्ण विषयों पर विस्तृत विचार प्रस्तुत किए। डीएमओ डॉ. आयुष सिंह गहलोत ने मानसिक स्वास्थ्य क्लिनिक से जुड़ी सामाजिक वर्जनाओं एवं कलंक पर प्रकाश डालते हुए पेशेवर सहायता लेने की आवश्यकता पर बल दिया। डॉ. सुरेन्द्र प्रजापत ने आत्महत्या रोकथाम हेतु व्यावहारिक उपाय सुझाए। इसी प्रकार डॉ. कामिनी ने तनाव प्रबंधन पर उपयोगी जानकारी दी। कार्यक्रम का समापन सभी प्रतिभागियों द्वारा आत्महत्या रोकथाम हेतु संकल्प के साथ किया गया।


### आम सूचना

#### अन्तर्गत धारा 72 भागीदारी अधिनियम

हर आम एवं खास को सूचित किया जाता है कि भागीदारी फर्म मैसर्स श्री हरिओम ट्रेडर्स, फलोदी जिसका रजिस्ट्रेशन नम्बर RF/PLD/2025/238 है, उक्त फर्म का दारमराम पुत्र स्व. श्री उदाराम जांति मेघवाल नि. सांवरीज 05% हिस्सा, गंगाराम पुत्र श्री भंवरलाल जाति मेघवाल निवासी होपारड़ी का 45% हिस्सा एवं सुशील कुमार पुत्र मोहनराम विश्नोई निवासी दयासागर का 50% हिस्सा भागीदारी का है, मुझ दारमराम ने अपना सम्पूर्ण हिस्सा उक्त फर्म का सह भागीदार गंगाराम को बैचान कर दिया है, इसलिए अब से उक्त फर्म मे गंगाराम का 50% हिस्सा एवं सुशील कुमार का 50% हिस्सा मालकी का कहलावेगा। अब उक्त फर्म मे दारमराम का कोई हक हिस्सा नहीं रहा है, इस सम्बन्ध में यदि किसी को कोई आपत्ति हो तो सूचना प्रकाशन के सात दिवस के भीतर-भीतर रजिस्टर ऑफ फर्म कृषि उपज मंडी परिसर फलोदी के कार्यालय में अपनी आपत्ति प्रस्तुत करावें।

### Executive Engineer Water Resources Division II Ajmer

No. 2834 **Notice Inviting Bid** Date:- 03.09.2025

1 Bids are invited from interested bidders upto 06:00 PM dated 15.09.2025. Other particulars of the bid may be visited on the procurement portal (http://eproc.rajasthan.gov.in, http://sppp.raj.nic.in) of the state. The approximate value of the procurement in Rs. 33.68 Lacs.

**NIB code :-** WRD2526A0396
**UBN:-**WRD2526WSOB00942
**DIPR/C/13240/2025**

**Executive Engineer Water Resources Divison II Ajmer**


# चिकित्सा जांच शिविर में 280 से अधिक रेलकर्मी परिजन सहित लाभांवित






हुक्मनामा समाचार

**जोधपुर।** नॉर्थ वेस्टर्न रेलवे एम्प्लॉइज यूनियन (एनडब्ल्यूआरईयू) व श्री राम हॉस्पिटल के संयुक्त तत्वाधान में हेल्थ चैकअप कैम्प का आयोजन यूनियन मण्डल कार्यालय मे किया जिसमें रेल कर्मचारियों व उनके परिवारजनों ने हेल्थ चैकअप करवाकर चिकित्सकों की सेवाओं का लाभ उठाया।

कार्यक्रम के प्रारम्भ में विधिवत रूप से मां सरस्वती को दीप प्रज्वलित, माल्यार्पण व पुष्पांजलि अर्पित की गई। हेल्थ चैकअप कैम्प में मुख्य अतिथि मण्डल रेल प्रबन्धक अनुराग त्रिपाठी व वरिष्ठ मण्डल चिकित्सा अधिकारी सीताराम बुनकर, वरिष्ठ मण्डल कार्मिक अधिकारी अभिषेक गांधी, वरिष्ठ मण्डल इंजीनियर (समन्वय) मनोहर सिंह, श्री राम हॉस्पिटल के निदेशक डॉ. सुनील चांडक उपस्थित थे। कैम्प को सम्बोधित करते हुए मण्डल रेल प्रबन्धक ने कहा कि रेल का कार्य पूरी ईमानदारी व पूर्णनिष्ठा से करें। रेलवे कॉलोनियों के आवासों की जर्जर अवस्थाओं को ध्यान में रखते हुए उन्हे बहुत अच्छा बनाने की कार्यवाही प्रारम्भ कर दी गई है। उन्होंने वर्ष 2026 तक पूर्णरूप अपडेट कर देना का आश्वासन दिया गया। मण्डल सचिव मनोज कुमार परिहार ने कहा कि सभी साथियों को अपने शरीर की जांच साल में कम से कम दो बार जरूर करवानी चाहिए ताकि शरीर को स्वस्थ रखा जा सके। कैंप का उद्घाटन करते हुए सर्वप्रथम मण्डल रेल प्रबन्धक व प्रशासन की टीम द्वारा हेल्थ चैकअप करवाया गया।

कैम्प में लगभग 280 रेल कर्मचारियों व उनके परिवारजनों ने जांच करवाकर लाभ लिया। सभा का संचालन परमानन्द गुर्जर द्वारा किया गया। कैम्प में संजय मीना, सुनील टाक, बन्ने सिंह पंवार, जसबीर सिंह चौधरी, मदनला बैरवा, राजेश शर्मा, आशा खींची, विजया व्यास, महेंद्र सिंह सबरवाल, मनोज शर्मा, महेंद्र सिंह, अशोक सिंह मेडतिया, अनूप त्रिवेदी, लाभ सिंह, सलीम अब्दुल, दीपक सक्सेना, बिलाल खान, विजय सिंह धाभाई, जीतेन्द्र गुर्जर, प्रेम चौधरी, राजपाल सिंह, अजय निराला, उदित माथुर, सुभाष रोज, कृष्ण गुर्जर, राजूराम सिंगोदिया, रविंद्र सिंह चौहान, ललित सुनारिया, विजेंद्र प्रजापत, आशु चौधरी, रामोतार मीना, विश्वजीत सिंह, रामप्रसाद, विक्रम सिंह गौड़, दिनेश धायल, महावीर सिंह, रमेश सोलंकी, विक्रम सिंह मांगलिया सहित सक्रिय कार्यकर्ताओं ने भाग लिया।


### कार्यालय पंचायत समिति, जहाजपुर (भीलवाड़ा)

**क्रमांक: पसज/लेखा/निविदा/2025-26/1805** **दिनांक : 11.09.2025**

#### निविदा सूचना (2025-26/27)

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि पंचायत समिति जहाजपुर में जॉब बेसिस पर कार्मिक उपलब्ध कराने के लिए वर्ष 2025-26 हेतु निम्नानुसार निविदाएं बन्द लिफाफों में आमन्त्रित की जाती है। इच्छुक फर्मे/व्यक्ति वित्त विभाग के आदेश क्रमांक 30.04.2018 यथा संशोधित में वर्णित शर्तानुसार अपनी निविदाएं निर्धारित दिनांक तक मय धरोहर राशि विकास अधिकारी पंचायत समिति जहाजपुर के नाम डी.डी. बनाकर जमा करा सकते हैं।

| सेवा/ठेका का विवरण | अनु. राशि (लाखों में) | निविदा शुल्क रु. | धरोहर राशि रु. | निविदा विक्रय की अंतिम दिनांक व समय | निविदा जमा करने का अंतिम दिनांक व समय | निविदा खोलने की दिनांक एवं समय |
|---|---|---|---|---|---|---|
| मशीन विद मैन (कम्प्युटर ऑपरेटर आवश्यकतानुसार ड्राईवर आवश्यकतानुसार) | 950000 | 500/- | 19000/- | दिनांक 12.09.2025 दोपहर : 1.00 बजे तक | दिनांक 22.09.2025 दोपहर : 2.00 बजे तक | दिनांक 23.09.2025 दोपहर 03.00 बजे से |

**शर्तें :-** विस्तृत शर्तें कार्यालय व वेबसाईट www.sppp.rajasthan.gov.in पर देखी एवं डाउनलोड की जा सकती है।

**NIB Code :** ZBL2526A1017
**UBN Code :** ZBL2526SSOB0181

**विकास अधिकारी**
**पं.स. जहाजपुर (भीलवाड़ा)**

# मोटर दुर्घटना से प्राप्त मुआवजा राशि दावेदार का वैधानिक अधिकार

## न्यू इंडिया इंश्योरेंस कंपनी को 2.05 करोड़ रुपए अदा करने के आदेश

**हुक्मनामा समाचार**

**जोधपुर।** औद्योगिक न्यायाधिकरण एवं श्रम न्यायालय पदेन मोटरयान दावा अधिकरण, जोधपुर महानगर के न्यायाधीश देवेंद्र सिंह नागर ने एक महत्वपूर्ण निर्णय सुनाते हुए कहा है कि मोटर दुर्घटना से प्राप्त मुआवजा राशि दावेदार का वैधानिक अधिकार है, इसलिए समूह दुर्घटना बीमा पॉलिसी से प्राप्त राशि को इसमें से घटाया नहीं जा सकता। एक मामले में सुनवाई करते हुए उन्होंने न्यू इंडिया इंश्योरेंस कंपनी को आदेश दिया कि दावेदार को तीस दिन में ब्याज सहित अवार्ड राशि दो करोड़ 5 लाख रुपए अदा करें।

दरअसल जोधपुर निवासी ललिता भंडारी ने अधिवक्ता अनिल भंडारी के माध्यम से दावा पेश कर कहा कि उनके 24 वर्षीय युवा पुत्र सिद्धार्थ की 20 फरवरी 2015 को मुंबई में हुई मोटर दुर्घटना में मृत्यु हो गई। मृतक ने आईआईटी मुंबई से वर्ष 2013 में बी टेक और एम टेक करने के बाद हाउसिंग डॉट कॉम में प्रॉडक्ट मैनेजर पद पर जनवरी 2014 में नौकरी प्रारंभ की और दिसंबर 2014 में ही पदोन्नत कर मृतक को वरिष्ठ प्रबंधक



बना दिया गया। उनका वार्षिक वेतन 13 लाख रुपए था। नियोक्ता ने न्यू इंडिया इंश्योरेंस कंपनी से समूह व्यक्तिगत दुर्घटना बीमा कराया हुआ था, जिसके तहत दावेदार को 70 लाख 140 रुपए का भुगतान किया गया। अधिवक्ता भंडारी ने बहस करते हुए कहा कि मृतक की बहन हिना और मृतक के साथ कार्यरत अधिकारी कमलेश मोहपाल ने बयान दिया है कि समूह व्यक्तिगत दुर्घटना बीमा का प्रीमियम मृतक ने नियोक्ता को अदा किया था और यह संविदा पृथक से की हुई है इसलिए अवॉर्ड राशि में से कटौती नहीं की जा सकती है। बीमा कंपनी की ओर से कहा गया कि भले ही अलग संविदा हो, लेकिन इसी दुर्घटना में मृत्यु होने से अवॉर्ड राशि में से कटौती की जाए।

**आयोग ने यह की टिप्पणी :** दावा अधिकरण ने दावा मंजूर करते हुए कहा कि दुर्घटनाग्रस्त कार का बीमा और समूह व्यक्तिगत दुर्घटना बीमा एक ही कंपनी से होने के बावजूद समूह व्यक्तिगत दुर्घटना बीमा से राशि प्राप्त करने का अधिकार उसके द्वारा किए गए अनुबंध का परिणाम है, जबकि बीमित कार से हुई दुर्घटना में मृत्यु से मुआवजा प्राप्त करना दावेदार का वैधानिक अधिकार है और इससे उन्हें वंचित नहीं किया जा सकता है। उन्होंने कहा कि समूह व्यक्तिगत दुर्घटना बीमा राशि 70 लाख 140 रुपए को मोटर दुर्घटना दावे में से कटौती अथवा समायोजित किया जाना उचित व विधिसम्मत नहीं है और बीमा कंपनी की आपत्ति रद्द की जाती है। उन्होंने अवॉर्ड पारित करते हुए बीमा कंपनी को निर्देश दिया कि दावेदार को मुआवजा राशि 1 करोड़ 41 लाख 10 हजार 800 रुपए मय 6 फीसदी ब्याज 23 फरवरी 2018 से निर्णय तक और निर्णय की तिथि से 9 फीसदी ब्याज जो कि 64 लाख 68 हजार 642 रुपए हो जाता है, तीस दिन में अदा करें।

# स्वामी अग्निवेश क्रांतिकारी विचारों की वजह से हमेशा आगे रहे : आर्य

## स्वामी अग्निवेश की पांचवीं पुण्यतिथि पर प्रेरणा सभा का हुआ आयोजन

**हुक्मनामा समाचार**

**जोधपुर।** आर्य समाज के क्रांतिकारी सन्यासी स्वामी अग्निवेश की पांचवीं पुण्यतिथि पर आर्य समाज पाबुपुरा में यज्ञ एव प्रेरणा सभा का आयोजन किया गया। ?आर्य प्रतिनिधि सभा राजस्थान के उपप्रधान नारायण सिंह आर्य ने स्वामी अग्निवेश की प्रारंभिक शिक्षा के साथ अपने क्रान्तिकारी विचारो से आगे बढ़े। महर्षि दयानंद सरस्वती व आर्य समाज के विचारों को अपने जीवन में उतारते हुए सती प्रथा, छुआछूत मिटाने, दलितों का मंदिर प्रवेश, कन्या भ्रूण हत्या, बंधुआ मजदूरी की मदद के लिए मुक्ति मोर्चा जैसे बड़ें आंदोलन कर न्याय दिलाया। अग्निवेश के हर आंदोलन में आर्य समाज जोधपुर हमेशा सक्रिय होकर आगे रहा। आर्य वीर दल राजस्थान के अध्यक्ष भंवरलाल आर्य ने कहां की स्वामी अग्निवेश 16 देशों की



विश्व धर्म सभा में वैदिक धर्म का प्रतिनिधित्व करते थे। ईसाई और मुस्लिम देशों में जाकर वहां के राजा को सत्यार्थ प्रकाश भेंट करने का साहस केवल स्वामी अग्निवेश में था। राष्ट्र व अंतरराष्ट्रीय मुद्दों को यूएनओ में रखने का कार्य भी सिर्फ अग्निवेश करते थे। स्वामी अग्निवेश एक चलते फिरते आंदोलन थे, उनका मुकाबला आज कोई नहीं कर सकता। प्रेरणा सभा के दौरान चांदमल आर्य, भंवरलाल हटवाल, हरिसिंह आर्य ने भी अपने विचार व्यक्त किए। इससे पूर्व वैदिक यज्ञ पुरोहित जयनारायण आर्य द्वारा किया गया। कार्यक्रम का संचालन रोशन आर्य ने किया। कार्यक्रम में भंवरलाल बिनवाल, प्रधान चम्पालाल आर्य, गुलाबचंद आर्य, उम्मेद सिंह आर्य, पृथ्वी सिंह भाटी, सोभाग सिंह, लक्ष्मण सिंह आर्य, पूनम सिंह शेखावत, गजेसिंह भाटी, श्रवण आर्य, राजेश देवड़ा, देव आर्य सहित आर्य वीर व आर्य वीरांगनाएं उपस्थित रहे।

# युवा कांग्रेस नेता परिहार के जन्मदिन पर रक्तदान शिविर आयोजित



**हुक्मनामा समाचार**

**जोधपुर।** युवा कांग्रेस जोधपुर शहर के लोकप्रिय नेता आनंद परिहार के जन्मदिन के अवसर पर आज श्री श्री रविशंकर ब्लड शाखा, जोधपुर में रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में सुबह से ही युवाओं और समाजसेवियों का उत्साह देखने लायक था। शहर और देहात दोनों क्षेत्रों से लोग पहुँचे और बढ़-चढ़कर रक्तदान किया। कुल 89 रक्तदाताओं ने रक्तदान कर समाज सेवा और मानवता की मिसाल पेश की।

आयोजक शैलेन्द्र शर्वा ने बताया कि कार्यक्रम के दौरान महन्त रामनाथ महाराज का पावन सान्निध्य प्राप्त हुआ, जिन्होंने कहा कि समाज में ऐसे आयोजन लगातार होने चाहिए, ताकि जरूरतमंदों को समय पर रक्त मिल सके। शिविर में महापौर श्रीमती कुन्ती देवड़ा, युवा कांग्रेस जोधपुर देहात अध्यक्ष पुखराज दिवराया, पीसीसी सचिव नरपत पन्नु, महेंद्र सिंह गहलोत, पार्षद इरफान बैली, गोपी किशन परिहार, अधिवक्ता शैलेंद्र शर्वा, अधिवक्ता अशोक मेहरा, अक्षय दिवराया, श्रवण फनन, मोहन लीलावत, राहुल सिंह, माधाराम, गणपत मेहरा, निर्मला पन्नु, महेंद्र परिहार, ललित, अभिषेक, चेतन गुर्जर, साजीद खान, संजय, श्याम, लुणेश सहित अनेक सामाजिक कार्यकर्ता और युवा साथी उपस्थित रहे।

## घर में पेट्रोल डाल लगाई आग, पड़ौसी की गाड़ी के शीशे फोड़े

**जोधपुर ( हुक्मनामा समाचार )।** शहर के निकटवर्ती बनाड़ स्थित रूपनगर डिगाड़ी में रहने वाले एक व्यक्ति के घर में ठेकेदार ने पेट्रोल डालकर आग लगा दी। जिससे खिड़कियां आदि जल गए। साथ ही पड़ौसी की कार के शीशे भी फोड़ दिए।

पीड़ित और ठेकेदार के बीच में किसी बात को लेकर विवाद हुआ था। आरोपी घटना के बाद से फरार है। पुलिस ने बताया कि रूपनगर डिगाड़ी के रहने वाले पन्नाराम पुत्र बाबूराम के घर में यह आग लगाई गई। उसके घर में कमठे का कार्य चल रहा था। जहां पर ठेकेदार सौभाग सिंह कार्य कर रहा था। तब इनके बीच में किसी बात को लेकर बोलचाल हो गई। ठेकेदार सौभाग सिंह रात को उसके घर पहुंचा और खिड़कियों पर पेट्रोल डालकर आग लगा दी। पन्नाराम के पड़ौसी के कार के शीशे फोड़ दिए। पुलिस के अनुसार आरोपी फरार है जिसकी तलाश जारी है।

# आयुर्वेद विवि में पंचगव्य थेरेपी कोर्स का उद्घाटन



**हुक्मनामा समाचार**

**जोधपुर।** आयुर्वेद विश्वविद्यालय में सर्टिफिकेट एवं पोस्ट ग्रेजुएट डिप्लोमा इन पंचगव्य थेरेपी कोर्स का विधिवत वर्चुअल उद्घाटन कुलगुरु प्रोफेसर वैद्य प्रदीप प्रजापति द्वारा किया गया।

यह कोर्स डॉ. सर्वपल्ली राधाकृष्णन राजस्थान आयुर्वेद विश्वविद्यालय करवड़ और विश्वविद्यालय से रिकॉगनाइज्ड सेंटर गौ संवर्धन आश्रम, मोकलावास के संयुक्त तत्वावधान में प्रारम्भ हो रहा है। उद्घाटन समारोह की अध्यक्षता कुलगुरु प्रोफेसर वैद्य प्रदीप प्रजापति ने की। इस अवसर पर कमेटी चेयरमैन प्रो. गोविन्द सहाय शुक्ला, प्रो. ए. नीलिमा, डॉ. देवेंद्र चाहर, प्रोफेसर दिनेश चंद्र शर्मा, डॉ. मनोज अदलखा, राकेश निहाल सहित अनेक गणमान्य पदाधिकारी उपस्थित रहे। गौ संवर्द्धन आश्रम मोकलावास के संचालक राकेश निहाल ने बताया कि इस कोर्स में गौ एवं पंचगव्य पदार्थ, उनके दैनिक जीवन एवं खेती में प्रयोग, रोगोपचार, उत्पाद, औषधि निर्माण तथा गोशाला प्रबंधन जैसे विषय पढ़ाए जाएंगे। इससे छात्रों को व्यवहारिक ज्ञान प्राप्त होगा और गौशालाओं के संचालन में विशेष सहयोग मिलेगा।

# शिक्षकों को सामाजिक दायित्व के प्रति किया जागरूक

## केवी वायुसेना में फाउंडेशन सिटिजन प्रोग्राम का आयोजन



**हुक्मनामा समाचार**

**जोधपुर।** पीएम श्री केंद्रीय विद्यालय क्रमांक 1 वायुसेना में एक दिवसीय ऑफलाइन प्रशिक्षण कार्यक्रम फाउंडेशन सिटिजन प्रोग्राम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का उद्देश्य शिक्षकों एवं प्रतिभागियों में जिम्मेदार नागरिकता, अधिकारों एवं कर्तव्यों की समझ तथा सामाजिक दायित्व के प्रति जागरूकता विकसित करना था।

कार्यक्रम के शुभारंभ पर विद्यालय के प्राचार्य अशोक कुमार वर्मा द्वारा स्वागत उद्बोधन प्रस्तुत किया गया और कार्यक्रम की महत्ता पर प्रकाश डाला, वहीं कार्यक्रम संयोजक विष्णुप्रकाश और मुकेश कुमार ने कार्यक्रम के आयोजन में सहयोग दिया। इस प्रशिक्षण में राजस्थान के 44 केंद्रीय विद्यालयों से कुल 66 शिक्षक-शिक्षिकाओं ने प्रतिभागी के रूप में भाग लिया। विवेकानंद इंस्टिट्यूट ऑफ वैल्यूज़ (रामकृष्ण मिशन, गुरुग्राम) के विशेषज्ञ छदिता शर्मा, सौरव बिष्ट एवं रवि कुमार शर्मा ने संसाधक के रूप में विभिन्न सत्रों का सफल संचालन किया। प्रथम सत्र में जिम्मेदार नागरिकता की नींव विषय पर विचार साझा किए गए। द्वितीय सत्र में नागरिकों के अधिकार एवं कर्तव्य विषय पर विस्तृत चर्चा हुई। तृतीय सत्र में नागरिक शिष्टाचार एवं सामाजिक उत्तरदायित्व पर प्रतिभागियों को व्यावहारिक सुझाव दिए गए। दोपहर बाद के सत्र में समूह गतिविधि एवं चर्चा आयोजित की गई, जिसमें प्रतिभागियों ने सक्रिय रूप से भाग लिया। कार्यक्रम के अंत में उप प्राचार्य मूलसिंह शेखावत ने सभी का धन्यवाद ज्ञापित किया।

## नि:शुल्क जांच व परामर्श शिविर कल

**हुक्मनामा समाचार**

**जोधपुर।** सिंधी यूथ वेलफेयर सोसायटी एवं सिंधी वेलफेयर एंड मेडिकल के संयुक्त तत्वाधान में 14 सितंबर को निशुल्क जांच एवं परामर्श शिविर का आयोजन चौपासनी हाउसिंग बोर्ड के सिंधु महल में सुबह 9 से दोपहर 2 बजे तक किया जाएगा। कन्हैयालाल टेवानी ने बताया कि शिविर में शुगर टेस्ट, ब्लड प्रेशर की जांच की जाएगी।

## हिंदी दिवस पर संगोष्ठी कल

**जोधपुर ( हुक्मनामा समाचार )।** राजस्थान साहित्य अकादमी उदयपुर एवं महिलाओं की साहित्यिक संस्था संभावना के संयुक्त तत्वावधान में हिंदी दिवस पर 14 सितम्बर को सुबह 11 बजे एक दिवसीय संगोष्ठी का आयोजन किया जाएगा। संभावना की अध्यक्ष बसंती पंवार ने बताया कि डॉ मदन सावित्री डागा साहित्य भवन में हिंदी विभाग की पूर्व विभागाध्यक्ष डॉ रेणु शाह की अध्यक्षता में आयोजित होने वाली इस संगोष्ठी के मुख्य अतिथि प्रख्यात कथाकार एवं आलोचक डॉ हरिदास व्यासतथा विशिष्ट अतिथि वरिष्ठ कवियत्री डॉ सुमन बिस्सा होंगी । कार्यक्रम का संचालन डॉक्टर सूरज माहेश्वरी करेंगी इस संगोष्ठी में जोधपुर के जाने-माने भाषाविद साहित्यकार एवं हिंदी प्रेमी उपस्थित होंगे।

# मुन्नीर शाह बाबा का उर्स कल से, बैनर का विमोचन

**हुक्मनामा समाचार**

**जोधपुर।** हजरत सैय्यद मुनीर शाह बाबा र.अ. रेडार वालों का तीन दिवसीय 34वां उर्स मुबारक 14 सितम्बर से मनाया जाएगा।

गादी नशीन केदारनाथ रामदेव ने बताया कि अफजल शाह बाबा सिवांची गेट दरगाह में हजरत सैय्यद मुन्नीर शाह बाबा के उर्स के बैनर का विमोचन किया गया। दरगाह कमेटी खादिम अकरम शाह ने बताया कि 14 सितम्बर को सुबह आठ बजे कुरानख्वानी, दस बजे झण्डे की रस्म अदा की जाएगी। दोपहर में कव्वाल फिरोज साबरी एण्ड पार्टी मनमोहक कव्वाली पेश करेंगे। वहीं 15 सितम्बर को सुबह दस बजे चादर पेश करने की रस्म अदा की जाएगी व दोपहर में शौकत अन्दाज एण्ड पार्टी मनमोहक कव्वालिया पेश करेंगे। अन्तिम दिन 16 सितम्बर को सुबह दस बजे संदल व चादर पेश की जाएगी। ग्यारह बजे कव्वाल इरफान तुफेल एण्ड पार्टी कव्वालियां पेश करेंगे तथा उसके बाद शाम चार बजे रंग, फातिहा व देश में अमन चैन व भाईचारे के लिए दुआएं मांगी जाएगी।




# जोधपुर के सम्मेलन में 280 से अधिक छात्रों ने विश्वस्तरीय चुनौतियों पर किया वाद-विवाद

**हुक्मनामा समाचार**

**जोधपुर।** ऑर्किड्स सेंट्रल स्कूल ऑफ एक्सीलेंस, पाल ने अपने मुख्य सम्मेलन 'कैपिटल मॉडल युनाइटेड नेशन्स' के तीसरे संस्करण 'कैम्पुन 3.0' का सफल आयोजन किया। जोधपुर आयोजन में 280 से अधिक छात्रों, कार्यकारी बोर्ड के 20 सदस्यों ने बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया। ये क्षेत्र के सबसे रोचक छात्र-उन्मुख सम्मेलनों में से एक रहा। कार्यक्रम के बारे में बात करते हुए मनोरमा राय, प्रिंसिपल, ऑर्किड्स सेंट्रल स्कूल ऑफ एक्सीलेन्स, पाल कैंपस ने कहा, हमारे कैंपस में आयोजन हमारे लिए बड़े गर्व की बात है। इस सम्मेलन ने एक बार फिर से साबित कर दिया है कि हमारे छात्र कितने स्मार्ट और प्रतिभाशाली हैं, अगर उन्हें सही अवसर मिले, तो वे शानदार परफॉर्मेंस दे सकते हैं। भारत की रक्षा प्रणाली से लेकर, शरणार्थी संकट और मानसिक स्वास्थ्य संकट पर चर्चा तक, प्रतिभागियों ने जिस परिपक्वता, टीमवर्क और राजनयिक दृष्टिकोण का प्रदर्शन किया, वह अपने आप में सराहनीय है। यह न सिर्फ उनके आत्मविश्वास को दर्शाता है बल्कि व्यवहारिक लर्निंग से मिलने वाले वास्तविक दुनिया के कौशल पर भी रोशनी डालता है।'

# देश भर के पत्रकारों की आवाज और बुलंद करने का लिया संकल्प

## इंडियन फेडरेशन ऑफ वर्किंग जर्नलिस्ट के राष्ट्रीय अधिवेशन का समापन

**हुक्मनामा समाचार**

**जोधपुर।** इंडियन फेडरेशन ऑफ वर्किंग जर्नलिस्ट के राष्ट्रीय अधिवेशन का समापन समारोह शुक्रवार को मंत्री के. के. बिश्नोई के मुख्य आतिथ्य में भव्य रूप से संपन्न हुआ। इस अधिवेशन में देश के 15 राज्यों से आए 600 से अधिक पत्रकारों ने भाग लिया। इस अवसर पर जोधपुर के इकाई का शपथ ग्रहण समारोह जिलाध्यक्ष प्रदीप जोशी के नेतृत्व में आयोजित करने के अलावा जोधपुर के पत्रकारों के हितों के लिए लिए गए संकल्प के पत्र का विमोचन किया गया।

इंडियन फेडरेशन ऑफ वर्किंग जर्नलिस्ट के महासचिव अश्विनी व्यास ने जानकारी देते हुए बताया कि, इंडियन फेडरेशन ऑफ वर्किंग जर्नलिस्ट के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष उपेंद्र सिंह के नेतृत्व ने आयोजित इस



समारोह के विशिष्ट अतिथियों में पोकरण विधायक महंत प्रताप पुरी, जोधपुर महापौर वनिता सेठ, भाजपा शहर अध्यक्ष राजेंद्र पालीवाल, पुलिस कमिश्नर ओमप्रकाश पासवान, जिला कलेक्टर गौरव अग्रवाल, जिला परिषद के सीईओ आशीष मिश्रा, साध्वी प्रीति प्रियवंदा, पूर्व विधायक मनीषा पंवार, मारवाड़ राजपूत सभा अध्यक्ष हनुमान सिंह खांगटा, वरिष्ठ पत्रकार आयशा खानम व अमित भट्ट के अलावा आई एफ डब्ल्यू जे के राष्ट्रीय महासचिव विपिन धूलिया, राष्ट्रीय कोषाध्यक्ष मोहन कुमार,रजत मिश्रा, राष्ट्रीय सचिव विश्वदेव राव सहित कई प्रशासनिक अधिकारी और जनप्रतिनिधि उपस्थित रहे।

आई एफडब्ल्यूजे के प्रदेश उपाध्यक्ष राजीव गौड़ ने बताया कि राष्ट्रीय अधिवेशन में पत्रकारिता के बदलते स्वरूप, चुनौतियों तथा संगठन की भूमिका पर गंभीर मंथन किया। अधिवेशन के दौरान संगठन की राष्ट्रीय कार्यकारिणी के चुनाव कराने का निर्णय लिया, जिससे संगठनात्मक प्रक्रिया को और अधिक पारदर्शिता और मजबूती मिली। संतोष कुमार चतुर्वेदी को चुनाव अधिकारी नियुक्त किया गया है, जो आगामी चुनाव प्रक्रिया का संचालन करेंगे। इस राष्ट्रीय अधिवेशन में पत्रकारों ने एकमत होकर देशभर के मीडिया कर्मियों की आवाज को और अधिक बुलंद करने का संकल्प लिया। साथ ही, पत्रकारों की सुरक्षा, वेतनमान, प्रेस की स्वतंत्रता और फील्ड रिपोर्टर्स की समस्याओं को केंद्र में रखकर रणनीति तय की गई। कार्यक्रम का समापन जोश और उत्साह के साथ हुआ, जिसमें एक बार फिर पत्रकारों ने लोकतंत्र के चौथे स्तंभ को मजबूती प्रदान करने का वादा किया।


Municipal Council Phalodi (Jodhpur) Rajasthan Email : eombphalodi.jod@gmail.com

**कार्यालय नगर परिषद, फलोदी-जिला ( फलौदी ) राज.**

क्रमांक : न.प.फ./2025-26/6459 **आपत्ति-आमन्त्रण सूचना** दिनांक : 03.9.2025

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि निम्न आवेदक द्वारा अपने भूखण्ड संबंधित चेनल दस्तावेज मय ब्लू प्रिंट नक्शा मय शपथ पत्र प्रस्तुत कर नगरपरिषद में आवेदन पेश किया है। उस पर जिस किसी को उजर/एतराज हो तो आपत्ति सूचना जारी होने की तिथि से 15 दिवस के अन्दर म्याद विधिमान्य दस्तावेजों सहित लिखित में अपनी आपत्ति कार्य दिवस के दौरान कार्यालय समय में अद्योहस्ताक्षरकर्ता को प्रस्तुत करावें। बाद म्याद आपत्ति मान्य नहीं होगी। सूचित रहे।

| क्र. सं. | आवेदक का नाम/पता | स्थान | क्षेत्रफल (वर्गफिट में) | उत्तर | दक्षिण | पूर्व | पश्चिम | आवेदन का प्रकार |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1. | प्रियंका/लंकेश सुथार | प्लॉट नं. 88 महावीर नगर फलोदी | 625 | रोड 20 फीट | प्लॉट नं. 88 का शेष भू भाग | प्लॉट नं. 88 का शेष भू भाग | रोड 30 फीट | नामान्तरण |

**आयुक्त-नगर परिषद, फलोदी**

Municipal Council Phalodi (Jodhpur) Rajasthan Email : eombphalodi.jod@gmail.com

**कार्यालय नगर परिषद, फलोदी-जिला ( फलौदी ) राज.**

क्रमांक : न.प.फ./2025-26/6593 **आपत्ति-आमन्त्रण सूचना** दिनांक : 11.9.2025

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि निम्न आवेदक द्वारा अपने भूखण्ड संबंधित चेनल दस्तावेज मय ब्लू प्रिंट नक्शा मय शपथ पत्र प्रस्तुत कर नगरपरिषद में आवेदन पेश किया है। उस पर जिस किसी को उजर/एतराज हो तो आपत्ति सूचना जारी होने की तिथि से 15 दिवस के अन्दर म्याद विधिमान्य दस्तावेजों सहित लिखित में अपनी आपत्ति कार्य दिवस के दौरान कार्यालय समय में अद्योहस्ताक्षरकर्ता को प्रस्तुत करावें। बाद म्याद आपत्ति मान्य नहीं होगी। सूचित रहे।

| क्र. सं. | आवेदक का नाम/पता | स्थान | क्षेत्रफल (वर्गफिट में) | उत्तर | दक्षिण | पूर्व | पश्चिम | आवेदन का प्रकार |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1. | राजेन्द्र कुमार/ माणकलाल | मालियों का बंधा फलोदी | 4106 | गौतमचन्द | कालूराम | रोड 40 फीट | प्रकाश चंद | निर्माण स्वीकृति |

**आयुक्त-नगर परिषद, फलोदी**

# प्रदेश पुलिस द्वारा जारी हेल्पलाइन नम्बर से लोगों को मिली राहत

## लोगों ने की राजस्थान पुलिस की तहे दिल से प्रशंसा

**जयपुर,( हुक्मनामा समाचार )।** महानिदेशक पुलिस राजस्थान श्री राजीव शर्मा के निर्देशानुसार नेपाल में फंसे भारतीय नागरिकों और उनके परिजनों के लिए जारी राजस्थान पुलिस की हेल्पलाइन नंबर मददगार साबित हो रहा है, जिससे काफी लोगों को राहत मिली है। इस पहल की काफी सराहना की गई और राजस्थान पुलिस को धन्यवाद दिया गया। इस बारे में जानकारी देते हुए महानिरीक्षक पुलिस, कानून एवं व्यवस्था, श्री अनिल कुमार टांक ने बताया कि बुधवार को इन हेल्पलाइन नंबरों पर कुल 43 व्यक्तियों ने सहायता मांगी, जिन्हें ना केवल गंभीरता से सुना गया अपित कुछ ही समय पर उनके द्वारा पूछे गए सवालों का जवाब देकर संतुष्ट किया गया। उन्होंने बताया कि भारतीय दूतावास ने भारतीय नागरिकों को सलाह दी है कि वे अभी काठमांडू न आएं। भारतीय दूतावास ने बताया है कि वह संबंधित नागरिकों के साथ निरंतर संपर्क में है तथा सभी को सुरक्षित रूप से स्वदेश लौटने के प्रयास जारी हैं। मंगलवार को 23, बुधवार को 12, एवं गुरूवार को 8 व्यक्तियों ने सूचनाएं दी। सूचनाकर्ताओं ने बताया कि उनके परिजन पशुपतिनाथ मंदिर के आसपास स्थित गेस्ट हाउस पर कंपनी की बसों से गए थे, जहां आंदोलनकारियों ने बसों में तोड़फोड़ की। इस स्थिति में फंसे पर्यटकों को हेल्पलाइनों के माध्यम से मार्गदर्शन प्रदान किया गया। राज्य सरकार को सूचनाकर्ताओं की समस्याओं से अवगत करवाकर प्रभावित पर्यटकों को बसों व हवाई जहाज द्वारा सुरक्षित बाहर निकालने के प्रयासों की जानकारी दी गई। भारतीय दूतावास ने पर्यटकों को होटल में ठहराया तथा एयरपोर्ट पर सुरक्षा प्रदान की गई। जो यात्री बसों से गए थे, वे स्थानीय प्रशासन के सहयोग से सीमा पार कर भारत लौट रहे हैं। अधिकांश पर्यटकों की वापसी हवाई जहाज और बसों द्वारा सुनिश्चित की जा रही है। सूचनाकर्ताओं से उनकी समस्याओं बाबत फीडबैक लिया जा रहा हैं, जिसमें वे पुलिस व सरकार द्वारा किए गए प्रयासों की प्रशंसा कर रहे हैं। सूचनाकर्ताओं ने बताया कि उनका परिजनों से सम्पर्क हो रहा है तथा वे सुरक्षित तरीके से हवाई जहाज अथवा बस द्वारा वापस लौटट रहे हैं। उल्लेखनीय है कि नेपाल में विभिन्न कारणों से फंसे भारतीय नागरिकों की सहायता के लिए राजस्थान पुलिस के मुखिया पुलिस महानिदेशक श्री राजीव शर्मा के निर्देशानुसार पुलिस मुख्यालय में एक विशेष सेल स्थापित किया गया है। इसके लिए 24×7 हेल्पलाइन और व्हाट्सएप नंबर जारी किए गए। सेल की जिम्मेदारी एसपी कानून एवं व्यवस्था गोवर्धलाल सोकरिया को सौंपी गई, वहीं तीन अनुभवी पुलिस अधिकारियों को राउंड द क्लॉक ड्यूटी पर लगाया गया है। इस पहल से नेपाल में फंसे भारतीय नागरिक और उनके परिजन अब राजस्थान पुलिस की मदद से सीधे संपर्क कर सकते हैं। किसी भी परेशानी, सूचना या शिकायत के लिए हेल्पलाइन नंबर 0141-2740832 तथा 0141-2741807 पर कॉल के जरिये और व्हाट्सएप नंबर 97849-42702 पर मैसेज कर मदद मांग सकते है।

## इंटर्नशिप अवधि को ड्यूटी नहीं मानने के आदेश पर शिक्षकों में आक्रोश

**फलोदी।** राजस्थान पंचायतीराज एवं माध्यमिक शिक्षक संघ ने हाल ही में निदेशक प्रारंभिक शिक्षा बीकानेर द्वारा जारी उस आदेश का विरोध किया है, जिसमें पत्राचार बीएड करने वाले सेवारत शिक्षकों की इंटर्नशिप अवधि को कर्तव्य ड्यूटी नहीं मानते हुए वेतन भुगतान रोकने के निर्देश दिए गए हैं। संगठन के वरिष्ठ नेता रेवत लीलावत ने कहा कि वर्षों से इंटर्नशिप अवधि में वेतन दिया जाता रहा है, लेकिन नए आदेश से हजारों शिक्षकों में गहरा रोष है। उन्होंने बताया कि बीएसटीसी व डीएलएड प्रशिक्षित युवा शिक्षक पत्राचार से बीएड कर रहे हैं और विद्यालयों में इंटर्नशिप करते हैं, जिसे अब तक सेवा का हिस्सा माना जाता रहा है। प्रदेशाध्यक्ष शेरसिंह चौहान व मंत्री गोपाल मीणा ने संशोधित आदेश जारी कर सेवारत शिक्षकों को राहत देने की मांग की है।

## उपखंड अधिकारी श्रद्धासिंह ने किया विभिन्न कार्यालय का किया निरीक्षण, दिए आवश्यक निर्देश



**भोपालगढ़,( हुक्मनामा समाचार )।** शुक्रवार को उपखंड अधिकारी श्रद्धासिंह चौधरी ने विभिन्न सरकारी कार्यालय का निरीक्षण कर आवश्यक दिशा निर्देश दिए। पीए सुरेंद्र डूडी ने बताया कि उप जिला कलेक्टर श्रद्धासिंह ने शुक्रवार को क्षेत्रीय वन अधिकारी कार्यालय, महात्मा गांधी राजकीय विद्यालय, त्रिवेणी, राजकीय पशु चिकित्सालय , राजकीय बालिका उच्च माध्यमिक विद्यालय राजकीय आयुर्वेदिक औषधालय भोपालगढ़, कार्यालय महिला एवं बाल विकास अधिकारी भोपालगढ़ का औचक निरीक्षण किया गया। निरीक्षण दौरान महात्मा गांधी राजकीय विद्यालय त्रिवेणी भोपालगढ़ में मिड डे मील कार्यक्रम निरीक्षण में मैन्यू के अनुसार भोजन में दाल व रोटी की गुणवत्ता पर असंतोष जाहिर किया तथा वहां पर बच्चों को खाने में प्रयुक्त बर्तन भी साफ-सुथरे नहीं पाये गये, बच्चों के-बैठने हेतु प्रयुक्त दरी पट्टी भी नहीं पायी गयी। इस हेतु खाद्यान्न स्टॉक रजिस्टर को नियमित अपडेट करने, साफ-सफाई रखने, भंडारण की उचित व्यवस्था करने तथा प्रयुक्त अव्यवस्थाओं को सुधारने हेतु संस्था प्रधान रामजीवण को निर्देशित कर 07 दिवस बाद पुनः निरीक्षण करने बाबत् अवगत कराया। वहीं राजकीय बालिका उच्च माध्यमिक विद्यालय में भी मिड-डे-मील का निरीक्षण किया गया, निरीक्षण के दौरान रसोई घर, प्रयुक्त बर्तनों की साफ-सफाई, भंडारण व अन्य व्यवस्थाओं पर संतोष व्यक्त किया तथा पोषाहर प्रभारी हनुमानराम की सराहना की। विद्यालय में चल रहे कालांश के दौरान अद्योहस्ताक्षरकर्ता ने छात्राओं से चर्चा की। उपखंड अधिकारी चौधरी ने कार्यालय महिला एवं बाल विकास अधिकारी का औचक निरीक्षण किया, कार्यालय के स्टॉफ उपस्थित पाये गये। निरीक्षण के दौरान महिला एवं बाल विकास अधिकारी उषा सोलंकी को निर्देशित किया ,कि आंगनवाडी कार्यकर्ता को विभागीय कार्यों को शत प्रतिशत करने, किये गये कार्यों को ऑनलाईन दर्ज करने तथा कार्यालय समय पर नियमित रूप से उपस्थित रहकर आंगनवाड़ी केन्द्रों की साफ-सफाई, पोषाहर का नियमित वितरण एम्बं बच्चों की केन्द्रों पर शत प्रतिशत उपस्थिति सुनिश्चित करने हेतु पाबंद कराते हुए नियमित पर्यवेक्षण करें तथा कुपोषित बच्चों हेतु नियमित जांच एवं सुधार हेतु पर्यवेक्षण करने हेतु निर्देशित किया।

*आदि कर्मयोगी अभियान के तहत ब्लाक स्तरीय टीम का प्रशिक्षण आयोजित*

## आमजन तक योजनाओं को प्रभावी रूप पहुंचाएं : कुमार



**बाड़मेर,( हुक्मनामा समाचार )।** ब्लाक स्तरीय टीम आमजन तक जन कल्याणकारी योजनाओं को प्रभावी रूप से पहुंचाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएं। ताकि जनजातीय गांवों के ग्रामीणों को अंग्रिम पंक्ति में लाया जा सके। जिला परिषद के मुख्य कार्यकारी अधिकारी रवि कुमार ने बाड़मेर जिला मुख्यालय पर आदि कर्मयोगी अभियान के तहत ब्लाक स्तरीय टीम के प्रशिक्षण के समापन समारोह के दौरान यह बात कही।

मुख्य कार्यकारी अधिकारी रवि कुमार ने बताया कि इस प्रशिक्षण उद्देश्य आदिवासी बहुल ग्रामों तक सरकार की योजनाओं को प्रभावी रूप से पहुंचाना और उन्हें मुख्यधारा से जोड़ना है। उन्होंने कहा कि ब्लाक स्तरीय टीम धरातल पर अच्छा कार्य करेगी तो निसंदेह जन जातीय क्षेत्र के लोगों को अधिकाधिक फायदा मिलेगा। तीन दिवसीय प्रशिक्षण के दौरान जिला स्तरीय मास्टर टेञनर्स की ओर से ब्लाक स्तरीय टीम को आदि कर्मयोगी की जिम्मेदारियों पर विस्तार से मार्गदर्शन दिया गया। प्रशिक्षण के दौरान संबंधित गांवों में सड़क, आवास, पेयजल, स्वास्थ्य सुविधा, शिक्षा, महिलाओं और बच्चों से जुड़ी सेवाओं तथा वन विभाग संबंधी विकास योजनाओं के लिए मांग प्रपत्र तैयार करने एवं आदर्श ग्राम बनाने की दिशा में कार्ययोजना बनाई गई। इस दौरान मास्टर टेञनर्स की ओर से बताया गया कि जनजातीय गांव विजन निर्माण एक परिवर्तन कार्य प्रक्रिया है, जो जनजाति समुदाय को अपनी आकांक्षाओं को अभिव्यक्त करने, अपने सांस्कृतिक विरासत को सुरक्षित करने और उनके विकास की दिशा में एक स्थाई मार्ग निर्धारित करने में सक्षम बनाती है। इसमें सामूहिक लक्ष्य की पहचान करने, स्थानीय चुनौतियों का समाधान करने और प्रगति के लिए पारंपरिक ज्ञान का लाभ उठाने के लिए सहभागी समाज को बढ़ावा देना शामिल है। जल, स्वच्छता, ग्रामीण विकास, स्वास्थ्य, शिक्षा और वन जैसे विभागों के अधिकारियों को ब्लॉक स्तरीय टीम में शामिल होकर गांव का विकास करना है। इस दौरान अधिशाषी अभियंता प्रदीप जैन, अतिरिक्त विकास अधिकारी लूणाराम राईसल समेत विभिन्न विभागीय अधिकारी उपस्थित रहे।

## मुख्यमंत्री आयुष्मान दुर्घटना बीमा योजना हेतु SIPF विभाग के जिला कार्यालय होंगे सहायता केन्द्र

**फलौदी,( हुक्मनामा समाचार )।** जोधपुर राज्य बीमा एवं प्रावधायी निधि विभाग (SIPF) के जिला कार्यालय अब मुख्यमंत्री आयुष्मान दुर्घटना बीमा योजना के Dedicated सहायता केन्द्र के रूप में कार्य करेंगे। विभाग द्वारा आमजन को योजना का अधिकतम लाभ दिलाने और मध्यस्थों की भूमिका समाप्त करने के उद्देश्य से यह व्यवस्था की गई है। साथ ही जिला स्तर पर District Help Line भी स्थापित की गई है, जहां लाभार्थी सीधे संपर्क कर आवश्यक मार्गदर्शन ले सकेंगे। मुख्यमंत्री आयुष्मान दुर्घटना बीमा योजना, प्रदेश के जरूरतमंद, असहाय एवं अल्प आय वर्ग के परिवारों को दुर्घटना की स्थिति में आर्थिक संबल प्रदान करने के लिए संचालित की जा रही है। इस योजना के तहत रेल, वायु एवं सड़क दुर्घटनाएं, ऊँचाई से गिरना अथवा किसी वस्तु के गिरने से चोट लगना, मकान ढहने, थ्रेशर/आरा/कुट्टी मशीन जैसी उपकरणों से दुर्घटनाएं, बिजली का झटका, डूबना, जलना तथा रासायनिक द्रव्यों से हुई दुर्घटनाएं शामिल हैं। योजना में अधिकतम 10 लाख रुपये प्रति परिवार प्रति वर्ष तक की सहायता राशि उपलब्ध है। योजना में दावा प्रस्तुत करना सरल है और इसे MADBY पोर्टल अथवा ई-मित्र केंद्र के माध्यम से सीधे ऑनलाइन किया जा सकता है। विभाग ने स्पष्ट किया है कि पीड़ित परिवार को किसी भी प्रकार के मध्यस्थ की आवश्यकता नहीं है। कई बार मध्यस्थों द्वारा लाभार्थियों से खाली चेक या धनराशि मांगे जाने की शिकायतें मिली हैं।

## बालोतरा और सिणधरी में दिवाली के लिए अस्थायी ग्रीन पटाखों की दुकानें लगाने की तैयारी

**बालोतरा,( हुक्मनामा समाचार )।** हर वर्ष की भांति बालोतरा जिले में बालोतरा शहर व सिणधरी कस्बे में दीपावली के पर्व पर अत्यधिक भीड़-भाड़ को ध्यान में रखते हुए अस्थाई ग्रीन आतिशबाजी अनुज्ञापत्र जारी करने हेतु जिला कलक्टर सुशील कुमार यादव ने व्यवस्थाओं को सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। अतिरिक्त जिला कलक्टर अशोक कुमार ने बताया कि बालोतरा शहर में लूणी नदी के किनारे छतरियों का मोर्चा बालोतरा पर अस्थाई आतिशबाजी अनुज्ञापत्र जारी किए जायेंगे। आतिशबाजी के अस्थाई आतिशबाजी अनुज्ञापत्र हेतु 23 सितंबर तक आवेदन पत्र उपखण्ड कार्यालय बालोतरा में जमा होंगे। उपखण्ड मजिस्ट्रेट बालोतरा, उपाधीक्षक पुलिस, बालोतरा व आयुक्त नगर परिषद बालोतरा के साथ 23 सितंबर से पूर्व लूणी नदी के किनारे छत्रियों का मोर्चा बालोतरा का व्यवस्था संबंधी संयुक्त निरीक्षण कर, रिपोर्ट उपलब्ध करवायेंगे। उन्होंने बताया कि 26 सितंबर से पूर्व आयुक्त, नगर परिषद बालोतरा व उपखण्ड मजिस्ट्रेट, बालोतरा की मौजूदगी में लॉटरी द्वारा दुकानों का आवंटन कर सूची मय दुकान नम्बर 26 सितंबर को उपखण्ड मजिस्ट्रेट, बालोतरा को प्रस्तुत करेंगे। उपखण्ड मजिस्ट्रेट, बालोतरा प्राप्त होने वाले आवेदन पत्र वरीयतानुसार सूची मय दुकान नम्बर, चालान नम्बर (निर्धारित प्रपत्र व सॉफ्ट कोपी सहित) 03 अक्टूबर कार्यालय जिला कलक्टर एवं जिला मजिस्ट्रेट, बालोतरा में प्रस्तुत करेंगे।

## नगर परिषद व उन्नति संस्थान की पहल से स्वच्छता में नई शुरुआत




**फलौदी,( हुक्मनामा समाचार )।** नगर परिषद एवं उन्नति संस्थान के संयुक्त प्रयासों से वार्ड संख्या 31 आदर्श नगर में ठोस कचरा प्रबंधन एसडब्ल्यूएम का पायलट मॉडल लागू किया गया है। इस योजना का उद्देश्य स्रोत स्तर पर कचरे का पृथक्करण, नियमित संग्रहण, प्रोसेसिंग और नागरिक सहयोग से स्वच्छ एवं सतत वातावरण तैयार करना है। नगर परिषद आयुक्त विक्रम सिंह चारण ने बताया कि प्रोजेक्ट से सकारात्मक परिणाम मिल रहे हैं। वार्ड में कचरे के सेकेंडरी पॉइंट, पार्क, शौचालय एवं सार्वजनिक स्थलों का मैप तैयार किया गया। सफाई व्यवस्था सुधारने के लिए गलियों की झाड़ियाँ हटवाई गईं और नियमित कचरा साफ कराया गया। ठोस कचरा प्रबंधन को सुदृढ़ बनाने के लिए पूर्व में नागरिक संवाद आयोजित कर आमजन को सहयोग हेतु प्रेरित किया गया। सफाई कार्मिकों को सुरक्षा व कौशल संबंधी प्रशिक्षण दिया गया। कचरा गाड़ियों के लिए रूट मैप तैयार किया गया तथा सिंगल बिन की जगह डबल बिन प्रणाली लागू की गई। इसके तहत 250 घरों से गीला व सूखा कचरा अलग-अलग एकत्र किया जा रहा है। निवासियों को जागरूक करने के लिए संवाद व चर्चाएँ भी हुईं, जिनसे नागरिकों ने कचरे के पृथक्करण में उत्साह दिखाया।

## पोकरण-फलसूंड बालोतरा परियोजना से जुड़े गांवों में दो दिन बाधित रहेगी जलापूर्ति

**बालोतरा।** जन स्वास्थ्य अभियांत्रिकी विभाग के अधिशाषी अभियंता छ्त्राराम ने बताया कि पोकरण फलसूंड बालोतरा और सिवाना परियोजना की मुख्य पाइपलाइन में भणियाणा गांव के पास लीकेज होने के कारण बालोतरा शहर सहित परियोजना से जुड़े सभी गांवों में आगामी दो दिनों तक जल आपूर्ति बाधित रहेगी। उन्होंने सभी जल उपभोक्ताओं से सहयोग की अपील करते हुए जल का मितव्ययिता से उपयोग करने का आग्रह किया है। उन्होंने बताया कि विभाग द्वारा लीकेज को जल्द ठीक किया जाएगा, ताकि सामान्य जलापूर्ति बहाल की जा सके।

## फलौदी दुर्ग महोत्सव 29-30 सितम्बर को सांस्कृतिक धरोहरों को मिलेगी नई पहचान



**फलौदी,( हुक्मनामा समाचार )।** जिला कलक्टर श्वेता चौहान की अध्यक्षता में शुक्रवार को कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में जिला पर्यटन विकास समिति की बैठक आयोजित हुई। बैठक में पर्यटन गतिविधियों को बढ़ावा देने और सांस्कृतिक धरोहरों के संरक्षण हेतु अहम निर्णय लिए गए। बैठक का मुख्य आकर्षण रहा आगामी फलौदी दुर्ग महोत्सव, जो 29 और 30 सितम्बर को भव्य रूप से आयोजित किया जाएगा। जिला कलक्टर ने कहा कि यह आयोजन फलौदी को पर्यटन मानचित्र पर स्थापित करने की दिशा में बड़ा कदम है। उन्होंने विभागवार दायित्व तय करने और कार्यक्रम को यादगार बनाने के निर्देश दिए। महोत्सव की खास झलकियां राजस्थान की लोकसंस्कृति को प्रदर्शित करने वाले लोकनृत्य और लोकगीतों की प्रस्तुतियां हस्तशिल्प एवं लोककला प्रदर्शनी, जिसमें स्थानीय कारीगरों को मिलेगा मौका ऐतिहासिक दुर्ग का प्रकाश एवं ध्वनि कार्यक्रम , जो दर्शकों को इतिहास से रूबरू कराएगा सांस्कृतिक झांकियां और पर्यटन से जुड़े प्रदर्शन व प्रतियोगिताएं इसके साथ ही खीचन स्थित कुरजा स्थली की सफाई व सुविधाओं के सुदृढ़ीकरण पर भी विशेष जोर दिया गया। जिला कलक्टर ने कहा कि जिले की सांस्कृतिक और प्राकृतिक धरोहरें वैश्विक स्तर पर पहचान रखती हैं, इसलिए उनके संरक्षण के लिए विभागों को समन्वित प्रयास करने होंगे।बैठक में दिसंबर माह में कुरजा महोत्सव आयोजित करने का भी निर्णय लिया गयाबैठक में एसीईओ गौतम चौधरी, पर्यटन विभाग के सहायक निदेशक शरद व्यास सहित अन्य अधिकारी उपस्थित रहे। कैसे मिले पर्यटक गतिविधि को गति - पर्यटन गतिविधियों को गति मिले इसके लिए जनसभागिता के साथ टूरिस्ट वॉक पुराने शहर फलोदी में जरूरी है। आध्यामिक, फूड और कल्चर का सत्कार हो, होटल व्यवसाई दिसंबर में रियायती पैकेज दे ताकि पर्यटक आकर्षित हो।- हेमंत थानवी (सामाजिक कार्यकर्ता, फलोदी में पर्यटन के लिए प्रयासरत।

## आज होगी राष्ट्रीय लोक अदालत, पक्षकारों को मिलेगा सस्ता, सुलभ और शीघ्र न्याय

**फलोदी,( हुक्मनामा समाचार )।** राजस्थान राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण, जयपुर के निर्देशानुसार समस्त राजस्थान की भांति जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, जोधपुर जिला एवं फलोदी के तत्वावधान में आज दिनांक 13 सितम्बर 2025 को जिले के सभी न्यायिक न्यायालयों में एक दिवसीय राष्ट्रीय लोक अदालत का आयोजन किया जाएगा। जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, फलोदी के सचिव किरण कुमार चौहान ने बताया कि राष्ट्रीय लोक अदालत किसी एक विषय तक सीमित न होकर सभी प्रकार के उपयुक्त प्रकरणों जैसे शमनीय दाण्डिक अपराध, 138 एन.आई. एक्ट, एम.ए.सी.टी. प्रकरण, पारिवारिक व वैवाहिक विवाद, धन वसूली, श्रम विवाद तथा अन्य सिविल मामलों में आयोजित की जाएगी। इसके साथ ही बैंक व अन्य वित्तीय संस्थाओं के प्री-लिटिगेशन प्रकरण भी इस लोक अदालत में रखे जाएंगे। उन्होंने बताया कि पक्षकार यदि अपने लम्बित प्रकरण लोक अदालत के माध्यम से निस्तारित करवाते हैं तो उन्हें अनेक लाभ प्राप्त होते हैं। इनमें प्रमुख हैं 1. सस्ता एवं सुलभ न्याय 2. सिविल कोर्ट के आदेश की तरह पालन योग्य निर्णय 3. कोर्ट फीस की वापसी 4.अंतिम रूप से प्रकरण का निपटारा 5.समय की बचत चौहान ने जिले के समस्त पक्षकारों से अपील की है कि वे न्यायालय में लम्बित अपने प्रकरणों को इस राष्ट्रीय लोक अदालत में प्रस्तुत कर समाधान का लाभ उठाएं। उन्होंने कहा कि लोक अदालत के माध्यम से आपसी सहमति से विवादों का त्वरित निपटारा होता है, जिससे न केवल पक्षकारों का समय व धन बचता है बल्कि समाज में सौहार्द और न्याय की सहज पहुँच भी सुनिश्चित होती है।

## साण्डेराव व दुजाना में अंग्रेजी माध्यम स्कूल में व्याख्याता व वरिष्ठ अध्यापक नहीं अब कैसे होगी बच्चों की पढ़ाई



**सुमेरपुर,( हुक्मनामा समाचार )।** सहित आस-पास ग्रामीण क्षेत्रों में 12 वीं कक्षा तक शिक्षा का अध्यन करवानें वालें व्याख्याताओं समेत शिक्षकों का टोटा पड़ गया है।विधार्थियों का जीवन अंधकारमय में डूब रहा है। साथ ही भामाशाह परिवार की और से करोड़ो की लागत से निर्मित विधालय भवन भी नकारा साबित होने से भामाशाह परिवार की अंतर आत्मा दुखी हैं। सांडेराव के पास दुजाना गांव के श्रीमती सुमित्रा देवी पन्नालालजी राणावत चेरिटेबल ट्रस्ट की और से करोड़ो रुपए की लागत से गांव में निर्माणाधीन राजकीय उच्च माध्यमिक अंग्रेजी माध्यम विधालय में उच्च कक्षाओं को पढ़ाने वालों का टोटा है। यहां व्याख्याता एवं वरिष्ठ अध्यापकों के सभी पद रिक्त हैं। जिससे 9 वी से 12 वी के विद्यार्थीयों को पढ़ाने वाला कोई नहीं है। नवमी और दसवी के क्लास खाली जा रहे हैं। स्कूल में विज्ञान संकाय स्वीकृत है लेकिन 11वीं और 12वीं कक्षा को पढ़ाने के लिए व्याख्याता नहीं है,प्रधानाचार्य का पद भी खाली है।गांव के सरकारी विधालय में भी निजी विद्यालय की तरह अंग्रेजी मीडियम से पढ़ाई हो इसको लेकर राज्य सरकार ने 2022 में आठवीं कक्षा तक के हिंदी मिडियम स्कूल को अंग्रेजी माध्यम स्कूल में परिवर्तित कर 12 वी तक में क्रमोन्नत किया गया। यहां पर नर्सरी से 12 वी तक संचालित इस विधालय में 361 विधार्थी अध्यनरत है। जिनको पढ़ाने के लिए दो संविदा शिक्षिका एवं दो एनटीटी शिक्षक सहित 5 तृतीय श्रेणी शिक्षक है,जिसमें 5 शिक्षक लेवल वन एवं लेवल टू के लिए केवल दो संविदा शिक्षिका कार्यरत हैं।एक लेवल टू गणित का शिक्षक प्रतिनियुक्ति पर दुसरी जगह लगा हुआ है। दो शिक्षक पुर्व प्राथमिक कक्षाओं के लिए लगे हुए हैं।एक तृतीय श्रेणी लेवल वन के शिक्षक को कार्यवाहक प्रधानाचार्य का जिम्मा सौंप रखा है। वह सरकारी डाक एवं अन्य कार्यों में उलझा रहता है। ऐसे में बच्चों की पढ़ाई राम भरोसे है। वहीं चतुर्थ श्रेणी कर्मचारी नहीं होने से बाल वाटिका कक्षाओं में लगे सहयोगी स्टाफ से स्कूल भवन की सफाई सहित अन्य कार्य करवाने पड़ रहे हैं।अभिभावकों ने बताया स्कूल में शिक्षको की कमी को लेकर कई बार उच्च अधिकारियों व जनप्रतिनिधियों को अवगत कराया गया लेकिन अभी तक शिक्षक नहीं लगाएं है। इस स्कूल में पढ़ने वाले विधार्थी अब टी सी लेकर अन्य स्कूल में जाने को मजबूर हैं।

## भा.वि.प. शाखा भीनमाल द्वारा गुरु वंदन छात्र अभिनन्दन कार्यक्रम आयोजित



**भीनमाल,( हुक्मनामा समाचार )।** भारत विकास परिषद शाखा भीनमाल द्वारा 12 सितंबर शुक्रवार को चाणक्य विद्या पीठ उच्च माध्यमिक विद्यालय रबारियों की ढाणी भीनमाल में एक गरिमामय एवं प्रेरणादायी गुरु वंदन छात्र अभिनन्दन कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस अवसर पर परिषद के पदाधिकारी, सदस्य एवं शिक्षक गण उपस्थित रहे। कार्यक्रम का शुभारंभ सरस्वती माँ, भारत माता और स्वामी विवेकानंद की तस्वीर पर माल्यार्पण और दीप प्रज्वलित एवं वन्देमातरम गा कर किया गया। इसके पश्चात शाखा सचिव परसराम कंसारा ने उपस्थित पदाधिकारियों का परिचय करवाया भारत विकास परिष प्रांतीय प्रकल्प प्रभारी डॉक्टर प्रेमराज परमार ने परिषद द्वारा भारत विकास परिषद की विभिन्न गतिविधियों एवं प्रकल्पों की विस्तृत जानकारी दी गई । कार्यक्रम के प्रमुख वक्ता कन्हैयालाल खण्डेलवाल ने आज के समय में गुरु वंदन छात्र अभिनन्दन कार्यक्रम की महत्ता पर प्रकाश डालते हुए कहा कि यह आयोजन प्राचीन काल से चली आ रही गुरु-शिष्य परम्परा को सुदृढ करने और विद्यार्थियों में संस्कारों का संचार करने का माध्यम है।

## अंग्रेजी, हिंदी एवं गणित के अभ्यर्थियों को विस्तृत ऑनलाइन आवेदन सबमिट करने का अंतिम अवसर

**अजमेर,( हुक्मनामा समाचार )।** राजस्थान लोक सेवा आयोग द्वारा माध्यमिक शिक्षा विभाग हेतु आयोजित प्राध्यापक एवं कोच (स्कूल शिक्षा) प्रतियोगी परीक्षा 2024 के अंतर्गत अंग्रेजी, हिंदी और गणित विषयों के लिए पहले जारी की गई विचारित सूची में सम्मिलित ऐसे अभ्यर्थियों , जिन्होंने प्रदत्त अवसरों के उपरांत विस्तृत ऑनलाइन आवेदन पत्र जमा नहीं किया था, को इस संबंध में अंतिम अवसर दिया गया है। ये अभ्यर्थी 13 से 18 सितंबर 2025 (रात्रि 11:59 बजे ) तक अपना विस्तृत आवेदन पत्र ऑनलाइन जमा कर सकते हैं। इसके साथ ही भूगोल (4 सितंबर 2025 को जारी) तथा संस्कृत (9 सितंबर 2025 को जारी) विषयों की विचारित सूची में सफल अभ्यर्थियों को भी ऑनलाइन विस्तृत आवेदन पत्र भरने के लिए दिशा-निर्देश दिए गए हैं। महत्वपूर्ण तिथियाँ और निर्देश भूगोल विषय के लिए- ऑनलाइन विस्तृत आवेदन 11 से 17 सितंबर 2025 (रात्रि 11:59 बजे तक) भरे जा सकते हैं। संस्कृत विषय के लिए- ऑनलाइन विस्तृत आवेदन 12 से 18 सितंबर 2025 (रात्रि 11:59 बजे तक) भरे जा सकते हैं।

### मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा की पहल से संवर रहा गरीब और वंचित वर्ग के युवाओं का करियर

# 30 हजार विद्यार्थियों को प्रतियोगी परीक्षाओं की फ्री कोचिंग कराएगी राज्य सरकार

**मुख्यमंत्री अनुप्रति निःशुल्क कोचिंग योजना में अब 30 सितंबर तक आवेदन**

**जयपुर ( हुक्मनामा समाचार )।** मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा के नेतृत्व में राज्य सरकार गरीब और वंचित वर्ग के युवाओं को आगे बढ़ने के लिए भरपूर अवसर उपलब्ध करवा रही है। इस वर्ष सरकार 30 हजार छात्र-छात्राओं को मेडिकल, इंजीनियरिंग और प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी के लिए निःशुल्क कोचिंग सुविधा उपलब्ध करवाएगी। मुख्यमंत्री अनुप्रति निःशुल्क कोचिंग योजना 2025-26 के तहत प्रतिष्ठित संस्थानों में निशुल्क कोचिंग के लिए युवा अब 30 सितंबर तक आवेदन कर सकेंगे।

सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता मंत्री अविनाश गहलोत ने कहा कि अनुसूचित जाति, अनुसूचित जनजाति, ओबीसी, ईडब्ल्यूएस, दिव्यांगजन सहित सभी पात्र युवाओं के हित को ध्यान में रखते हुए इस योजना की अंतिम तिथि 14 सितंबर से बढ़ाकर 30 सितंबर कर दी गई है। अधिक से अधिक युवा इस योजना का लाभ लेने के लिए एसएसओ आईडी के माध्यम से पंजीकरण कराएं। मुख्यमंत्री अनुप्रति कोचिंग योजना का उद्देश्य विद्यार्थियों को विभिन्न प्रोफेशनल कोर्स की प्रवेश परीक्षाओं एवं सरकारी नौकरियों के लिए आयोजित होने वाली प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी कोचिंग संस्थानों के माध्यम से उत्कृष्ट ढंग से करवा कर रोजगार के समान अवसर प्रदान करना है।

उल्लेखनीय है कि मुख्यमंत्री अनुप्रति कोचिंग योजना के तहत विभिन्न प्रोफेशनल कोर्स जैसे- मेडिकल, इंजीनियरिंग, सीए, सीएस, सीएमए, क्लैट के लिए आयोजित प्रवेश परीक्षाओं, यूपीएससी द्वारा आयोजित सिविल सेवा एवं सीडीएस परीक्षा, आरपीएससी द्वारा आयोजित आरएएस, पुलिस सब इंस्पेक्टर परीक्षा, आरएसएसबी द्वारा पटवारी, कनिष्ठ सहायक परीक्षा, आरआरबी एवं एसएससी द्वारा आयोजित परीक्षाओं, बैंकिंग एवं इंश्योरेन्स की भर्ती परीक्षाओं, रीट एवं कांस्टेबल परीक्षा के लिए आयोजित होने वाली प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी उत्कृष्ट ढंग से कराने के अवसर प्रदान किए जाते हैं।

**सरकार ने फसल वर्ष 2025-26 के मद्देनजर**

## मध्य प्रदेश, राजस्थान और उत्तर प्रदेश में अफीम पोस्त की खेती के लिए वार्षिक लाइसेंसिंग नीति की घोषणा की

**नई दिल्ली।** केंद्र सरकार ने शुक्रवार को मध्य प्रदेश, राजस्थान और उत्तर प्रदेश के किसानों के लिए अफीम पोस्त की खेती के लाइसेंस संबंधी वार्षिक लाइसेंसिंग नीति की घोषणा की। यह नीति 1 अक्टूबर, 2025 से 30 सितंबर, 2026 फसल वर्ष के दौरान जारी रहेगी। नीति की सामान्य शर्तों के अनुसार, इन राज्यों में लगभग 1.21 लाख किसान अफीम की खेती के लाइसेंस प्राप्त करने के पात्र है। यह पिछले फसल वर्ष में जारी किए गए लाइसेंसों की संख्या से 23.5 प्रतिशत अधिक है । इस प्रकार लगभग 15,000 अतिरिक्त किसान इस नीति से जुड़े है, जिन्हें इस वर्ष अफीम की खेती से लाभ मिलने की उम्मीद है। केंद्र सरकार चिकित्सा और उपशामक देखभाल आवश्यकताओं को पूरा करने के लिए एल्कलॉइड की पर्याप्त आपूर्ति सुनिश्चित करने के लिए निरंतर प्रयास कर रही है। इसके साथ ही, आवश्यक मादक औषधियों के उत्पादन हेतु एल्कलॉइड की आवश्यकताओं को पूरा करने के उद्देश्य से, स्वदेशी और आत्मनिर्भर उपायों के माध्यम से प्रसंस्करण क्षमता बढ़ाने के प्रयास जारी हैं। मौजूदा अफीम गोंद उत्पादकों को बनाए रखना जिन्होंने प्रति हेक्टेयर 4.2 किलोग्राम या उससे अधिक औसत मॉर्फिन उपज (एमक्यूवाई-एम) हासिल की है।

## मत्स्य सेवा संवर्ग के विभिन्न पदों पर पदोन्नति के लिए डीपीसी की बैठक आयोजित

**जयपुर।** शुक्रवार को शासन सचिवालय में अयुब खान, सदस्य, राजस्थान लोक सेवा आयोग की अध्यक्षता में मत्स्य विभाग के विभागीय पदोन्नति समिति की बैठक आयोजित हुई। बैठक में डॉ समित शर्मा, शासन सचिव, मत्स्य विभाग, दिनेश कुमार शर्मा, संयुक्त शासन सचिव, कार्मिक विभाग एवं संचिता बिश्नोई, निदेशक, मत्स्य विभाग समिति सदस्य के रूप में उपस्थित रहे। मत्स्य विभाग में मत्स्य राज्य सेवा के संयुक्त निदेशक, उप निदेशक एवं सहायक निदेशक तथा मत्स्य अधीनस्थ सेवा के सहायक मत्स्य विकास अधिकारी के रिक्त पदों पर वर्ष 2024-25 एवं 2025-26 की रिक्तियों के विरूद्ध पदोन्नति के लिए यह बैठक आयोजित हुई। इस विभागीय पदोन्नति समिति की बैठक में 02 अधिकारियों को संयुक्त निदेशक के पद पर, 03 अधिकारियों को उप निदेशक के पद पर तथा 02 कर्मचारियों को सहायक मत्स्य विकास अधिकारी के पद पर पदोन्नत किया गया।

## केन्द्रीय वित्त आयोग (शहरी) अनुदान के तहत राजस्थान को 541 करोड़ रुपये जारी

**जयपुर।** मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने कहा कि यशस्वी प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के मार्गदर्शन में राज्य सरकार शहरों में आधारभूत ढांचे के विकास के लिए कार्ययोजना बनाकर पूर्ण प्रतिबद्धता से काम कर रही है। साथ ही, राजस्थान में स्कूली शिक्षा को मजबूत बनाने के लिए समग्र शिक्षा अभियान के मुख्य उद्देश्यों की प्राप्ति भी सुनिश्चित की जा रही है। शर्मा ने कहा कि राजस्थान में शहरी विकास को गति प्रदान करने और शिक्षा के क्षेत्र को मजबूत बनाने के लिए निरंतर केन्द्र सरकार का सहयोग प्राप्त हो रहा है। इसी क्रम में केन्द्र सरकार ने केन्द्रीय वित्त आयोग (शहरी) अनुदान की 541 करोड़ रुपये की राशि जारी कर दी है। साथ ही, केन्द्रीय शिक्षा मंत्रालय ने प्रदेश में समग्र शिक्षा अभियान के लिए 580 करोड़ रुपये भी जारी कर दिए हैं। उल्लेखनीय है कि मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने केन्द्रीय आवासन एवं शहरी कार्य मंत्री मनोहर लाल एवं केन्द्रीय शिक्षा मंत्री धर्मेन्द्र प्रधान से प्रदेश की विभिन्न आवश्यकताओं को लेकर विगत समय में मुलाकात की थी।

## आरटीओ में भी अब ऑनलाइन चालान सिस्टम

**जयपुर।** प्रदेश में अब आरटीओ इंस्पेक्टर और अन्य अधीनस्थ अधिकारी चालान कम्पाउंड के दौरान नकद राशि नहीं ले सकेंगे। ये चालान अब ऑनलाइन ही जमा करवाने होंगे। सरकार ने इस संबंध में आदेश जारी किए हैं। दरअसल सरकार अब ऑनलाइन चालान करने की प्रक्रिया पर तेजी से काम कर रही है।

### मिलेट आउटलेट्स खोलने की दिशा में सहकारिता विभाग की अहम उपलब्धि

## आमजन में लोकप्रिय हो रहे मिलेट आउटलेट्स, सहकारी समितियों की बढ़ रही आय

- निर्धारित लक्ष्य की तुलना में खोले जा चुके 4 गुना से अधिक आउटलेट्स

**जयपुर ( हुक्मनामा समाचार )।** राज्य में सहकारी संस्थाओं द्वारा मिलेट आउटलेट्स खोलने की दिशा में सहकारिता विभाग अहम उपलब्धियां हासिल कर रहा है। राज्य में अब तक 152 मिलेट आउटलेट्स खोले जा चुके हैं जो निर्धारित लक्ष्य की तुलना में लगभग साढ़े चार गुना अधिक हैं। ग्राम सेवा सहकारी समिति स्तर तक खोले जा रहे ये मिलेट आउटलेट्स आमजन के बीच खास लोकप्रिय हो रहे हैं और बड़ी संख्या में लोग अन्न को अपना रहे हैं। सहकारिता विभाग की प्रमुख शासन सचिव एवं रजिस्ट्रार, सहकारी समितियां मंजू राजपाल ने बताया कि सितम्बर माह के अंत तक कॉनफेड एवं जिला सहकारी उपभोक्ता भण्डारों के माध्यम से 34 मिलेट आउटलेट्स खोलने का लक्ष्य निर्धारित किया गया था, लेकिन सहकारी समितियों की दिलचस्पी और आमजन के रूझान के चलते आदिनांक तक ही 152 मिलेट आउटलेट्स खोले जा चुके हैं। कॉनफेड और जिला सहकारी उपभोक्ता भण्डारों के साथ ही क्रय-विक्रय सहकारी समितियों एवं ग्राम सेवा सहकारी समितियों के स्तर पर तेजी से मिलेट आउटलेट्स खोले जा रहे हैं। राजपाल ने बताया कि राज्य सरकार की बजट घोषणा की अनुपालना में अन्न उत्पादों की आमजन तक पहुंच बढ़ाने, प्रचलन में लाने तथा सहकारिता एवं राजीविका के स्वयं सहायता समूहों के मिलेट उत्पादों की बिक्री से रोजगार के अवसर सृजित करने के लिए




राज्य भर में ये मिलेट आउटलेट्स खोले जा रहे हैं। विगत 17 जुलाई को केन्द्रीय गृह एवं सहकारिता मंत्री अमित शाह द्वारा सहकार एवं रोजगार उत्सव के दौरान 64 मिलेट आउटलेट्स का शुभारम्भ किया गया था।

प्रमुख शासन सचिव ने बताया कि इन आउटलेट्स पर आमजन को अन्न तथा अन्न से बने उत्पाद उचित दामों पर उपलब्ध हो रहे हैं। सहकारी संस्थाओं के साथ-साथ राजीविका की महिला स्वयं सहायता समूहों द्वारा उत्पादित मिलेट्स उत्पादों को भी इन मिलेट विक्रय केन्द्रों पर बिक्री हेतु रखा जा रहा है। मिलेट आउटलेट्स पर उपलब्ध उत्पादों में सावां, कुटकी, कोदो, कांगनी और छोटी कांगनी के साथ ही मिलेट मिक्स, रोस्टेड ज्वार, रोस्टेड बाजरा, रागी के बिस्किट, ओट्स बिस्किट, कुकीज, अन्न का दलिया, रागी के फ्लेक्स, सावां के रोस्टेड फ्लेक्स आदि प्रमुख है। उन्होंने बताया कि 'सहकार से समृद्धि' परिकल्पना के अंतर्गत राज्य का यह नवाचार निरन्तर सफलता की ओर अग्रसर है और इससे सहकारी समितियों की आय में वृद्धि हो रही है।

कॉनफेड के मैनेजर (मार्केटिंग) हनुमान अग्रवाल ने बताया कि नेहरू सहकार भवन स्थित कॉनफेड स्टोर में संचालित मिलेट आउटलेट में विगत दिनों में बिक्री में जबर्दस्त वृद्धि हुई है। यहां प्रतिमाह लगभग 1.50 लाख रुपये के उत्पादों की बिक्री हो रही है। स्टोर पर अन्न उत्पाद बिक्री के लिए रखे जाने के बाद से खरीददारों की आवाजाही बढ़ी है। उन्होंने बताया कि अन्न से बने उत्पाद यथा- मिलेट्स बिस्किट, मिलेट्स की रोस्टेड नमकीन, मिलेट्स से बने नूडल्स और पोहा आदि की विशेष मांग है। स्वास्थ्य के प्रति जागरूक लोग अन्न के उत्पादों को अपनी थाली में शामिल कर रहे हैं।

गंगानगर सहकारी उपभोक्ता होलसेल भण्डार लि. के सुपर बाजार प्रभारी अभितेष मिगलानी ने बताया कि मिलेट आउटलेट की शुरूआत से ही लोगों का अन्न उत्पादों के प्रति अच्छा रूझाने देखने को मिल रहा है और उत्पादों की बिक्री में निरन्तर वृद्धि हो रही है।

## ब्लूटूथ से चीटिंग कर पास हुए दो जूनियर क्लर्क गिरफ्तार




**जयपुर।** स्पेशल ऑपरेशन ग्रुप (एसओजी) ने नकल कर बने दो जूनियर क्लर्क को शुक्रवार दोपहर गिरफ्तार कर लिया। राजस्थान हाईकोर्ट की ओर से कनिष्ठ न्यायिक (सहायक लिपिक ग्रेड सेकेंड और लिपिक ग्रेड सेकेंड) के पदों पर सीधी भर्ती के लिए संयुक्त प्रतियोगी परीक्षा-2022 में दोनों आरोपी ब्लूटुथ से चीटिंग कर पास हुए थे। नकल गिरोह के मास्टर माइंड से दोनों आरोपियों से 5-5 लाख रुपए में सौदा किया था। पिछले करीब 6 महीने से अधिक समय से दोनों आरोपी फरार चल रहे थे। एडीजी (एसओजी एवं एटीएस) वी.के.सिंह ने बताया- ब्लूटूथ से चीटिंग कर जूनियर क्लर्क बनने वाले आरोपी राकेश जाखड़ (24) पुत्र चैनाराम जाखड़ और ओमप्रकाश जाट (30) पुत्र घासीराम जाट निवासी कुचेरा नागौर को अरेस्ट किया है। जूनियर क्लर्क राकेश जाखड़ वर्तमान में अतिरिक्त मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट क्रम संख्या-4 उदयपुर के पदस्थापित था। वह पिछले करीब 8 महीने से स्वैच्छिक रूप से अनुपस्थित होकर फरार चल रहा था। राकेश जाखड़ का छोटा भाई बीरबल जाखड़ भी इसी परीक्षा में ब्लूटूथ डिवाइस से नकल करके जूनियर क्लर्क के पद पर चयनित हुआ था। बीरबल जाखड़ को पूर्व में अरेस्ट किया जा चुका है।

**आबकारी एमनेस्टी योजना**

## 2025 राजस्व बकाया प्रकरणों पर ब्याज एवं पेनल्टी की शत-प्रतिशत माफी

**जयपुर।** आबकारी विभाग के राजस्व बकाया के पुराने प्रकरणों के शीघ्र समाधान के लिए चल रही आबकारी एमनेस्टी योजना 2025 के तहत बकायादारों को मूल बकाया राशि जमा करवाने पर शत प्रतिशत ब्याज एवं पेनल्टी राशि माफी का लाभ दिया जा रहा है। आबकारी आयुक्त शिवप्रसाद नकाते ने बताया कि आबकारी विभाग के बकायादारों के लिए आबकारी एमनेस्टी योजना- 2025 पुरानी बकाया को जमा करवाने का सुगम अवसर है। इस योजना का लाभ 30 सितम्बर 2025 तक प्राप्त किया जा सकता है। उक्त योजना उन समस्त आबकारी राजस्व बकाया प्रकरणों पर लागू होगी जिसमें राजस्व बकाया 31 मार्च 2022 या उससे पूर्व की है। इस योजना में वे प्रकरण भी सम्मिलित होंगे जिसमें मांग सृजन के आदेश एक अप्रेल 2022 अथवा उसके पश्चात् जारी किए गए है परन्तु मांग 31 मार्च 2022 की अवधि से संबंधित है। आबकारी आयुक्त के अनुसार आबकारी एमनेस्टी योजना- 2025 के तहत 31 मार्च 2020 तक के आबकारी राजस्व बकाया के प्रकरणों योजना की अंतिम तिथि तक मूल बकाया राशि जमा करवाने पर शत प्रतिशत ब्याज एवं पेनल्टी माफी का लाभ दिया जा रहा है।

**राजस्थान पुलिस कॉन्स्टेबल भर्ती परीक्षा | 13 और 14 सितंबर को होगी लिखित परीक्षा**

## 10,000 पदों के लिए 5 लाख से अधिक उम्मीदवार मैदान में

**जयपुर।** राजस्थान पुलिस में 10,000 पदों पर होने वाली बड़ी भर्ती परीक्षा 13 और 14 सितंबर को आयोजित होगी। इस परीक्षा में 5 लाख 24 हजार 740 अभ्यर्थी शामिल होंगे। इसमें कॉन्स्टेबल सामान्य, चालक, बैंड, पुलिस दूरसंचार और हाल ही में गठित तीन महिला बटालियन अमृता देवी, कालीबाई और पदमिनी देवी के पद सम्मिलित हैं। अतिरिक्त महानिदेशक पुलिस (भर्ती एवं पदोन्नति बोर्ड) बिपिन कुमार पाण्डेय ने बताया कि विज्ञापित पदों में कांस्टेबल सामान्य नॉन-टीएसपी के 8512, टीएसपी के 867, चालक नॉन-टीएसपी के 503, टीएसपी के 47, कांस्टेबल बैंड के 71, तीन नवसृजित महिला बटालियनों के 1500 और पुलिस दूरसंचार के 1469 पद शामिल हैं। इनमें महिलाओं के लिए 33 प्रतिशत आरक्षण के तहत 3303 पद रखे गए हैं।

### सुरक्षा और पारदर्शिता के इंतजाम

- अतिरिक्त महानिदेशक पुलिस (एटीएस व एसओजी) वी.के. सिंह ने बताया कि परीक्षा की शुचिता और पारदर्शिता सुनिश्चित करने के लिए सख्त प्रबंध किए गए हैं।
- सभी परीक्षा केन्द्र सीसीटीवी निगरानी में होंगे, पुलिस मुख्यालय पर लाइव मॉनिटरिंग होगी।
- अभ्यर्थियों की बायोमैट्रिक जांच व सघन तलाशी के बाद ही प्रवेश मिलेगा।
- सभी केन्द्रों पर जैमर लगाए गए हैं ताकि इलेक्ट्रॉनिक डिवाइस निष्प्रभावी रहें।
- प्रश्न पत्रों को 9 स्तर की पैकिंग में सुरक्षित रखा गया है और अस्थायी ट्रेजरी रूम में हथियारबंद गार्ड तैनात रहेंगे।
- प्रश्न पत्रों की लोडिंग-अनलोडिंग प्रक्रिया की वीडियोग्राफी होगी।
- ड्यूटी स्टाफ को विशेष पहचान पत्र जारी किए गए हैं।
- संदिग्ध व्यक्तियों और नकल गिरोहों पर निगरानी के लिए जिला पुलिस अधीक्षकों को विशेष निर्देश दिए गए हैं।

### अतिरिक्त व्यवस्थाएँ

**अभ्यर्थियों और उनके अभिभावकों की आवाजाही के लिए रोडवेज और रेलवे अधिकारियों को विशेष निर्देश दिए गए हैं। परीक्षा संबंधी समस्याओं के निवारण हेतु पुलिस मुख्यालय स्तर पर 24 घंटे सक्रिय कंट्रोल रूम स्थापित किया गया है।**

### परीक्षा कार्यक्रम

**13 सितम्बर (शनिवार) :**
- केवल दूसरी पारी में, पुलिस दूरसंचार व चालक पदों की परीक्षा।
- समय : अपराह्न 3 बजे से 5 बजे तक
- 9 जिलों के 280 केंद्रों पर 1,05,846 अभ्यर्थी शामिल होंगे।

**14 सितम्बर (रविवार)**
- पहली पारी (सुबह 10 से 12 बजे): 21 जिलों के 582 केंद्रों पर 2,09,987 अभ्यर्थी।
- दूसरी पारी (दोपहर 3 से 5 बजे) : 21 जिलों के 580 केंद्रों पर 2,08,907 अभ्यर्थी।
- कॉन्स्टेबल बैंड पद के लिए लिखित परीक्षा का प्रावधान नहीं है।

**बीजेपी-आरएसएस सांप्रदायिकता से भरा इतिहास रचना चाहते हैं**

## देश में लोकतंत्र और संविधान खतरे में है-गहलोत

**जयपुर ( हुक्मनामा समाचार )।** पूर्व सीएम अशोक गहलोत ने केंद्र सरकार, बीजेपी और आरएसएस पर देश के इतिहास को बदलकर सांप्रदायिकता वाला इतिहास बनाने का आरोप लगाया है। गहलोत ने कहा ये लोग (बीजेपी, आरएसएस) नया सांप्रदायिकता से भरा इतिहास रचना चाहते हैं। ये इतिहास की बातें भुलाने के लिए देश लिए जवाहरलाल नेहरू तक को नहीं छोड़ रहे। नेहरू के बारे में ऐसी गंदी और घटिया बातें लिखते हैं। इनकी मंशा खतरनाक है। ये भारी गलती कर रहे हैं। देश के इतिहास को भुला रहे हैं। गहलोत जयपुर में जवाहर बाल मंच के कार्यक्रम में बोल रहे थे। गहलोत ने कहा- इतिहास की आलोचना करने से क्या हासिल होता है। ये कभी नहीं कहते कि इंदिरा गांधी और राजीव गांधी ने देश के लिए जान दे दी। जो इतिहास को भुलाते हैं, वे खुद कभी इतिहास नहीं बना पाते। सत्ता



में आज जो बैठे हैं, वे लोग वो गलतियां कर रहे हैं, जो सोच नहीं सकते। केंद्र की सत्ता में बैठे लोगों ने देश की आजादी के आंदोलन में अपनी उंगली तक नहीं कटाई। महात्मा गांधी, पंडित नेहरू, तिलक, गोखले, सरदार भगत सिंह सहित बड़े नाम आते हैं।

**संविधान और लोकतंत्र खतरे में हैं, केंद्र पूजीपतियों की पक्षधर** गहलोत ने कहा- राहुल गांधी आज जो बात बोल रहे हैं, चाहे वोट चोरी की बात हो या संविधान बनाने की बात हो। उसके पीछे के कारणों और मंशा को समझने की जरूरत है। संविधान बचाने की बात कहने के पीछे मंशा क्या है, नौबत क्यों आई, यह सोचना होगा। वो लगातार संविधान बचाओ की बात कह रहे हैं।

**आईटी क्रांति का फायदा विपक्ष उठा रहे** गहलोत ने कहा- राजीव गांधी देश में आईटी क्रांति लेकर आए थे, वो तो चले गए। लेकिन आईटी क्रांति का सबसे ज्यादा फायदा हमारे विपक्ष के लोग उठा रहे हैं। युवाओं को देश के सही इतिहास के बारे में बताना होगा।

## एनजीओ के जरिए बच्चों का ब्रेनवॉश कर रही केंद्र-सरकार -डोटासरा

**जयपुर।** कांग्रेस प्रदेशाध्यक्ष गोविंद सिंह डोटासरा ने केंद्र सरकार पर एनजीओ को फंडिंग करके उसके जरिए बच्चों का ब्रेनवॉश करके उन पर आरएस एस, बीजेपी की विचारधारा थोंपने का आरोप लगाया है। डोटासरा ने कहा- मेरे शिक्षा मंत्री रहते केंद्र से फंडेड एक एनजीओ



वोटर बनने से पहले बच्चों का ब्रेनवॉश करने की नीयत से मेरे पास एमओयू करने आया था। लेकिन मैं उसे पहचान गया कि यह तो आरएसस की विचारधारा थोंपना चाहते हैं। डोटासरा जयपुर में जवाहर बाल मंच की तीन दिन के ट्रेनिंग कैंप के उद्घाटन के मौके पर बोल रहे थे। डोटासरा ने कहा- जब मैं शिक्षा मंत्री था तो मेरे पास एक एनजीओ के लोग आए। उन्होंने कहा- हमसे आप एमओयू कीजिए।

## जीएसटी दरों में बदलाव से सड़क परिवहन और ऑटो सेक्टर को नई रफ्तार

**नई दिल्ली।** भारत की अर्थव्यवस्था की रीढ़ कहे जाने वाले सड़क परिवहन और ऑटोमोबाइल क्षेत्र में हाल ही में बड़ा बदलाव देखने को मिला है। 22 सितंबर 2025 से लागू होने जा रहे जीएसटी दरों में कटौती को विशेषज्ञ एक गेम-चेंजर मान रहे हैं। केंद्रीय वित्त एवं कॉर्पोरेट कार्य मंत्री की अध्यक्षता में हुई जीएसटी परिषद की 56वीं बैठक में यह फैसला लिया गया। ऑटोमोबाइल क्षेत्र का महत्व समझना जरूरी है। भारत में यह क्षेत्र 7% से अधिक जीडीपी में योगदान देता है और करीब 3.5 करोड़ प्रत्यक्ष-अप्रत्यक्ष रोजगार से जुड़ा हुआ है। दोपहिया वाहन से लेकर ट्रैक्टर और बसें न केवल व्यक्तिगत जरूरतें पूरी करते हैं बल्कि कृषि, औद्योगिक उत्पादन और राष्ट्रीय लॉजिस्टिक्स का अहम हिस्सा हैं। वहीं सड़क परिवहन क्षेत्र देश की 65% माल ढुलाई और 85% यात्री परिवहन का भार उठाता है। यानी अगर सड़क परिवहन महंगा होता है तो इसका सीधा असर रोजमर्रा की जिंदगी से लेकर महंगाई और निर्यात तक पर पड़ता है। भारत में जीएसटी (वस्तु एवं सेवा कर) को 2017 में लागू किया गया था ताकि कर संरचना को सरल, पारदर्शी और समान बनाया जा सके। लेकिन ऑटोमोबाइल सेक्टर पर शुरुआती दौर से ही ऊंची दरें लागू थीं। मोटरसाइकिल, कारें, बसें और ऑटो पार्ट्स पर 28% तक जीएसटी लगता था, जिस पर क्लीन एनर्जी उपकर जैसे अतिरिक्त कर भी लगाए जाते थे। इसका परिणाम यह हुआ कि वाहनों की कीमतें अपेक्षाकृत अधिक बनी रहीं और ग्रामीण व निम्न-मध्य वर्ग की खरीदी क्षमता प्रभावित होती रही।

अब जब सरकार ने जीएसटी दरों को घटाकर दोपहिया, कार, बस और वाणिज्यिक वाहनों पर 18% तथा ट्रैक्टरों पर 5% कर दिया है, तो इसका असर बहुस्तरीय होने वाला है। न सिर्फ उपभोक्ताओं को सीधी राहत मिलेगी, बल्कि ऑटो-कंपोनेंट उद्योग, एमएसएमई, किसान, ड्राइवर और ट्रांसपोर्टर - सभी को बड़ा लाभ होगा।

CMYK